


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 30 अगस्त 2024 ■ भाद्र कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-152 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 31 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### मनरेगा कर्मियों के नियमितीकरण के लिए समिति गठित

रायपुर,30अगस्त। छत्तीसगढ़ सरकार ने मनरेगा कर्मियों के नियमितीकरण को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उपमुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर एक 8 सदस्यीय समिति गठित की गई है। यह समिति मनरेगा कर्मियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया को पूरा करने और एचआर नीति बनाने के काम को देखेगी। बीजेपी सरकार बनने से पहले कर्मचारियों से नियमितीकरण का वादा किया गया था, और अब सरकार ने इसे पूरा करने की दिशा में यह कदम उठाया है। समिति को 15 दिनों के अंदर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य में 12 हजार से अधिक मनरेगा कर्मचारियों में इस फैसले को लेकर खुशी की लहर है। यह पहल न केवल कर्मचारियों की स्थिरता को सुनिश्चित करेगी, बल्कि उनके अधिकारों की रक्षा भी करेगी।

### छत्तीसगढ़ भारत के पांच प्रदूषित राज्यों में शामिल

रायपुर,30 अगस्त। प्रदूषण के लिहाज से जहां भारत दुनिया के 252 देशों में दूसरे नंबर पर है, वहीं देश के पांच प्रदूषित राज्यों में छत्तीसगढ़ भी शामिल हो गया है. एयर क्वालिटी इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली, यूपी, बिहार, हरियाणा के बाद छत्तीसगढ़ का स्थान आता है. वहीं प्रदेश के कई ज़िलों में एयर क्वालिटी ख़तरनाक स्तर पर पहुंच चुकी है. सबसे ज्यादा दुर्ग और रायपुर ज़िले की स्थिति खराब है. राज्य में क्रमशः दुर्ग का एक्यूआई 63.52, रायपुर का एक्यूआई 63.45, बेमेतरा का एक्यूआई 61.41 है. वहीं बिलासपुर का एक्यूआई 50.46 , कोरबा का एक्यूआई 41.59 है.

### नगदी समेत सोने चांदी के जेवर पार

कांकेर,30 अगस्त। मेला व्यापारी के घर चोरों ने चोरी की



वारदात को अंजाम दिया। 10 लाख नगदी समेत सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए गए। बताया जा रहा जिस वक्त चोरी हुई उस वक्त घर मर कोई नहीं था। फ़िलहाल पुलिस टीम डॉग स्क्वाड के साथ मौके पर पहुंची और घटना की जाँच में जुड़ी है।

### सिलाई मशीन लेने गई युवती के साथ सामूहिक बलात्कार

कोंडागांव,30 अगस्त। जिले के केशकाल थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ सामूहिक बलात्कार (गैंगरेप) का मामला सामने आया है. पांच दरिंदो ने युवती को अपनी हवस का शिकार बनाया है. पीड़िता ने मामले की शिकायत 20 दिन बाद की है. मामले में एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस ने गैंगरेप की वारदात को अंजाम देने वाले पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के अनुसार, 9 अगस्त की शाम युवती सिलाई मशीन लेने के लिए घर से बाहर निकली थी, तभी पांच युवकों ने उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया. लेकिन बदनामी के डर से पीड़िता और उसके परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई. हालांकि, 29 अगस्त को पीड़िता और उसके परिजन केशकाल थाना पहुंचे और घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 70, 351 (3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू किया. वहीं रिपोर्ट दर्ज करवाने के चंद घंटों में ही कोंडागांव सायबर सेल और केशकाल पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. फिलहाल, आरोपियों से पूछताछ की जा रही है. केशकाल पुलिस प्रेस कांफ्रेंस कर आज सम्पूर्ण मामले का खुलासा कर सकती है.

# आज भारत में होता है दुनिया का आधा रियल टाइम डिजिटल ट्रांजेक्शन

## ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में बोले मोदी

मुंबई,30 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को मुंबई स्थिति जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में शुरू हुए ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 में शामिल हुए. इस दौरान पीएम मोदी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित किया. पीएम मोदी ने कहा कि, भारत में अभी त्योहारों का मौसम है, अभी अभी जन्माष्टमी हमने मनाई है और खुशी देखिए हमारी इकॉनोमी और मार्केट में भी उत्सव का माहौल है. इस फेस्टिव मूड में ये ग्लोबल फिनटेक फैस्टिवल हो रहो रहा है वो भी सपनों की नगरी मुंबई में. प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि, एयरपोर्ट से लेकर फूड और शॉपिंग एक्सपीरियंस तक तक भारत की फिनटेक क्रांति चारों तरफ दिखती है, पिछले 10 साल में फिनटेक स्पेस में 31 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश हुआ है. दस साल में हमारे फिनटेक स्टार्टअप में 500 प्रतिशत वृद्धि हुई है, सस्ते मोबाइल फोन, सस्ते डेटा और जीरो बैलेंस जनधन खातों ने भारत में कमाल कर दिया है. पीएम मोदी ने आगे कहा कि एक दशक में ही ब्रॉडबैंड यूजर 6 करोड़ से बढ़कर 94 करोड़ हो गए हैं. आज 18 वर्ष से ऊपर का शायद ही कोई भारतीय हो जिसके पास उसकी डिजिटल आइडेंटिटी आधार कार्ड नहीं है. आज 530 मिलियन (53 करोड़) लोगों के पास जनधन खाते हो गए हैं. यानी दस साल में हमने पूरी यूरोपियन आबादी के बराबर लोगों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा है. प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि, एयरपोर्ट





से लेकर फूड और शॉपिंग एक्सपीरियंस तक तक भारत की फिनटेक क्रांति चारों तरफ दिखती है, पिछले 10 साल में फिनटेक स्पेस में 31 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश हुआ है. दस साल में हमारे फिनटेक स्टार्टअप में 500 प्रतिशत वृद्धि हुई है, सस्ते मोबाइल फोन, सस्ते डेटा और जीरो बैलेंस जनधन खातों ने भारत में कमाल कर दिया है. पीएम मोदी ने आगे कहा कि एक दशक में ही ब्रॉडबैंड यूजर 6 करोड़ से बढ़कर 94 करोड़ हो गए हैं. आज 18 वर्ष से ऊपर का शायद ही कोई भारतीय हो जिसके पास उसकी डिजिटल आइडेंटिटी आधार कार्ड नहीं है. आज 530 मिलियन (53 करोड़) लोगों के पास जनधन खाते हो गए हैं. यानी दस साल में हमने पूरी यूरोपियन आबादी के बराबर लोगों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा है.


### उप मुख्यमंत्री साव ने कपिल देव से की मुलाकात

रायपुर,30 अगस्त। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज राष्ट्रीय खेल दिवस पर भारत को पहला वन-डे क्रिकेट वर्ल्ड कप दिलाने वाले कप्तान तथा प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कपिल देव से सौजन्य मुलाकात की। नई दिल्ली के छत्तीसगढ़ सदन में हुई मुलाकात के दौरान दोनों के बीच छत्तीसगढ़ में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। उप मुख्यमंत्री अरुण साव इन दिनों नई दिल्ली के प्रवास पर हैं। उन्होंने विगत 27 अगस्त को नई दिल्ली के द्वारका स्थित राज्य के ट्राइबल यूथ हॉस्टल का निरीक्षण कर वहां रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से मुलाकात की थी। साव ने इस दौरान उनसे चर्चा कर उनकी पढ़ाई-लिखाई और हॉस्टल में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली थी। उन्होंने नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ निवास का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया था। उप मुख्यमंत्री साव अपने नई दिल्ली प्रवास के दौरान अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य से जुड़े विषयों पर लगातार चर्चा कर रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग केस का आंकड़ा पहुंचा 82 हजार के पार

नई दिल्ली,30 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग केस का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है. पिछले 10 साल में इमसें 8 गुना का इजाफा हुआ है. सिर्फ 2 बार बढ़ते केसेज पर लगाम लगाई गई है. सुप्रीम कोर्ट में फिलहाल पेंडिंग केस की संख्या 83 हजार के करीब है जो अब तक की सबसे ज्यादा है. गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 2009 में बढ़ाकर 26 से 31 कर दी गई थी. लेकिन इसके बावजूद लंबित केस में कोई कमी नहीं आ रही है. 2013 में स्ट्र में लंबित केस 50 हजार से बढ़कर 66 हजार तक पहुंच गए थे. 2014 में यह घटकर 63 हजार तक आ गए थे. उस वक्त सीजेआई पी सतसिवम और आरएम लोढ़ा थे. बाद में सीजेआई एचएल दत्तू के कार्यकाल के दौरान 2015 में सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग केसेज की संख्या 59 हजार थी. अगले साल यानी 2016 में सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग केसेज की संख्या 63 हजार तक पहुंची. उस वक्त सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ज्ञ.स्र ठाकुर थे. बाद में जस्टिस J.S खेखर के कार्यकाल में सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग केस की संख्या घटकर 56 हजार तक आ गई थी. जस्टिस खेखर ने ही अदालतों में पेपरलेस वर्किंग का प्रस्ताव दिया था.



2018 में जस्टिस दीपक मिश्रा के सीजेआई रहते हुए पेंडिंग केसेज फिर से बढ़ने लगे थे और 57000 तक पहुंच गए थे. इसके बाद आए सीजेआई जस्टिस रंजन गोगोई ने सरकार को सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने के लिए मना लिया था. लेकिन जजों की संख्या बढ़ने के बाद केस भी बढ़े और पेंडेंसी बढ़कर 60 हजार हो गई. कोरोना महामारी आई और मामलों की सुनवाई ठप पड़ गई. इसके बाद वर्चुअल तरीके से सुनवाई फिर शुरू हुई और केसेज की संख्या बढ़कर 65 हजार हो चुकी थी. 2021-22 में भी कोविड का असर रहा और सीजेआई एनवी रमन्ना के कार्यकाल में सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग मामले बढ़ते रहे. 2021 में लंबित केस 70 हजार का आंकड़ा छू गए. वहीं, 2022 के अंत तक इनकी संख्या 79 हजार थी. यही वह समय था जब सीजेआई रमन्ना और यूयू ललित रिटायर हुए और डीवाई चंद्रचूड़ नए सीजेआई बने. बीते 2 साल में 4 हजार और पेंडिंग केस सामने आए और अब यह ऐसे कुल केस 83000 के करीब हैं. कुल पेंडिंग केसेज का एग्जैक्ट आंकड़ा 82,831 है. इसमें 27,604 केसेज एक साल से भी कम पुराने हैं.

# मतदाता सूची में 29 अक्टूबर से जुड़ेंगे नए नाम

रायपुर,30 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़

भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा कर दी है. इस कार्यक्रम के तहत राज्य के नागरिकों को मतदाता सूची में नाम पंजीयन, विलोपन, स्थानांतरण और प्रविष्टि में आवश्यक संशोधन का मौका मिलेगा. यह कार्यक्रम 01 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि को ध्यान में रखकर आयोजित किया जा रहा है. आयोग के जारी कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 29 अक्टूबर, 2024 (मंगलवार) को प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जावेगा और इसी के साथ दावा/आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही प्रारंभ हो जाएगी. सभी नागरिक दिनांक 28 नवम्बर, 2024 (गुरुवार) तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं. इस दौरान दिनांक 09 नवम्बर 2024 (शनिवार), 10 नवम्बर 2024 (रविवार) एवं 16 नवम्बर 2024 (शनिवार), 17 नवम्बर 2024 (रविवार) को समस्त मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का भी आयोजन किया जाएगा. इस अवधि में प्राप्त सभी दावा-आपत्तियों का निराकरण पूर्ण कर 6 जनवरी, 2025 (सोमवार) को निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा.

**फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी**

आयोग के निर्देशानुसार प्रारंभिक प्रकाशन दिनांक 29 अक्टूबर, 2024 (मंगलवार) एवं अंतिम प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी, 2025 (सोमवार) को सभी मतदान केन्द्रों की मतदाता सूची का प्रकाशन कार्यालय के वेबसाईट https://ceochhattisgarh.nic.in/ पर भी किया जावेगा .भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य अंतर्गत सभी बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा दिनांक 20 अगस्त, 2024 से 18 अक्टूबर, 2024 तक (घर-घर सत्यापन) की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी तथा Shiffed/मृत मतदाताओं हेतु आवश्यकतानुसार फार्म-8/ फार्म-7 भरने की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी . ऐसे युवा नागरिक, जो 01 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है, वे प्ररूप-6 में आवेदन प्रस्तुत कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते है. इस दौरान मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन के लिए प्ररूप-7 में आवेदन प्राप्त किया जावेगा तथा त्रुटिपूर्ण नामों के सुधार, अन्य आवश्यक संशोधन एवं किसी भी प्रकार के स्थानातंरण हेतु प्ररूप 8 में आवेदन प्राप्त किया जावेगा. भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार दिनांक 01 जनवरी के अतिरिक्त दिनांक 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर, 2025 की स्थिति में भी 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा नागरिक निर्धारित प्ररूप 6 में अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए अग्रिम आवेदन कर सकेंगे.

## बिहार से भागकर छत्तीसगढ़ पहुंची युवती ने रेलवे स्टेशन में खुद पर लगाई आग

रायपुर,30 अगस्त। आत्महत्या के इरादे से गुरुवार देर रात आग में जलती हुए एक युवती मंदिर हसौद रेलवे स्टेशन पर आ पहुंची. मौके पर मौजूद RPF के जवानों ने तुरंत युवती का रेस्क्यू कर रायपुर के छ्र्यस्र अस्पताल पहुंचाया. फिलहाल युवती का 60 प्रतीशत शरीर आग में जलने से उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है. इस मामले में मंदिर हसौद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, युवती की उम्र 21 साल है और वह बिहार के पटना की रहने वाली है. वह अपने घर से 3 दिन पहले बिना किसी को कुछ बताए निकली थी, जिसके बाद से परिजनों ने उसके



गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी. घर पर किसी को इस बात की जानकारी नहीं है कि उसने ऐसा कदम क्यों उठाया है. फिलहाल पुलिस इस मामले में आगे की जांच में जुटी हुई है.

# भारत के सामने झुका चीन

नई दिल्ली,30 अगस्त। भारत-चीन ने अपने सीमा विवाद को सुलझाने के लिए कदम तेज कर दिए है। इसी कड़ी में गुरुवार (29 अगस्त) को बीजिंग में 'वर्किंग मैकेनिज्म ऑन कंसल्टेंशन एंड कोऑर्डिनेशन' (डब्ल्यूएमसीसी) की 31वें दौर की बैठक हुई। सीमा विवाद में अबतक भारत को आंखें दिखा रहा चीन इस बार हुई बैठक के बाद शांत नजर आया। बैठक में 20 सैनिकों की शहादत हुई थी। वहीं चीन ने केवल चार हताहतों की बात स्वीकार की थी। हालांकि अनुमान है कि झड़प में 40 पीएलए कर्मियों की मौत हुई थी। 29 अगस्त को पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध को पूरी तरह से हल करने के लिए दोनों देशों के राजनयिकों के बीच बैठक हुई। चीन ने दावा किया कि उसने भारत के साथ मतभेदों को कम



दोनों देशों के बीच बॉर्डर पर तनाव कम करने पर भी सहमति बनी। वहीं चीन भारत के साथ सीमा समझौते को मानने के लिए तैयार हो गया है। राजनीति दृष्टि से यह मोदी सरकार के लिए बड़ी कूटनीति जीत मानी जा रही है। बता दें कि चीन के साथ सीमा विवाद की शुरुआत 2020 से हुई थी। पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ भारतीय सैनिकों की झड़प हो गई थी। इसमें भारत ने एक कर्नल सहित किया है। बैठक के बाद भारत का कहना है कि चीन के साथ वार्ता स्पष्ट, रचनात्मक और दूरदर्शी रही है। बीजिंग नई दिल्ली के साथ अपने सीमा-संबंधी समझौतों का सख्ती से पालन करने पर भी सहमत हुआ। इससे लगने लगा है कि जल्द ही पूर्वी लद्दाख में चल रहा सीमा पर तनाव खत्म हो जाएगा। इस बैठक में सैन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि मीटिंग के दौरान इस बात को दोहराया कि शांति एवं स्थिरता की बहाली और एलएसी के लिए सम्मान द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति की बहाली के लिए आवश्यक आधार हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दोनों पक्षों ने विचारों का स्पष्ट, रचनात्मक और दूरदर्शी आदान-प्रदान किया। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति पर मतभेदों को कम करने और लंबित मुद्दों का शीघ्र समाधान खोजने के लिए बैठक की गई। इसमें कहा गया कि भारत और चीन राजनयिक एवं सैन्य चैनलों के माध्यम से गहन संपर्क के लिए भी सहमत हुए हैं। बैठक के बाद चीन के विदेश मंत्रलाय की तरफसे जारी बयान में कहा गया, दोनों पक्ष हाल ही में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति के अनुसार बॉर्डर की स्थिति को जल्द से जल्द हल करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए। चीनी विदेश मंत्रालय ने आगे कहा, ÷दोनों पक्षों ने बॉर्डर एरिया में प्रासंगिक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया, मतभेदों को और कम किया, आम सहमति का विस्तार किया, बातचीत एवं परामर्श को मजबूत करने, एक-दूसरे की उचित चिंताओं को समायोजित करने और जल्द से जल्द दोनों देशों को स्वीकार्य समाधान तक पहुंचने पर सहमति व्यक्त की।

# खंडहर में मिली युवक की सड़ी-गली लाश

भिलाई,30 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़

रानीतराई थाना क्षेत्र ग्राम दरवारमोखली के खंडहर मकान में एक युवक की डिकम्पोज लाश मिली है, लेकिन उसके मकान के बाहर दरवाजे पर ताला बंद था। जब गांव वालों को मकान के अंदर से दुर्गंध आने लगी तब इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पुलिस पहुंची और दरवाजा को तोड़कर अंदर घुसी जहां खंडहर कमरे में लाश पड़ी थी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए रवाना किया पुलिस ने हत्या के मामले में जांब कर रही है। पाटन एसडीओपी आशीष बंछोर ने बताया कि घटना की सूचना पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट को बुलाया गया जिससे पता चारला कि लाश श करीब चार दिन पुरानी है गांव में पूछताछ करने पर पता चला कि टिकेश्वर देशमुख (30वर्ष) अपनी पत्नी और सास के साथ ससुराल में रहता था। मूलतः मरोदा निवासी था अक्सर पत्नी से उसका विवाद होते रहता था मौके पर उसकी पत्नी अनीता देशमुख और सास भारती वर्मा घर में ताला लगकर भाग गए है इससे वे संदेह के दायरे में हैं पुलिस को शक, पत्नी और सास ने की हत्या एसडीओपी ने बताया कि टिकेश्वर की सारा भारती वर्मा ने अपने भाई राम अवतार वर्मा को फोन पर



जानकारी दी। घर में दामाद के साथ विवाद हो गया है विवाद में मुझे और दामाद दोनों को चोट आई है वह इलाज कराने जाने की जानकारी दी और दामाद को जाकर देखने कहा उसका भी इलाज करा देना लेकिन उसे घर में ताला मिला तब राम अवतार ने इसकी सूचना कोटवार को दिया पुलिस ने बताया कि टिकेश्वर के साथ घर में विवाद हुआ किसी वस्तु से उसके सिर पर वार किया गया होगा इसके बाद उसे खींचकर कमरे से आंगन लाया और फिर उसे खंडहर में घसीटकर ले गए जहां उसे छोड़ दिया बताया कि टिकेश्वर के साथ घर में विवाद हुआ किसी वस्तु से उसके सिर पर वार किया गया होगा इसके बाद उसे खींचकर कमरे से आंगन लाया और फिर उसे खंडहर में घसीटकर ले गए जहां उसे छोड़ दिया 4-5 दिन पहले विवाद हुआ था रानीतराई टीआई प्रकाश कांत ने बताया कि मामले को लेकर गांव वालों से पूछताछ की गई तब पता चला कि टिकेश्वर देशमुख की यह दूसरी शादी थी पत्नी अनीता को पहले पति से दो बच्चे है वह अपनी मां के साथ गांव में रहती थी टिकेश्वर शादी कर उन्हीं लोगों के साथ में रहने लगा यह जानकारी मिली कि है कि अक्सर पति और पत्नी में विवाद होते रहता था 4-5 दिन पहले भी दोनों में विवाद हुआ।

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के मनोनीत परिषद को किया भंग

बिलासपुर,30 अगस्त। हाईकोर्ट ने नवगठित मरवाही नगर पंचायत की राज्य सरकार से मनोनीत परिषद को भंग करने का निर्देश दिए हैं. कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि मरवाही, कुम्हारी और लोहारी ग्राम पंचायतों के चुने हुए जनप्रतिनिधियों से एक महीने के भीतर नई परिषद का गठन किया जाए. मामले को लेकर मरवाही सरपंच प्रियदर्शनी नहरेल ने हाईकोर्ट में 11 लोगों पक्षकार बनाते हुए याचिका दायर की थी. जिस पर सुनवाई के बाद जस्टिस पार्थ प्रतिम साहू ने आदेश जारी किया है. दरअसल राज्य शासन ने मरवाही, कुम्हारी और लोहारी ग्राम पंचायतों को मिलाकर मरवाही नगर पंचायत बनाया था, और राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित कर भाजपा नेता किशन ठाकुर को नवगठित मरवाही नगर पंचायत का अध्यक्ष बनाया गया, साथ ही 8 अन्य नगर पंचायत परिषद के सदस्य मनोनीत किये गये थे।

## दूषित भोजन खाकर एकलव्य आवासीय विद्यालय के 37 छात्र बीमार

■ तरुण छत्तीसगढ़

जगदलपुर,30 अगस्त। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के धरमपुरा में स्थित छिंदावाड़ा एकलव्य आवासीय विद्यालय में 37 छात्र-छात्राओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई है. आनन फानन में सभी बच्चों को महारानी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. छात्रों को पेट दर्द और उल्टी दस्त की शिकायत थी. जानकारी के मुताबिक खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद भोजन से फूड प्वाइजनिंग और स्वास्थ्य में असंतुलन होने के बाद देर रात तीन लोगों की तबीयत बिगड़ी थी. धीरे-धीरे कर यह संख्या बढ़ती गई और सुबह बाकी 30 अन्य लोगों को महारानी अस्पताल में भर्ती किया गया. इनमें से चार छात्रों की तबीयत काफी खराब थी जिन्हें बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है. कल 37 छात्र छात्राएं अब तक बीमार पाई गई हैं जबकि छात्रावास में करीब ढाई सौ स्टूडेंट रहते हैं. अचानक छात्रों की तबीयत खराब होने को लेकर प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गई है और आनन फानन में बेहतर स्वास्थ्य उपचार के लिए डॉक्टरों की टीम गठित की गई है जो निरंतर छात्रों के उपचार में निगरानी रख रहे है. मामले की जानकारी मिलते ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह



देव भी मौके पर पहुंचे और बच्चों का हाल जाना. इस दौरान किरण देव ने कहा कि खेल दिवस पर खेलने के बाद बच्चे थके थे इसलिए उन्हें चक्कर आई. बच्चों के रिपोर्ट के बाद अगर फूड पॉइजनिंग पाई जाती है तो जांच की जाएगी. वहीं डॉक्टरों का कहना है कि बच्चों में फूड पॉइजनिंग पाई गई है. हालांकि अभी सिर्फ 12 बच्चों को ही हॉस्पिटल में रखा गया है बाकी बच्चों की छुट्टी कर दी गई है. 5 बच्चे डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में है तो 7 बच्चों का इलाज महारानी हॉस्पिटल में जारी है.

# जिसने अगवा किया उसी से लिपटकर खूब रोया मासूम

जयपुर,30 अगस्त। राजस्थान के जयपुर से एक अनोखा और भावुक कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां 14 महीने पहले अगवा हुए बच्चे किडनैपर से इस कदर लगाव हो गया कि जब पुलिस उसे उसके परिवार से मिलाने के लिए ले जाने लगी तो बच्चा किडनैपर को छोड़ने के लिए तैयार ही नहीं हुआ। बच्चा किडनैपर से लिपटकर रोने लगा। बच्चे को बिलख-बिलख कर रोता देखा किडनैपर की आंखों में भी आंसू आ गए। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। इसमें पुलिस बच्चे को ले जाने की कोशिश कर रही है और बच्चा किडनैपर से लिपटकर जोर-जोर से रोता नजर आ रहा है। इसके बाद आरोपी भी रो पड़ा। पुलिस जबरदस्ती बच्चे को आरोपी



से छुड़ाकर उसकी मां के पास ले गई लेकिन बच्चा रोता रहा। मां के पास जाने के बाद भी वह चुप नहीं हुआ। जानकारी के मुताबिक बच्चा करीब 14 महीने तक किडनैपर के पास था। लेकिन उसे नुकसान पहुंचाने के बजाय किडनैपर ने बच्चे का खूब ख्याल रखा। उसे खिलौने और कपड़े भी लाकर दिए। इससे बच्चे को किडनैपर से ऐसा लगाव हो गया कि उससे छोड़ने को तैयार ही नहीं हुआ। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी की पहचान तनुज चाहर के तौर पर हुई है और वह उत्तर प्रदेश का हेड कॉन्सटेबल बताया जा रहा है। पुलिस ने उसे अलीगढ़ से गिरफ्तार किया।

आरोपी ने 14 जून 2023 को 11 महीने के बच्चे का अपहरण किया था। बच्चे की पहचान कुक्कू उर्फ पृथ्वी के रूप में हुई है। आरोपी तनुज ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर पूथवी को किडनैप किया था। इसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ने की काफी कोशिश की। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने उस पर ईनाम भी रखा लेकिन कुछ पता नहीं चला। बच्चा 14 महीनों तक किडनैपर के पास रहा। इसके बाद पुलिस को इनपुट मिला कि किडनैपर ने अपना हुलिया बदल लिया है। वह दाढ़ी बाल बढ़ाकर साधु बन कर मथुरा-वृंदावन के परिक्रमा मार्ग पर कुटिया बनाकर रह रहा है। बच्चा भी उसी के साथ था जिसे वह साधु बनाकर घुमाता था

सूचना मिलते ही पुलिस भी भेस बदलकर आरोपी की कुटिया तक पहुंच गई। लेकिन उसे पहले ही पुलिस के आने की भनक लग गई थी जिसके चलते वह बच्चे को गोदी में उठाकर खेत में भाग गया। पुलिस ने उसका पीछा किया और 27 अगस्त को उसे बच्चे के साथ पकड़ लिया। जानकारी के मुताबिक पुलिस आरोपी को जयपुर ले आई। बच्चे के मां बाप को पता चला तो वह भी थाने पहुंच गए। इसके बाद जब पुलिस ने बच्चे को मां को सौंपने की कोशिश की तो बच्चा किडनैपर को छोड़ने के लिए तैयार ही नहीं हुआ। वह उसके गले लग गया और जोर-जोर से रोने लग गया।

## एक नजर

### पान ठेला वालों को पीकदान व चाय-नाश्ता ठेला वालों को डस्टबिन रखना होगा



**रिसाली।** नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के पान दुकान संचालक को अब से पीकदान रखना होगा। वहीं चाय व नाश्ता ठेला लगाने वालों को डस्टबिन रखना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए आयुक्त मोनिका वर्मा ने छोटे-छोटे व्यापारियों को 7 दिन की मोहलत दी है।

शहर से रेड स्पॉट खत्म करने के लिए निगम आयुक्त गंभीर हैं। उन्होंने निगम क्षेत्र में संचालित पान दुकान संचालक को एक पीकदान रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही दुकान संचालक को पान दुकान के सामने पान मसाला और अन्य सामान के रैपर को रखने डस्टबीन भी रखना होगा। इसी तरह सभी गुमटी और नाश्ता ठेला संचालक को डस्टबिन रखना अनिवार्य किया है। पान दुकान या फिर अन्य गुमटी ठेला के आस पास रेड स्पॉट या फिर गंदगी मिलने पर उस दुकान संचालक से 500 रुपए फाइन लगाया जाएगा। आयुक्त ने बैठक में निर्देश दिए है कि मॉनिटरिंग जन स्वास्थ्य विभाग के सभी सुपरवाइजर करेंगे। बैठक में कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, एम.पी. देवांगन. सहायक अभियंता आर.के.जैन, उपअभियंता अखिलेश गुप्ता, नितिश अमन साहू, जनस्वास्थ्य विभाग के प्रभारी बृजेन्द्र परिहार, पीआईयू आकाश मिश्रा, विजय कश्यप आदि उपस्थित थे। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि स्वच्छता पहले पायदान पर होना चाहिए। पहली बार में डस्टबीन एवं पीकदान रखने की सलाह दे। पीकदान, बाल्टी या बड़ा गमला में रेत भरकर रखा जा सकता है। गंदगी मिलने पर पहली बार 500 और दूसरी बार में 1000 वसूल किया जाए। यह राशि हर निरीक्षण में दोगुना होती जाएगी।

### साहू समाज पाटन का तीज मिलन समारोह 1 सितम्बर को

**उतई, 30 अगस्त।** तहसील साहू संघ पाटन के द्वारा तहसील स्तरीय तीज मिलन समारोह का आयोजन 01 सितम्बर को साहू सदन पाटन में आयोजित किया जा रहा हैं द्य जिसमे सभी परिक्षेत्र अरसनारा, तेलीगुंडरा, झीट, बेल्हारी और जामंगाव आर के अनठानबे स्थानीय साहू समाज की महिला बहने भाग लेंगी द्य अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि श्रीमति रमशीला साहू, प्रमुख अतिथि श्रीमती तरुणा साहू इंपेक्टर भारतीय रेल सेवा एवं पंडवानी गायिका, श्रीमति शिखा साहू छत्तीसगरिया फिल्मी कलाकार, अध्यक्षता श्रीमति देवीश्री साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ जिला साहू संघ दुर्ग, विशिष्ठ अतिथि नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, विशेष अतिथि श्रीमती चंद्रिका साहू प्रदेश उपाध्यक्ष, श्रीमती दिव्या कलिहारी जिला उपाध्यक्ष, अश्वनी साहू प्रदेश प्रतिनिधि, अशोक साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, मोनू साहू सभापति जिला पंचायत रहेंगे द्य उक्त अवसर पर सामाजिक महिलाएं लगभग दस हजार की संख्या में उपस्थिति प्रदान करेगी द्य कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी स्थानीय साहू समाज मे बैठकों का दौर पूर्ण हो चुकी है।

### लाखों की ठगी की जांच शुरू

**भिलाई, 30 सितंबर।** भिलाई शांति नगर निवासी मां-बेटे ने अपना मकान को बेचने के नाम पर वैशाली नगर निवासी एक व्यक्ति से 14 लाख 50 हजार रुपये की ठगी की। आरोपितों ने पीड़ित से 89 लाख 50 हजार रुपये में मकान का सौद किया था और 14 लाख 50 हजार रुपये बयाना लिया था बाकी के 75 लाख रुपये रजिस्ट्री करने पर देने की बात तय हुई थी। आरोपितों ने मकान की रजिस्ट्री करवाने के नाम पर टाल-मटोल शुरू कर दी इसके बाद पीड़ित ने वैशाली नगर थाने में शिकायत की पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है पुलिस ने बताया कि वैशाली नगर निवासी यश अग्रवाल ने शांति नगर निवासी आरोपित माया देवी गुप्ता और उसके बेटे मनोज कुमार गुप्ता से उनके मकान का सौदा किया था बयाना के बा दोनों पक्षों के बीच इकरारनामा हुआ था पीड़ित ने जब मकान की रजिस्ट्री करवा की बात कही तो आरोपितों ने किराए क मकान न मिलने की बात कहकर रजिस्ट्री के नाम पर घुमाना शुरू कर दिया इसके बाद आरोपितों ने अलग अलग बहाने बनाकर रजिस्ट्री टाल दी।

### सदस्यता अभियान में सांसद बघेल के साथ शामिल हुए बंछोर



**जामुल।** कुम्हारी मंडल में सदस्यता अभियान मे शामिल हुए दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, भिलाई जिला के सदस्यता अभियान के संयोजक रेखराम बंछोर, मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, महामंत्री लोकेश साहू, धर्मेन्द्र सिन्हा, मिथलेश यादव, योगेश साहू, राकेश पाण्डेय, रामाधार शर्मा, माखन कोसरीया एवं भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता शामिल हुए।

### संयुक्त प्रयास से ही भिलाई को बना सकते हैं स्वच्छ सर्वेक्षण में अग्रणी : आयुक्त

**भिलाई, 30 अगस्त।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में तीसरा फेस स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर समीक्षा बैठक बुलाई गई। भिलाई के सभी वार्डों में साफ-सफाई को विशेष ध्यान में रखते हुए कार्य कराया जाना है। इसके लिए वार्ड अनुसार नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। प्रत्येक जोन में स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु जोन स्तर पर भी नोडल अधिकारी नियुक्त किये हैं। प्रत्येक जोन के जोन स्वास्थ्य अधिकारी, जोन के सुपरवाइजर, स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए दिये गये मापदंडों के अनुरूप कार्य करवाएंगे। स्वास्थ्य अधिकारी सभी को मॉनिटरिंग करेंगे, प्रत्येक गतिविधियों की रिपोर्ट आयुक्त को देंगे। भिलाई को नम्बर 1 बनाने के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण में विभिन्न प्रकार के स्वच्छता गतिविधियों से ही नम्बर 1 बनाया जा सकता है।

# जिला पंचायत सदस्य चुनाव के लिए कई नामों की चर्चा शुरू हो गई है शहर में





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 30 अगस्त।** कबीरधाम जिले की राजनीति में नगर पंचायत और नगर पालिका के दावेदारों से ज्यादा चर्चा जिला पंचायत सदस्य चुनाव की हो रही है । महिलाओं में राजनीति में लोकप्रिय श्रीमती सीमा अगम अनंत की भी चर्चा शुरू हो गई है की जिला पंचायत सदस्य का चुनाव में शिरकत करे ।

श्रीमती सीमा अगम अनंत जिला पंचायत अध्यक्ष और जिला उपाध्यक्ष के पद पर रह चुकी है । वर्तमान में जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के पद पर है । सरपंच संघ उपाध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी की भी चर्चा होती हुई दिख रही है । ऐसी चर्चा है प्रदीप गोस्वामी ने तैयारी भी शुरू कर दी है और उपाध्यक्ष होने के कारण किसानों से लगातार जुड़े रहते है और बीजेपी से प्रताप चंद्रवंशी के नाम को लेकर सुगबुगाहट होती हुई दिख रही है । प्रताप चंद्रवंशी ने कहा की गांवो में ईमानदारी से विकास लोगो तक अच्छे से पहुंचे जिसके लिए जिला पंचायत में आना चाहते है । सुबह से लेकर शाम तक आजकल चाय दुकान और पान ठेला , होटलों में चाय के साथ कौन दावेदार होगा और जिसकी भारी चर्चा हो रही है ।



# जामगांव आर स्कूल में 37 छात्राओं को साइकिल वितरित



**उतई, 30 अगस्त।** छत्तीसगढ़ राज्य शासन की सरस्वती निशुल्क साइकिल प्रदाय योजना के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जामगांव आर में 37 बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया । कार्यक्रम में नरेश केला अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जामगांव आर, राजकुमार ठाकुर सरपंच जामगांव आर, मुकेश साहू भाजपा युवा मोर्चा दक्षिण पाटन मंडल उपाध्यक्ष एवं शाला सांसद प्रतिनिधि जामगांव आर, अंगेश्वर साहू उपाध्यक्ष भाजपा दक्षिण पाटन मंडल, मुकेश शुक्ला, रोमन सिंह साहू सेवानिवृत्ति व्याख्याता तथा पालक गण उपस्थित थे। अतिथि गणों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात बालिकाओं को आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए साइकिल वितरण किया गया। संस्था के प्राचार्य राजेश पिल्लई के द्वारा बालिकाओं को बधाई एवं सभी अतिथिगण एवं पालक गण का आभार व्यक्त किए।इस कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से सरस्वती निशुल्क साइकिल प्रदाय योजना के प्रभारी शिक्षक किशोर कुमार साहू, डी. के. साहू ,ताम्रध्वज बंजारे, श्रीमती विनीता सुधीर, सरजू राम ठाकुर ,श्रीमती ललिता देवांगन ,सुश्रीदीप्ति प्रधान,नीलकंठ धीवर ,गौरव मिथिलेश, डोमन लाल साहू एवं सुदर्शन लाल चंदेल उपस्थित थे।

### साजा से नगर पंचायत अध्यक्ष की रेस में कई दावेदार !

**साजा, 30 अगस्त।** साजा से बीजेपी से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हरिशंकर टावरी , आयुष शर्मा हिमांशु वर्मा , धरमचंद जैन , बिसरू राम साहू और कांग्रेस से बंटी जैन , मनोज जायसवाल , कृष्णा राठी ,निकेश जैन और निर्दलीय से कमलेश जैन की चर्चा साजा में नगर पंचायत अध्यक्ष की दावेदारी को लेकर चाय पीते हुए और पान खाते हुए चर्चा करते हुए देखे जा रहे है ।

महंगाई , बेरोजगारी , महतारी वंदन योजना , नाली और सड़को की साफ सफाई , भ्रष्टाचार और विकास और प्रत्याशी की छबि मुद्दो की चर्चा हो रही है ।

# किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री से ग्वाला पाहट योजना चालू करने सौंपा मांग पत्र



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 30 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में पशुपालन कोई नहीं करना चाहता,गाँव में भी पाहट (बरदी) पशु चराने हेतु कोई यादव समाज या अन्य समाज आगे आना नहीं चाहता क्योंकि उसमें पर्याप्त मजदूरी नहीं मिलती, इसलिए गौमाता को रोड में बैठना-घुमना पड़ता है, जिससे दुर्घटना होने से या तो गौमाता की मृत्यु होती है या किसी इन्सान की। मुख्यमंत्री द्वारा गौ अभ्यारण्य योजना चालू की जा रही है जो जंगल क्षेत्र के लिए ठीक है लेकिन शहरी गांव के लिए ग्वाला पाहट योजना यादव समाज के लिए चालू करने से गौमाता जो लावारिस घुमती है उसका समाधान होगा यह योजना चालू करने से यादव समाज एवं ग्रामीण योजना से लाभान्वित होंगे उक्त मांग 28 अगस्त को प्रदेश भाजपा संगठन मंत्री पवन साय को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन किसान मोर्चा की तरफ से प्रदेश प्रभारी बजरंगी यादव, प्रदेश मंत्री पिंकी ध्रुव, महामंत्री आलोक ठाकुर, कुलकित चंद्र ,नवीन शर्मा,रवीश गुप्ता, विनायक ताम्रकार, भास्कर तिवारी, योगेश यादव, धनराज साहू आदि किसान मोर्चा के पदाधिकारी की उपस्थिति में सौंपते हुए ग्वाला पाहट योजना चालू करने की आग्रह किया गया ।



## बच्चों को कृमि से बचाने खिलाई दवा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 30 अगस्त।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों में कृमि एवं एनीमिया से बचाव हेतु टेबलेट एल्बेंडाजोल खिलाया गया जिससे बच्चे स्वस्थ और बीमारी मुक्त रहे नेता प्रतिपक्ष योगेश भाले ने बच्चे को इसकी जानकारी दी साथ ही बच्चे को अपने हाथ से दवाई को खिलाया इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष योगेश निक्की भाले, जनभागि दारी अध्यक्ष श्रीमती निशा सोनी ,सागर सोनी ,आदित्य सावणी, नितेश तिवारी, प्राचार्य बी एल सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग सुपरवाइजर एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे

### सड़क किनारे लगे 70 से अधिक अवैध साइन बोर्ड को जब्त



**रिसाली।** सबसे व्यस्त कृष्णा टॉकीज रोड के किनारे बिना अनुमति के लगाए विज्ञापन वाले साइन बोर्ड को जब्त किया गया। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कम करने निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने उक्त निर्देश दिए है। लगभग 3 घंटो से भी अधिक समय तक चले कार्रवाई में 70 से भी अधिक साइन बोर्ड जब्त किया गया। रिसाली निगम क्षेत्र के सबसे व्यस्त कृष्णा टॉकिज मार्ग के किनारे की खाली जमीन साइन बोर्ड से भर गया था। स्थिति ऐसी थी कि साइन बोर्ड की वजह से दुकान आने वाले ग्राहकों को दुपहिया वाहन को सड़क पर खड़ी कर रहे थे। इस वजह से सड़क दुर्घटना लगातार होने की शिकायत आ रही थी। आयुक्त के निर्देश पर चली इस कार्रवाही में राजस्व व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जेसीबी से 70 साइन बोर्ड को उखाड़कर जब्त किया। आयुक्त मोनिका वर्मा ने राजस्व विभाग को निर्देश दिए कि जब्त साइन बोर्ड के स्थान पर अन्य बोर्ड न लग इस बात की अधिकारी निगरानी करें। अगर किसी प्रतिष्ठान का सड़क की जमीन में बिना अनुमति बोर्ड लगा दिखे तो उसे तत्काल जब्त करें। साथ ही जो प्रतिष्ठान साइन बोर्ड लगाया है उससे जुर्माना भी वसूलें।

### एक युद्ध नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम सराहनीय : इन्द्रजीत



**भिलाई, 30 अगस्त।** जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा आयोजित संकल्प एक युद्ध नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम में भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्यों व पदाधिकारियों ने अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में सम्मिलित होकर दुर्ग जिले को नशा मुक्त करने की पहल पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए दुर्ग जिले को नशा मुक्त करने की शपथ ली। इस अवसर पर भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रंस्पोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि संकल्प एक युद्ध नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय पहल है। इस अभियान से निश्चित ही नशे के विरुद्ध लोगों जागरूकता आएगी और समाज को सही दिशा मिलेगी। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, अतिरिक्त दण्डाधिकारी दुर्ग अरविंद एक्का, लोकेश चंद्राकर आयुक्त नगर पालिका दुर्ग, अरविंद मिरी एसडीएम दुर्ग, सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, दुर्ग, चिराग जैन नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग, श्रीमती पद्मश्री तवर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, आईयूसीएडब्ल्यू, अमित सिंह समाज कल्याण विभाग, अजय शर्मा, महिला बाल विकास विभाग, अजय देशमुख, कल्याणी नशा मुक्ति केन्द्र सुपेला, छत्तीसगढ़ बलकर असोसिएशन के अध्यक्ष मलकीत सिंह लल्लू एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारीगण तथा भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य, चालक परिचालक एवं समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कृष्णा साहू भारतीय पॉवर लिफ्टिंग टीम के कोच नियुक्त



**भिलाई, 30 अगस्त।** माल्टा ;यूरोपद्ध में इंटरनेशनल पावर लिफ्टिंग फेडरेशन द्वारा 27 अगस्त से से 8 सितंबर तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय सब.जूनियर व जूनियर विश्व पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु भारतीय टीम के प्रशिक्षक के रूप में कृष्णा साहू का चयन किया गया है । पावरलिफ्टिंग इंडिया द्वारा भारत देश के विभिन्न राज्यों से 20 खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों का चयन भारतीय टीम में किया गया है । ज्ञात हो कि माल्टा हाई कमीशन से प्राप्त वीसा के आधार पर भारतीय टीम दो हिस्सों में रवाना हो रही है । दिनांक 26 अगस्त को 17 सदस्यीय भारतीय टीम की पहली खेप माल्टा रवाना हुई जिनके साथ पीजे जोसेफजी ;अर्जुन अवार्डीद्ध रवाना हुए हैं । कृष्णा साहू भारतीय टीम के शेष खिलाड़ियों साथ 31 अगस्त को माल्टा के लिए रवाना होंगे । कृष्णा साहू को अभी तक ऑस्ट्रेलियाए नॉर्वेए फिनलैंडए चेक रिपब्लिकए ताइवानए हाँगकाँगए मलेशियाए इंग्लैंडए स्वीडनए हॉलैंडए कजाकिस्तानए जापानए डेनमार्कए इटलीए ऑस्ट्रियाए सिंगापुरए दक्षिण कोरियाए मंगोलियाए न्यूजीलैंड आदि विदेश की धरती पर पावर लिफ्टिंग खेल की प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हुआ है । उल्लेखनीय है कि क्रीड़ाए सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभागए भिलाई इस्पात संयंत्रए भिलाई में कार्यरत कृष्णा साहू ने खिलाड़ी के रूप में 15 से भी अधिक अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में 8 मेडल जीते हैं तथा 15 बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कोच व निर्णायक के रूप में भारत देश का प्रतिनिधित्व कर छत्तीसगढ़ राज्यए भिलाई इस्पात संयंत्र सहित पूरे हिंदुस्तान का गौरव बढ़ाया है । मिस्टर इंडिया तथा स्ट्रॉंग मैन ऑफ़ इंडिया आदि टाइटल जीतने वाले कृष्णा साहू को को मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 1991.92ए में विक्रम खेल पुरस्कारए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2001.02 में गुंडाधुर खेल पुरस्कार एवं वर्ष 2015.16 में वीर हनुमान सिंह खेल पुरस्कार से नवाज़ा गया है । कृष्णा साहू को भारतीय टीम का कोच नियुक्त किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायए खेल मंत्री टंकराम वर्माए छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के संरक्षक एवन कुमार जैनए जी सुरेशए अध्यक्ष बीएल चंदवानीए कार्यकारी अध्यक्ष तुलसी सोनीए कोषाध्यक्ष संतोष कुमारए राजेंद्र यादवए नस्कर टंडनए बीएम ठाकुरए महेश पटेलए आरके पांडेयए सुरेन्द्र सूरीए प्रशांत मिश्रा गोल्डीए जितेन्द्र मानिकपूरीए विजय ततोड़ेए जयदीप साहूए लोमन सिंह सहित छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघए भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों व सहकर्मियों एवं खेल विभाग छत्तीसगढ़ शासन के अधिकारियों एवं पदाधिकारियों सहित समस्त पॉवर लिफ़्टरों एवं खेल प्रेमियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया है ।

## सड़े-गले खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई



**भिलाई, 30 अगस्त।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 01 नेहरू नगर अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक रखने वाले, फल विक्रेताओं एवं होटल संचालकों दुकानदारों पर निगम की टीम ने की कार्यवाही। निगम क्षेत्र के वार्ड क्र. 10 एवं 17 में जोन 01 की टीम द्वारा दुकानों का निरीक्षण करने पहुंची। वहां पर फल ठेला, मिठाई खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर जांच किया गया। दुकानदारों द्वारा नगर निगम की टीम को देखते ही अपनी झिल्ली, पन्नी को छिपाने लगते है और इधर-उधर फेंक देते है। पूछने पे कहते है कि यह आखरी है, अब नहीं रखूगॉ। निगम की टीम जाते ही फिर से झिल्ली में रखके बेचने लगते है। जॉच में सिगल यूज प्लास्टिक रखने वाले दुकानदारो पर कार्यवाही करते हुए, सड़े गले फल विक्रेता एवं बासी खादय पदार्थ विक्रेताओ से 12800 रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर सभी जोन क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक विक्रेताओं पर कार्यवाही की जा रही है। महापौर नीरज पाल ने सभी विक्रेताओं से अपील की है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग मत करें। सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण एवं जानवरों को काफी नुकसान पहुंचता है। हमारी नालियो को जाम कर देता है, जिससे पानी अवरूद्ध हो जाने से मच्छर पनपते है और बिमारियो को बढ़ावा मिलता है। साथ ही आम नगारिको से भी निवेदन किये है, सामग्री लेते समय अपने घरो से झोला या थैला लेकर निकले। अक्सर देखने में आता है, सिंगलयूज प्लास्टिक में गरम गरम सामग्री, चाय इत्यादि लोग पैक कराके ले जाते है। अपने घरो में स्वयं या अपने परिवार के साथ खाते है। वैज्ञानिको के अनुसार सिंगलयूज प्लास्टिक में खादय पदार्थ रखने से प्लास्टिक के कण सामग्री में मिल जाते है जिससे कैंसर एवं अन्य प्रकार के गंभीर बिमारियो को बढ़ावा मिलता है। उपयोग से बचे, सब के सहयोग से ही हम सब अपने स्वास्थ्य को एवं नगर निगम को स्वच्छ साफ-सुथरा रख सकते है। कार्यवाही के दौरान जोन के स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, प्रभारी लिपिक संतोष हरमुख, सहायक राजस्व निरीक्षक शशांक सिंह अपने दल के साथ उपस्थित रहे।

## जामुल में मनाया गया क्रीमी दिवस



**जामुल।** आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड नं 3 लक्ष्मी पारा जामुल में क्रीमी दिवस समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद रेखराम बंछोर थे। बच्चों को कृमि गोली खिला कर शुभारंभ किया गया। उसके बाद बच्चों को फल वितरण किया गया। साथ में जगदीश देवांगन, ओमप्रकाश साहू, दीपक सिंह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता फुल कुमारी सिंह आंगनबाड़ी सहायिका हेमलता शर्मा मितानिन शिवरानी मेश्राम बच्चों के माताएं भी शामिल हुए संगीता प्रीति अनिता शोभा गीतू पूर्णिमा रीतू हेमा जमुना सरिता विमला तिजिया उषा लक्ष्मी सभी महिलाएं शामिल हुए।

# भारतीय इस्पात सम्मेलन में कई सत्रों में कई अहम विषयों पर की गई चर्चा



**भिलाई, 30 अगस्त।** डीकार्बोनाइजेशन और बुनियादी ढांचे के विकास का महत्व और भूमिका विषय पर केन्द्रित दो दिवसीय भारतीय इस्पात सम्मेलन का उद्घाटन 29 अगस्त को महात्मा गांधी कला मंदिर में किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एस्सार मिनमेट प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी और पूर्व निदेशक ;तकनीकी.सेलद्ध एस एस मोहंती ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहे सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर भारतीय इस्पात सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमारए आईआईएम.रायपुर के निदेशकए प्रोफेसर आर के काकानीए आईआईटीए भिलाई के निदेशकए प्रोफेसर राजीव प्रकाशए सीएसवीटीयू के कुलपति डॉ एम के वर्माए एनआईटी.रायपुर के निदेशक डॉ एन वी रमना रावए आईएसआर इन्फोमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी संतोष महंतीए आईआईएम भिलाई चैप्टर के उपाध्यक्ष और सीजीएम इंचार्ज तापस दासगुप्ताए अध्यक्ष ;आईईआईए बीएलसीद्ध पुनीत चौबे भी उपस्थित थे। प्रथम सत्र में उद्घाटन के बाद पैनल चर्चा में पूर्व निदेशक एस एस मोहंतीए वरिष्ठ उपाध्यक्ष और ग्रीन स्टील इंडिया के प्रमुख ;प्राइमेटल्स टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेडद्ध बिस्वदीप भट्टाचार्यए एसोसिएट प्रोफेसर ;मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागए आईआईटी.भिलाईद्ध सौम्य गंगोपाध्यायए एसोसिएट प्रोफेसर एनआईटी डॉ सुभाष गांगुली सहित मॉडरेटर के रूप में सीईओ इंडियन आयरन एंड स्टील सेक्टर स्किल काउंसिल सुशीम बनर्जी शामिल थे। दूसरे सत्र में इस सम्मेलन का मुख्य प्रतिवेदन निदेशक आईआईटी प्रोफेसर राजीव प्रकाश तथा निदेशक एनआईटी डॉ एन वी रमना राव द्वारा दिया गया। तीसरे सत्र में नई सोचरू नेक्स्ट.जेन स्टील बिल्डिंग समाधान के साथ बेहतर निर्माण करेंए तेजी से निर्माण करें विषय पर सीओओ एपीएल अपोलो बिल्डिंग प्रोडक्ट्स ब्रजेश नाहरए डी.कार्बोनाइजेशन के लिए कैपेक्स मुक्त पहल विषय पर निदेशक आरएंडडीए इनोवेशन.अभिटेक एनर्जीकॉनए जेएसडब्ल्यू स्टीलरू स्टील उद्योग का डीकार्बोनाइजेशन विषय पर एवीपी.सस्टेनेबिलिटी.जेएसडब्ल्यू स्टील बादल बालचंदानी द्वाराए प्राइमेटल्स टेक्नोलॉजीज इंडिया से एचआरसीरू स्टील फ्लैट उत्पादों में एक ष्गेम चेंजरष् उत्पाद विषय पर सहायक उपाध्यक्ष कौस्तुव गांगुली और सौगत दासए महाप्रबंधक द्वाराए डेनियली इंडिया से डेनियली की अत्याधुनिक रेल और सेक्शन मिल प्रौद्योगिकी सहायक महाप्रबंधक निशांत जुयाल तथा डीकार्बोनाइजेशन का महत्व और भूमिकारू आयरन ब्लास्ट फर्नेस को डीकार्बोनाइज करना विषय पर एसएमएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अभिनव प्रसून द्वारा तकनीकी पेपर प्रस्तुत किये गए। इस सत्र के अध्यक्षए पूर्व सीईओ ;आरएसपी.सेलद्ध अश्विनी कुमार और प्रतिवेदक सीजीएम ;एसपीए बीएसपी.सेलद्ध अनूप दत्ता द्वारा सारांश प्रस्तुत किया गया। चौथे सत्र में डायरेक्ट रिडक्शन तकनीक के माध्यम से ग्रीन पिग आयरन उत्पादन की ओर टेनोवा का दृष्टिकोणरू टेनोवाइब्लू विषय पर सीनियर वीपी ;टेनोवा टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेडद्ध प्रवीण चतुर्वेदीए भारतीय इस्पात क्षेत्र की डीकार्बोनाइजेशन यात्रा विषय पर ब्लास्ट फर्नेस के प्रमुख ;टाटा स्टीलद्ध पद्मपालए रेलए ट्रांसफॉर्मर शीटए सीमलेस पाइपए हाई टेंसाइल प्लेट आदि जैसे प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर अनुप्रयोगों के लिए स्टील विषय पर एजीएम टीआरएल क्रोसाकी राजेश घोषए सेंट्रा वर्ल्डरू डीकार्बोनाइजेशन पाथवेज में प्रौद्योगिकी और एआई की भूमिकारू एआई.एलईडी सीओ2 उत्सर्जन निगरानी और रिपोर्टिंग विषय पर सह संस्थापक और सीईओ ;सेंट्रा वर्ल्डद्ध हर्ष चौधरीए प्राइमेटल्स टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से मेरोस . लौह अयस्क संकुलन के लिए अनुकूलित गैस क्लीनिंग विषय पर सत्यकी दासगुप्ताए महाप्रबंधक ;प्रस्ताव और तकनीकी बिक्री .स्टील निर्माणद्ध तथा रिफ्रैक्ट्रीज और ग्रीन स्टील विषय पर आरएचआई ;मैग्नेसिटाद्ध कौशिक दासगुप्ता द्वारा तकनीकी पेपर प्रस्तुत किये गए। इस सत्र के अध्यक्षए पूर्व कार्यपालक निदेशक संचालन.सेल वी धवन और प्रतिवेदक सीजीएम ;बीआरएम . बीएसपीए सेलद्ध योगेश शास्त्री द्वारा सारांश प्रस्तुत किया गया। पांचवे सत्र में स्टील उद्योग के लिए इनोवेटिव रिफ्रैक्टरीज के साथ आत्मनिर्भरता बनाना विषय पर सर्वेश रिफ्रैक्टरीज के कुशाल अग्रवालए जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड से संरचनात्मक अनुप्रयोगों में कम क्रोमियम फेरिटिक स्टेनलेस.स्टील ग्रेड ;आईआरएस 350 सीआरद्ध के उपयोग का विकास विषय पर प्रणय कुमार यादवए हरक्यूलिस से फ्लैट और लॉन्ग रोलिंग मिलों के लिए उन्नत रोल शॉप तकनीकें विषय पर मनीष अरोड़ाए आरआईएनएल से सतत बुनियादी ढांचे के विकास के लिए आवश्यक प्री स्ट्रेस्ड ग्रेड वायर रॉड की संपत्ति की आवश्यकता विषय पर अनिल कुमार तथा बोकारो स्टील प्लांट से संसाधन दक्षता और तकनीकी हस्तक्षेप के माध्यम से लौह और इस्पात में जीएचजी में कमी विषय पर नितेश रंजन द्वारा तकनीकी पेपर प्रस्तुत किये गए। इस सत्र के अध्यक्ष पूर्व कार्यपालक निदेशक ए देवदास और प्रतिवेदन सीजीएम इंचार्ज तापस दासगुप्ता द्वारा सारांश प्रस्तुत किया गया।

# डबल इंजन की सरकार में ग्राम पंचायतों के विकास कार्य अवरुद्ध

## 15 वें वित्त की राशि नहीं मिलने से उधार लेकर कार्य कराने वाले सरपंचों की बढ़ी परेशानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता, उत्तम साहू

**नगरी 30 अगस्त।** विकास कार्यों के लिए राशि की कोई कमी नहीं होने की गारंटी तो खूब दी जाती है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। ग्राम पंचायतों को 15 वें वित्त की राशि नहीं मिलने से विकास कार्यों पर ब्रेक लग गया है। उधार लेकर काम कराने वाले सरपंच परेशान हो रहे है। वहीं जनपद व जिला पंचायत के प्रतिनिधि कार्यों का अनुमोदन कर राशि आने का इंतजार कर रहे है।

विदित हो कि 15 वें वित्त की राशि से ग्राम पंचायतों में मूलभूत आवश्यकता के कार्य, स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति, स्थापना, आधार भूत सरंचना के विकास के कार्य होते है. 70 प्रतिशत राशि ग्राम पंचायतों को मिलने के साथ ही 20 प्रतिशत राशि जनपद पंचायतों तथा 10 प्रतिशत राशि जिला पंचायतों को मिलती है। जिला पंचायत के 3 करोड़ 70 लाख रुपए होते है जिसे सभी 13 जिपं सदस्यों की अनुशंसा से 28-28 लाख खर्च किये जाते है। वहीं ग्राम पंचायतों की बात करे तो विकास कार्यों के लिए सरपंच सबसे ज्यादा आश्रित 15 वें वित्त की राशि पर रहते है। कुछ पंचायतों में तो सरपंचों के द्वारा बाद में भुगतान करने की प्रत्याशा में उधार लेकर काम करा लिया जाता है। इस बार 15 वे वित्त की राशि जारी करने में केन्द्र सरकार के द्वारा काफी लेटलतीफी की जा रही, जिसका सीधा असर पंचायतों के विकास पर पड़ रहा है। दूसरी ओर मनरेगा मजदूरों की राशि के लिए भी केन्द्र सरकार ने अब तक आंबटन नहीं दिया है। धमतरी जिले के मजदूरों को 15 मई के बाद से भुगतान नहीं मिला है। जिले में करीब 30 करोड़ रुपए मजदूरों का भी अटका हुआ है। मनरेगा के काम में पसीना बहाने वाले 35 से 38 हजार मजदूर भुगतान की राह ताक रहे है. अधिकारियों से संपर्क करने पर एक ही जवाब मिल रहा कि बजट मिलते ही राशि जारी की जाएगी।



### गली सफ़ाई तक नहीं करवा पा रहे सरपंच

बारिश के इस मौसम में पंचायतों में सबसे ज्यादा समस्या मार्गो में कीचड़ की सामने आ रही। ग्रामीणों के द्वारा सरपंचों से लगातार सड़क मरम्मत की मांग की जा रही पर स्तिथि यह है कि कीचड़ से सनी गलियों में सरपंच मुरुम तक नहीं डलवा पा रहे है। पहले भूपेश सरकार ने नरवा,गरवा,घुरवा,बाड़ी पर फोकस कर ग्राम पंचायतों के विकास पर ध्यान नहीं दिया वहीं अब भाजपा सरकार भी गांवों के विकास का अनदेखा करती नजर आ रही है।

### विकास कार्यो पर लगा ब्रेक हटाने जल्द जारी करे राशि:नीशू चंद्राकर

जिला पंचायत उपाध्यक्ष निशु चन्द्राकर ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए कांग्रेस सरकार के समय अनेक योजनाएं लागू की गई। मनरेगा आज गांवों में रोजगार का प्रमुख साधन है, 15 वें वित्त की राशि से गांवों में मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति होती है। इनके लिए राशि जारी करने में लेटलतीफी कर विकास के लिए तरसाने का काम केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा किया जा रहा है। गांवों में विकास कार्य थम से गये है, जल्द ही 15 वें वित्त की राशि जारी किया जाना चाहिए। वहीं मनरेगा मजदूरों की आर्थिक स्थिति स्थिति इतनी अच्छी नहीं रहती कि भुगतान के लिए लंबा इंतजार करे, उन्हें जल्द ही भुगतान किया जाना चाहिए।



### पंचायतों में नही हो पा रहे मूलभूत कार्य- राजू सोम

नगरी ब्लाक सरपंच संघ अध्यक्ष राजु सोम का कहना है कि चालु वित्तीय वर्ष के 5 माह बीतने को है लेकिन अब तक 15 वें वित्त की राशि नहीं मिल पाई है। गांवों में विकास कार्य कराने में सरपंचों के पसीने छूट रहे है। मूलभूत सुविधा के कार्य तक नहीं हो पा रहे है। जिन ग्राम पंचायतों को गौण खनिज की राशि मिलती है अथवा स्वयं की आय का जरिया है उनकी स्तिथि ठीक है, पर जो पंचायतें केन्द्र व राज्य से मिलने वाली राशि पर निर्भर है उनकी स्थिति गड़बड़ा गई है। जल्द ही राशिजारी कर राहत प्रदान किया जाना चाहिए।



### कार्यकाल के आखिरी समय में बढ़ी परेशानी-ऋषि वोटी

ग्राम पंचायत नवागांव (सा)केसरपंच ऋशी वोटी का कहना है कि त्रि स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में सबसे छोटी ईकाई ग्राम पंचायत है। ग्रामीणों से सीधे जुड़ाव होने के कारण सबसे ज्यादा अपेक्षा ग्राम पंचायतों से रहती है फिर मूलभूत सुविधा का जिम्मा भी पंचायतों पर होता है. 15 वें वित्त की राशि समय पर जारी नहीं होना पंचायतों के विकास को सीधे तौर पर प्रभावित करने वाला है। सरपंचों के कार्यकाल को कुछ माह ही शेष रह गया है। सरपंचों की कोशिश गांव में विकास के ज्यादा से ज्यादा कार्य कराने के साथ ही बेहतर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की है।



## एक नजर

### कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव प्रक्षेत्र सुरगी परिसर में अधिकारियों ने मां के नाम पर पौधे लगाए

**राजनांदगांव 30 अगस्त।** कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव प्रक्षेत्र सुरगी परिसर में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. गुंजन झा ने बताया कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा देश भर में सितंबर 2024 तक 80 करोड़ एवं मार्च 2025 तक 140 करोड़ पौधे लगाने का प्रयास किया जा रहा है। यह एक जन आंदोलन है, जिसमें लोग पेड़ लगाकर अपनी मां और धरती मां के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए भाग ले रहे हैं। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव के प्रक्षेत्र सुरगी परिसर में आम, अमरूद, नीम एवं पीपल जैसे विभिन्न पौधों का रोपण किया गया। इ अवसर पर कृषि वैज्ञानिक श्रीमती अंजली घृतलहरे, श्री मनीष सिंह, डॉ. योगेन्द्र श्रीवास, प्रक्षेत्र प्रबंधक श्री आशीष गौरव शुक्ला, कार्यक्रम सहायक श्री जितन्द्र मेश्राम एवं अन्य कर्मचारी द्वारा एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

### ग्राम उपरवाह में पोट्ठ लईका पहल को कमरछठ त्यौहार से जोड़ते हुए बच्चों के सुपोषण के प्रति किया गया जागरूक



**राजनांदगांव 30 अगस्त।** जिला प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे पोट्ठ लईका पहल अभियान अंतर्गत परियोजना राजनांदगांव ग्रामीण-2 के ग्राम उपरवाह में कमरछठ त्यौहार से जोड़ते हुए बच्चों के सुपोषण के प्रति नागरिकों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर कमरछठ त्यौहार में प्रचलित कहानी के माध्यम से कुपोषण को राक्षस बताया गया और कुपोषण से लडऩे के लिए 6 प्रकार के अनाज, 6 प्रकार की भाजी का जिक्र करते हुए हितग्राहियों को सुपोषण के संबंध में समझाया गया। सुपोषण थाली में तिरंगा भोजन के महत्व को बताया गया। इस अवसर पर अरहर, मूंग, उड़द, चना दाल एवं मुनगा, पालक, लाल भाजी, मेथी एवं अन्य फल व पौष्टिक आहार लेने के लिए कहा गया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के नेतृत्व तथा जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में पोट्ठ लईका पहल अभियान अंतर्गत सभी मितानीन और एएनएम ने भी सहयोग कर 29 अगस्त को आयोजित कृमि दिवस की जानकारी दी। इस तरह राजनांदगांव ग्रामीण 2 सेक्टर बघेरा केन्द्र नवागांव 1 में पोट्ठ लईका पहल के तहत पालक चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें डायरिया रोकथाम, कृमि मुक्ति के बारे में चर्चा की गई और हाथ धुलाई के 5 चरण का अभ्यास कराया गया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा पोट्ठ लईका पहल अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधयों का आयोजन किया जा रहा है।

### विभाग की लापरवाही के कारण लोगों को हो रही परेशानी: वैष्णव



**राजनांदगांव 30 अगस्त।** महामंत्री जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव योगेन्द्र दास वैष्णव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर शासन अवगत करा है राजनांदगांव जल संसाधन विभाग में स्वयं तथा ग्राम पंचायत धामनसरा सरपंच ग्रामीण जनो के साथ जल संसाधन विभाग में धामनसरा जंगलेसर एनीकट कम रपटा दस फीट 6इंच बाढ़ में बह गया एवं दो जगह गढ्ढा हो जाने के कारण आवागमन ग्रामीण तथा स्कूल छात्र छात्राओं राहगीरों को आए दिन दुर्घटना शिकार हो रहा विभाग में तीन बार जाने बाद भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिला चांदो नहर में भी पानी किसानों सिंचाई हेतु ग्राम सिघोला भंवरमरा हरदी भोडिया ढोडिया भोथीपार धामनसरा कोटरा भांठा किसानों के कम पानी दुविधा के कारण चिंतित हैं उनको लेकर विभाग नहर में पानी चालु करने आवेदन दिया गया लेकिन आज तक किसानों पानी सुविधा नहीं मिल पा रहा रहा विभाग में घोर लापरवाही कर रहा जिलाधीश महोदय संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई करे।

### कांग्रेस ने मुख्यमंत्री,गृहमंत्री का फूंका पुतला

**राजनांदगांव 30 अगस्त।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भिलाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज तथा 150 से अधिक कांग्रेसजन पर एफआईआर के विरोध में आज राजनांदगांव जिला मुख्यालय में कांग्रेसजनों ने जयस्तंभ चौक,मानव मंदिर चौक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ,गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला फूंका। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि भिलाई में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दमनपूर्वक लाठी चार्ज किए जाने तथा 150 से अधिक कांग्रेसजनों के ऊपर एफआईआर किए जाने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज 29 अगस्त को स्थानीय जयस्तंभ चौक,मानव मंदिर चौक में शहर व जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में कांग्रेसजनों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला फूंक कर आक्रोश जताया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कुलबीर सिंह छाबड़ा ने उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की भाजपा सरकार विगत आठ माह में अपनी विफलताओं का ठीकरा विपक्ष के कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर फोड़ रही है ,इन 8 महीनो में राज्य की भाजपा सरकार ने लोकहित के कुछ कार्य नहीं किए हैं केवल भ्रष्टाचार और महंगाई में डूबी हुई सरकार है, गौवंश रास्ते में खुले घूम रहे हैं, सड़क दुर्घटनाओं में उनकी मृत्यु हो रही है ,यह साय सरकार अपने वादे निभाने में फेल है ,राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है ,हर रोज हत्या, बलात्कार ,डकैती लगातार बढ़ रहे हैं, छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा सरकार में कोई सुरक्षित नहीं है। हमारे युवा विधायक देवेंद्र यादव को एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

# भगवान टोला में आयोजित शिविर से कई मरीज लाभान्वित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छूरिया 30 अगस्त।** एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच राजनांदगांव द्वारा संचालित एम एम यू टीम द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत भगवान टोला में 26 अगस्त को विशेष स्वास्थ्य शिविर अस्थि रोग निवारण एवं जनरल जांच को लेकर शिविर आयोजित किया गया जिसमें आसपास के 8 गांव के 412 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं निशुल्क दवाइयां वितरित की गई एसबीआई संजीवनी के जिला समन्वयक योगेश चौहान ने बताया कि गांव के लोगों को उनके गांव में ही स्वास्थ्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया था । इस कार्यक्रम में भगवान टोला के सरपंच श्री महेंद्र कुमार पंचभये एवं पंचायत के पदाधिकारी एवं मितानिन सहयोग किया एवं एसबीआई संजीवनी टीम से डॉ एल साहू, डॉ, प्रवेश, डॉ वर्षा पाटले, योगेश चौहान जिला समन्वयक, लैब टेक्नीशियन आशीष साहू, फार्मासिस्ट मनोज कश्यप, स्टाफ नर्स दीपिका जोशी एवं एम एम यू पायलट लिखिल सहारे ने अपना सहयोग प्रदान किया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# कॉलेज में हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 30 अगस्त।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के शारीरिक शिक्षण विभाग अंतर्गत 29 अगस्त को महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.वी. रेवती के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर के मार्गदर्शन में हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, विशिष्ट अतिथि के रूप में लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, महेंद अग्रवाल,संजीव गोमास्तव, बालोद एसडीएम श्रीमती प्रतिमा ठाकरे, एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, थाना प्रभारी जितेंद वर्मा, सहा. प्राध्या. डॉ. प्रदीप जामबुलकर, डॉ. आशा चौधरी मंचस्थ थे। इस अवसर पर नगर स्तरीय बैडमिंटन टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया एवं प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले वरिष्ठ खिलाड़ी का महाविद्यालय द्वारा सम्मान किया गया। सभी अतिथियो ने कार्यक्रम को संबोधित कर सफल आयोजन के लिए आयोजक विभाग को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में समस्त अतिथियों को महाविद्यालय परिवार की और से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कीड़ा अधिकारी डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने किया।

### डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शोकाकुल परिवार से मिलने सिवनी पहुंचे

**डोंगरगढ़ 30 अगस्त।** ग्राम सिवनी के ग्राम पटेल श्री ज्ञान दास साहू जी का स्वर्गवास कुछ दिन पहले हुआ है वे अपने पीछे तीन बेटे वेदव्यास साहू, दयाल दास साहू, ईश्वर साहू एवं भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए घर जाकर उनके पिताजी के फोटो पर पूजार्चना की और 2 मिनट का मौन धारण करके उनके परिवार का ढांढस बंधाया और घर एवं गांव का हाल-चाल जाना डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के साथ उपस्थित थे डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, जिला कांग्रेस संयुक्त महामंत्री चुंम्मन साहू , राजू राजपूत, सेक्टर प्रभारी लालाराम वर्मा, रंजीत भारती, सालीक मरकाम एवं उनके पूरे परिवार उपस्थित थे ।



# आयुक्त ने बैठक में निर्माण कार्यों,योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 30 अगस्त।** तकनीकि अधिकारियों की बैठक में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने पेयजल व्यवस्था एवं शहर में चल रहे निर्माण कार्यो की तथा योजना के कार्यो की प्रगति की जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गणेश पर्व को देखते हुये शहर में पेचवर्क सहित विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के अलावा अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करे। बैठक में आयुक्त श्री गुप्ता ने पेयजल सप्लाई के बारे मे चर्चा कर शहर में स्थित पानी टंकियों के भरने की उप अभियंताओं से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी टंकी क्षमता के अनुरूप भरे और टंकी भरने के उपरांत ही पेयजल सप्लाई करे तथा कुछ क्षेत्रों में कम पानी आने की शिकायत का निराकरण करने कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वर्तमान में वर्षा ऋतु चल रही है, जिसमें पानी की खपत कम होती है इस आधार पर कम पानी आने वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर व्यवस्था दुरूस्त करे। अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नल को काटा जाये,पूर्व में नल काटा जा रहा था किन्तु वर्तमान में सार्वजनिक नल काटने की गति धीमी हो गयी है सर्वे कर नल काटने में तेजी लावे, जिससे पर्याप्त पेयजल सप्लाई हो सके। उन्होंने चिखली अंडर ब्रिज निर्माण के दौरान आ रही पाईप लाईन के कार्य का जल्द समाधान करने के निर्देश दिये। उन्होंने अमृत मिशन के अधिकारियों से कहा कि वार्डो के कुछ क्षेत्रों में नल कनेक्शन छुट गया है, पार्षदों से सम्पर्क कर नल कनेक्शन देने की कार्यवाही करे।

## कलेक्टर ने जिले के सभी चिकित्सा संस्थान प्रमुखों की ली बैठक

# चिकित्सालय पहुंचने वाले मरीज के तत्काल इलाज की व्यवस्था करें:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 30 अगस्त ।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज यहां जिले में संचालित जिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कालेज, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, नर्सिंग होम एवं अन्य चिकित्सकीय संस्थानों के सुरक्षा की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने चिकित्सा से संबंधित क्लीनिक एवं अन्य चिकित्सकीय संस्थानों संचालकों से कहा कि चिकित्सकीय सेवा सबसे महत्वपूर्ण मानवीय सेवा हैं। इसकों बेहतर बनाए रखने के लिए हमें विशेष रूप से ध्यान देना है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय संस्थानों में जब भी मरीज ईलाज के लिए आते हैं, तो उन्हें चिकित्सक तत्काल समय देकर उनका ईलाज प्रारंभ करें। उनका समय पर ईलाज सुनिश्चित करें, इससे किसी अनावश्यक समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही अपनी संस्था की विश्वसनीयता को बनाए रखने का प्रयास करें। इसके अलावा संस्था में सभी प्रकार के आवश्यक सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं को बनाए रखें। आवश्यकता पडऩे पर सीसीटीवी कैमरे के साक्ष्य काम आते हैं। इसके अलावा संस्थान के आस-पास अवांछित लोगों की भी निगरानी होती है और आवश्यकता पडऩे पर उन पर कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने सभी चिकित्सकीय संस्थान के संचालकों से आग्रह करते हुए कहा कि मरीजों की सेवा करना एक सम्मानीय एवं महत्वपूर्ण सेवा है, मरीजों के त्वरित ईलाज का प्रयास करें। इससे मरीजों के परिजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी और उनके आक्रोश का भी सामना नहीं करना पड़ेगा। चिकित्सक अपने व्यवहार पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करने के साथ ही समय पर त्वरित रिस्पांस सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि सभी चिकित्सकीय संस्थान अपने यहां आवश्यक सीसीटीवी कैमरा लगाना सुनिश्चित करें, ताकि चिकित्सालय में होने वाली किसी भी घटना की जानकारी साक्ष्य के रूप में रखी जा सकेगी। इसके अलावा संस्थान के आस-पास लोगों की भीड़ एवं उनकी निगरानी आसानी से की जा सकेंगी। इन कैमरों में गुणवत्तापूर्ण हार्ड डिस्क लगवाएं और कम से कम छह माह तक का बैकअप रखें। इन सभी कैमरों को कंट्रोल रूम के कैमरों से जोड़ दिया जाएगा। साथ ही संस्थान में गार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करें, गार्ड यूनिफार्म में हो और प्रशिक्षित भी हों, ताकि आमजन एवं मरीज के परिजनों से अच्छी तरह से बातचीत कर सके।

## समाचार संक्षेप

### राजा खुज्जी में हुआ रामधुनी का आयोजन



**डोंगरगांव 30 अगस्त।** गत दिनांक 26 व 27 अगस्त को ग्राम विकास समिति एवम समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से दो दिवसीय रामधूनी प्रतियोगिता एवं गोविंदा उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें अंचल के ख्याति लब्ध मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियां दी उक्त आयोजन के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश गांधी ने प्रतियोगिता का विधिवत्त शुभारंभ किया उनके साथ कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि कैलाश शर्मा, उत्तमचंद नाहटा, शिव गोविंद पंसारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।शुभारंभ अवसर पर अतिथियों का ग्राम विकास समिति के द्वारा भव्य स्वागत किया गया उक्त दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर लोक रागनी बाल समाज ग्राम ठेठवार लंझिया,द्वितीय स्थान पर श्री राधे गोविंद रामधुनी मंडली ग्राम मोहगांव ,तृतीय स्थान पर जय मां दुर्गा रामधुनी मंडली ग्राम पेंडरवानी ,चतुर्थ स्थान पर जय बजरंग रामधुनी मंडली ग्राम धामनसरा, पंचम स्थान पर जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली ग्राम कसही, एवं षष्ठम स्थान पर श्री आदर्श रामधुनी मंडली ग्राम कापा ,और अंतिम सप्तम स्थान पर जय बजरंग रामधुनी मंडली ग्राम परसाडीह रही । कार्यकम को सफल बनाने में गुलशन साहू, संतोष पटेल, गुलशन देवांगन, जागेंद्र सोनकर, गजेंद्र साहू, मनीष मालेकर, खोमराज देवांगन, जगत सोनकर, ईश्वर सिन्हा ,राम रतन सोनकर, शिव गोविंद पंसारी, ओमकार देवांगन, छगन निषाद,विमल जैन ,आशु गोस्वामी, अजय गायकवाड, , पीतांबर निषाद ,त्रिलोक साहू घनश्याम साहू, महेश पटेल, अंजुमन देवांगन, देवराज निषाद, अंकित यादव, हर्षित यादव, शुभम जैन, नागेश्वर ठाकुर, राज सोनकर ,देवेश पटेल सहित आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### स्कूली बच्चों को सफाई के लिए किया जागरूक



**छूरिया 30 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच राजनांदगांव द्वारा संचालित एम एम यू टीम द्वारा ग्राम मांगीखुटा विकासखंड डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला मांगीखूटा में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें शाला मांगीखुटा के बच्चों एवं शिक्षकों ने अपना सहयोग प्रदान किया कार्यक्रम के तहत बच्चों को माहवारी स्वच्छता शाला प्रांगण की स्वच्छता शारीरिक स्वच्छता अपने घरों के आसपास की स्वच्छता पानी की स्वच्छता एवं हाथ धुलाई के पांच प्रकार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही स्वच्छता संकल्प लिया गया। साथ ही शाला के प्रधान पाठक को शिखर युवा मंच टीम ने स्वच्छता सामग्री दी गई , इस कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठक श्री शैलेंद्र मिश्रा श्री अवधेश कांकरायने एसबीआई संजीवनी टीम से जिला समन्वयक योगेश चौहान डॉक्टर प्रवेश साहू लैब टेक्नीशियन आशीष साहू फार्मासिस्ट मनोज कश्यप स्टाफ नर्स दीपिका जोशी एवं एम एम यू के पायलट निखिल सहारे ने अपना सहयोग प्रदान किया।

### मुख्य मार्ग में गैस पाइप लाइन कंपनी के खुदाई करने से राहगीरो को हो रही परेशानी

**डोंगरगढ़/रामाटोला 30 अगस्त।** गैस पाईप लाईन कंपनी द्वारा रामाटोला से धनडोंगरी जाने वाले मार्ग के बीच सड़क में खुदाई कर दिए जाने के कारण मेढ़ा, पटपर, पिनकापार, धनडोंगरी, मोतीपुर, भोथली, रामाटोला के ग्रामीण राहगीरो सहित स्कूली छात्र छात्राओं को मुश्किलो का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों बताया कि गेल गैस पाइप लाईन के कर्मचारियों के द्वारा मुख्य मार्ग की खुदाई करके पाइप लाईन बिछाया गया है व उक्त पाईप लाईन को ढकने के लिए थोड़ा बहुत मुरुम व बजरी गिट्टी डाल दिया गया है और बारिश की वजह से सड़क धसने लगी है जिससे मोटर साइकल सहित चारपहिया वाहन फंस जा रहा है जिससे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वंही दूसरी ओर स्कूली छात्र छात्राओं ने बताया कि गांव में स्कूल बस रास्ता खराब होने की वजह से नही आ रही है जिससे स्कूल जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बात की शिकायत कंपनी के कर्मचारियों से करने पर पल्ला झाड़ दिया गया व रोड को सुधारने के लिए कोई पहल नहीं की गई। मुख्य मार्ग को क्षतिग्रस्त करने सहित ग्रामीण राहगीरों को मार्ग में आने जाने में हो रही परेशानियों व सुधार के संबंध ग्रामीण शीघ्र ही डोंगरगढ़ एसडीएम से कंपनी के विरुद्ध शिकायत कर निराकरण की मांग की जायेगी।



## संपादकीय

# नक्सलवाद से मोहभंग तो शुभ संकेत है

नक्सलवाद बरसों से छत्तीसगढ़ की गंभीर समस्या बना हुआ है। कई सरकारें आई-गईं, सबने करोड़ों रुपए खर्च किए और नक्सलवाद पर नियंत्रण का दावा किया लेकिन नक्सलवाद का समूल नाश कोई सरकार नहीं कर सकी है। सरकार ने विकास कार्य से लेकर,नक्सलियों के पुनर्वास, नक्सलियों पर कार्रवाई की लेकिन लेकिन कभी ऐसा नहीं लगा कि क्षेत्र में नक्सलवाद को कोई खास फर्क पड़ा है। वह हमेशा हिंसा व हमले की वारदातें करा कर अपनी मौजूदगी का एहसास कराते रहे। जितने लोग सरेंडर करते, जितने लोग पकड़े जाते, नक्सली उतने नए लोगों की भर्ती कर अपने को मजबूत बनाए रखते। कोई भी सरकार रहे वह अपना प्रभाव क्षेत्र बनाए रखने मे सफल रहे, लोगों को डराने व समझाने में सफल रहे कि यह हमारा क्षेत्र है, यहां वही होगा जो हम चाहेंगे।साय सरकार के आने के बाद ही पहली बार बस्तर के लोगों को लगा है कि अब बस्तर में वही नहीं होगा जो नक्सली चाहेंगे, अब बस्तर में तो वही होगा जो सरकार चाहेगी, जो पुलिस व जवान चाहेंगे। सही मायने में पहली बार ऐसा लग रहा है कि नक्सली कमजोर हुए हैं। बस्तर में नक्सलियों की कमर तोड़ दी गई है। हालांकि वह छिटपुट हिंसा का वारदातें कर अपन मौजूदगी का एहसास करा रहे हैं लेकिन वह कोई बड़ी वारदात नहीं कर पा रहे हैं। वह पुलिस व जवानों पर कोई बड़ा हमला नहीं कर पा रहे है ,जबकि पुलिस व सुरक्षा बल के जवान आए दिन उनके सुरक्षित इलाके में घुसकर उनको मार रहे हैं। जवानों ने उनके इलाकों में घुसकर इतने हमले किए है कि अब नक्सलियों के लिए बस्तर में कोई सुरक्षित इलाका नहीं रह गया है। सुरक्षा बलों के जवानों पर पहले नक्सलियों के हमले का डर होता है, साय सरकार के समय अब नक्सलियों को जवानों के हमले का खौफ रहता है, वह डरते हैं कि पता नहीं कब सुरक्षा बल के जवान उनके ठिकानों पर हमला कर दे। सुरक्षा बलों के कैंप खुलने का यह फायदा हुआ है कि बस्तर में अब नक्सलियों की पहले जैसा खौफ नहीं रह गया है, उनके मूवमेंट की जानकारी मिल रही है, उन पर हमला करना आसान हो गया है। उनको मारा जाना आसान हो गया है। उससे नक्सलियों में कभी भी मारे जाने का खौफ पैदा हो गया है और इसी खौफ की वजह से ज्यादा बड़ी संख्या में नक्सली आए दिन सरेंडर कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि नक्सली पहले सरेंडर नहीं करते थे, नक्सली पहले भी सरेंडर करते थे। वर्ष2020 में 342,21 में 551,22 में 413,23 में 398 व 24 में मात्र सात माह में ही 550 नक्सलियों ने सरेंडर किया है,अभी पांच माह इस साल के बाकी है, जिस तरह नक्सलियों का सरेंडर जारी है, उससे तो लगता है कि इस बार नक्सली रिकार्ड सरेंडर कर सकते हैं। पहले नक्सली सरेंडर करते थे तो उसकी वजह दूसरी होती थी, वह पुलिस से बचने के लिए भागते भागते थक जाते थे तो समाज की मुख्य धारा में आकर शांति का जीवन जीना चाहते थे। तब उनको मारे जाने का खौफ नहीं होता था, वह यह सोचते ही नहीं थे कि पुलिस उनको उनके इलाके में घुसकर मार सकती है। आज बड़ी संख्या में नक्सली सरेंडर कर रहे हैं तो उसकी बड़ी वजह है कि आज नक्सलियों को लगता है कि वह सरेंडर नहीं करेंगे तो किसी भी दिन मारे जाएंगे। पुलिस व जवानों ने नक्सलियों में जो मारे जाने का खौफ पैदा किया है, उसी का परिणाम है कि आज बड़ी संख्या में नक्सली सरेंडर कर रहे हैं, नक्सलियों की नक्सलवाद से मोहभंग हो रहा है। सात माह में 550 नक्सलियों का सरेंडर करना इस बात सबूत है कि अब नक्सलवाद बस्तर में कमजोर हो रहा है, बस्तर में नक्सलियों की संख्या हर माह कम होती जा रही है। पहले की सरकारें बस्तर में नक्सलियों की संख्या तक कम नहीं कर पाती है, इसलिए नक्सलवाद बस्तर में बचा ही रहता था, बना ही रहता था। आज नक्सल प्रभावित राज्यों में भाजपा सरकारे बनने के कारण भी नक्सलियों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई हो रही है, वह भाग कर किसी भी राज्य में जाए वहां वह मारे जा रहे हैं या पकड़े जा रहे हैं। पहले कई राज्यों में कांग्रेस की सरकार होती थी तो उसकी नरमी के कारण भी नक्सली बच जाते थे। भाजपा व कांग्रेस में यही फर्क है कि कांग्रेस ने कभी चाहा नहीं नक्सलियों का समूल नाश हो, भाजपा का एकमात्र लक्ष्य है नक्सलियों का समूल नाश।

विश्लेषण

किशन सनमुखदास भावनानी

# यूपी डिजिटल मीडिया नीति-2024 मील का पत्थर साबित होगी

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर दुनियां का हर देश आज डिजिटल हो गया है,तो कुछ देश होने की राह पर हैं इस डिजिटाइजेशन ने हमारे जीवन को अति आसान व सुलभ बना दिया है,महीनों का काम मिनटों में हो जाता है। बटन दबाते ही डीबीटी से हितधारकों के पास रुपया पहुंचजाता है। सात समंदर पास पर बैठे व्यक्ति से भी यूं सेकंडों में व्हाट्सएप कॉलिंग से फेस टू फेस बात की जा सकती है तो, डिजिटल मीडिया की तो बात ही कुछ और है। हर मोबाइल यूजर व्यक्ति को आज सोशल मीडिया जैसे फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम युटुब सहित अनेकों प्लेटफॉर्म्स उपलब्ध है,परंतु उनके पास वक्त बहुत कम हो गया है, यानें आज डिजिटल युग में मानवीय जीव को 24 घंटे भी कम पड़ रहे हैं।परंतु इस सरलीकरण और कनेक्टिविटी ने अनेक दोष भी उत्पन्न किए हैं जिसका सटीक उदाहरण तुरंत दंगों की गति पकड़ना, आज हम घरेलू रूप से बंगाल बिहार राजस्थान सहित एब्रॉड देशों में भी देखते हैं कि थोड़ा सा माहौल बिगड़ता है और इंटरनेट को उन क्षेत्रों में बंद कर दिया जाता है, ताकि सोशल मीडिया का उपयोग न कर सके, क्योंकि एक पोस्ट से माहौल विपरीत दिशा में पलट जाता है। ठीक उसी प्रकार आज अनेक अश्लील, अभद्र व आपत्तिजनक पोस्ट कुछ खुरापाती लोगों द्वारा डाले जाते हैं,जिससे राष्ट्र का सौहादर्पूर्ण माहौल बिगड़ जाता है वहीं कुछ ऐसे महान शिक्षाविद मानवीय जीव भी हैं जो व्हाट्सएप पोस्ट ऐसा करते हैं कि,सांप भी मरे और लाठी बिना टूटे, या हींग लगे ना फिटकरी रंग चोखा आए,यानें उस पोस्ट से अपने विरोधीपर टांटिंग भी हो जाए और कानूनी रूप से सेफ भी रहे। आज हम इस विषय पर बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि मैं एक अति हाई प्रोफाइल शिक्षाविद व्हाट्सएप ग्रुप का सदस्य हूं जिसमें दिनांक 28 अगस्त 2024 को देर शाम एक समिति के एक पक्ष ने तीन पोस्ट डाले तो इस समिति के दूसरे पक्ष ने भी काउंटर जवाब में शानदार तीन पोस्ट डालें जो बिल्कुल कानून के दायरे में थे, इसी वजह से मुझे प्रौद्योगिकी अधिनियम 2009 व प्रौद्योगिकी आचार संहिता (संशोधित) नियम 2023 की याद आई फिर मैंने देर रात्रि इसपर रिसर्च शुरू की और उत्तर प्रदेश डिजिटल नीति 2024 सहित सब की समरी बनाकर आर्टिकल तैयार किया। चुंकि यूपी डिजिटल मीडिया नीति 2024 में,आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर उम्र कैद तक की सजा व विज्ञापन का श्रेणीवार 8 प्रतिमाह तक भुगतान की भी योजना बनाई गई है।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट पर लगाम व नकेल कसने व शासकीय योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में यह नीति मील का पत्थर साबित होगी तथा यूपी डिजिटल मीडिया नीति 2024 मॉडल के अनुकरण का स्वतःसंज्ञान सभी राज्यों को लेना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम यूपी डिजिटल मीडिया नीति 2024 को समझने की करें तो,सोशल मीडिया पर कई तरह के पोस्ट वायरल होते रहते हैं, चाहे वो सही हों या गलत लेकिन,अब उत्तर प्रदेश में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों की खैर नहीं है, क्योंकि सीएम की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यूपी डिजिटल मीडिया नीति-2024 को 27 अगस्त 2024 को मंजूरी दी गई है। इस नीति में सोशल मीडिया पर काम करने वाली एजेंसी और फर्म को विज्ञापन की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही अभद्र या राष्ट्र विरोधी पोस्ट डालने वालों पर सख्त कानूनी कारर्वाई के प्रावधान भी किए गए हैं।अभी सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर पुलिस द्वारा आईटी एक्ट की धारा 66 (ई) और (एफ) के तहत कारर्वाई की जाती है। अब प्रदेश सरकार पहली बार ऐसे मामलों पर नियंत्रण के लिए नीति ला रही है।इसके तहत दोषी पाए जाने पर तीन साल से लेकर उम्र कैद (राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में) तक की सजा का प्रावधान है। इसके अलावा अभद्र और अश्लील सामग्री पोस्ट करने पर आपराधिक मानहानि के मुकदमे का सामना भी करना पड़ सकता है। केंद्र सरकार ने ऐसी हरकतों पर अंकुश लगाने के लिए इंटरमीडियरी गाइडलाइंस एंड डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड (संशोधित)2023 जारी किए थे। इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर डिजिटल एजेंसी और फर्म के लिए विज्ञापन की व्यवस्था भी की गई है।पॉलिसी के अनुसार, यूपी सरकार की कल्याणकारी और लाभकारी योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में सामग्री/ट्वीट/वीडियो/पोस्ट/रील बनाने और शेयर करने पर एजेंसियों/फर्मों को विज्ञापन देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। नीति को मंजूरी मिलने से देश के अन्य हिस्सों और यहां तक ??कि विदेशों में रहने वाले उत्तर प्रदेश के निवासियों को रोजगार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। विभाग ने सब्सक्राइबर/फॉलोअर्स के आधार पर इन्फ्लुएंसर्स एजेंसियों/फर्मों को चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया है।नीति में कहा गया है कि श्रेणी के अनुसार, एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर इन्फ्लुएंसर्स/अकाउंट होल्डर्स/ऑपरेटरों को अधिकतम क्रमशः 5 लाख रुपये, 4 लाख रुपये, 3 लाख रुपये और 2 लाख रुपये प्रति माह का भुगतान किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि नीति के अनुसार, सब्सक्राइबर फॉलोअर्स के आधार पर परिभाषित श्रेणी के अनुसार यूट्यूब पर वीडियो/शॉर्ट्स/पॉडकास्ट के लिए भुगतान क्रमशः 8 लाख रुपये, 7 लाख रुपये, 6 लाख रुपये और 4 लाख रुपये प्रति माह होगा।इसके अलावा, सरकार ने अपने कार्यों और नीतियों के प्रचार के लिए एक नई सोशल मीडिया पॉलिसी भी लागू की है, इस पॉलिसी के अनुसार सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को भुगतान किया जाएगा। लेकिन इस नीति के अंतर्गत इनफ्लूएंसर्स को सूचना विभाग में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। इस पॉलिसी के तहत एक्स जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफार्म के इनफ्लुएंसर के लिए समान श्रेणियां निर्धारित की गई है। जिन्हें उनके फॉलोअर्स की संख्या के आधार पर 4 अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है।

प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी लाभकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी और उसके लाभ को लोगों तक डिजिटल व सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचाने के लिए यह नीति लाई गई है। साथियों बात अगर हम भारत सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती संस्थाओं के लिए दिशा निर्देश व डिजिटल मीडिया आचार संहिता) संशोधित नियम 2023 की करें तो, नियमों की मुख्य विशेषताएं भारत में अधिसूचित सीमा से ऊपर पंजीकृत उपयोगकर्ताओं वाले सोशल मीडिया मध्यस्थों को महत्वपूर्ण सोशल मीडिया मध्यस्थों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इनको कुछ अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है जैसे अनुपालन के लिए कुछ कर्मियों की नियुक्ति करना, कुछ शर्तों के तहत अपने प्लेटफॉर्म पर सूचना के पहले स्रोत की पहचान करने में सक्षम बनाना और कुछ प्रकार की सामग्री की पहचान करने के लिए सवोत्तम प्रयास के आधार पर प्रौद्योगिकी-आधारित उपायों को लागू करना।नियमावली में समाचार और समसामयिक विषयों की सामग्री तथा संपादित दृश्य-श्रव्य सामग्री के ऑनलाइन प्रकाशकों द्वारा सामग्री के विनियमन के लिए रूपरेखा निर्धारित की गई है।सभी मध्यस्थों को उपयोगकर्ताओं या पीड़ितों की शिकायतों के समाधान के लिए शिकायत निवारण तंत्र प्रदान करना आवश्यक है। प्रकाशकों के लिए स्व-नियमन के विभिन्न स्तरों के साथ एक त्रि-स्तरीय शिकायत निवारण तंत्र निर्धारित किया गया है। प्रमुख मुद्दे और विश्लेषण ये नियम कुछ मामलों में अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों से परे जा सकते हैं, जैसे कि वे महत्वपूर्ण सोशल मीडिया मध्यस्थों और ऑनलाइन प्रकाशकों के विनियमन का प्रावधान करते हैं, और कुछ मध्यस्थों को सूचना के प्रथम स्रोत की पहचान करने की आवश्यकता होती है।ऑनलाइन सामग्री को प्रतिबंधित करने के आधार बहुत व्यापक हैं और इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है।मध्यस्थों के कब्जे में मौजूद सूचना के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा किए गए अनुरोधों के लिए कोई प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय नहीं हैं।मैसेजिंग सेवाओं के लिए अपने प्लेटफॉर्म पर सूचना के प्रथम स्रोत की पहचान सुनिश्चित करना, व्यक्तियों की गोपनीयता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। मध्यस्थ ऐसी संस्थाएं हैं जो अन्य व्यक्तियों की ओर से डेटा संग्रहीत या संचारित करती हैं, और इसमें दूरसंचार और इंटरनेट सेवा प्रदाता, ऑनलाइन बाजार, खोज इंजन और सोशल मीडिया साइटें शामिल हैं।[1] सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (आईटी अधिनियम) को किसी तीसरे पक्ष की जानकारी के लिए मध्यस्थों को दायित्व से छूट प्रदान करने के लिए 2008 में संशोधित किया गया था।[2] इसके बाद, आईटी (मध्यस्थ दिशानिर्देश) नियम, 2011 को आईटी अधिनियम के तहत तैयार किया गया ताकि मध्यस्थों को ऐसी छूट का दावा करने के लिए उचित परिश्रम की आवश्यकताओं को निर्दिष्ट किया जा सके। [3] सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 को 2011 के नियमों को बदलने के लिए 25 फरवरी, 2021 को अधिसूचित किया गया था।[4] 2021 के नियमों के तहत प्रमुख परिवर्धन में कुछ सोशल मीडिया मध्यस्थों के लिए अतिरिक्तउचित परिश्रम की आवश्यकताएं और समाचार और समसामयिक मामलों के ऑनलाइन प्रकाशकों की सामग्री को विनियमित करने के लिए एक ढांचा और क्यूरेटेड ऑडियो-विजुअल सामग्री शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने उल्लेख किया कि व्यापक चिंताओं के कारण ये बदलाव आवश्यक थे:(i) बाल पोनोग्राफी और यौन हिंसा को दर्शाने वाली सामग्री का प्रचलन,(ii) फर्जी खबरों का प्रसार,(iii) सोशल मीडिया का दुरुपयोग,(iv) ओटीटी प्लेटफार्मों और समाचार पोटर्लों सहित ऑनलाइन प्रकाशकों के मामले में सामग्री विनियमन,(v) डिजिटल प्लेटफार्मों से पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी, और (vi) डिजिटल मीडिया प्लेटफार्मों के उपयोगकर्ताओं के अधिकार।

## आज का राशिफल

**मेष-** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपके सुख-साधनों में वृद्धि होगी और आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। यदि आपने नौकरी में बदलाव की योजना बनायी है, तो वह दूर हो सकती है। आपको अपने कामों को लेकर कार्यक्षेत्र में ऑफिस में लोगों से कोई मदद लेनी पड़ सकती हैं। संतान पक्ष की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपने माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे।

**वृषभ-** आज आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आपके खर्च करने की आदत से आपका काफी नुकसान हो सकता है। आज लोग आपका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। यदि आपको किसी बात को लेकर कोई तनाव चल रहा था, तो वह दूर होगा, जिससे आपके मन में शांति बनी रहेगी। आप बच्चों के साथ कुछ समय खेलकूद में व्यतीत करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको कोई जोखिम ही मिटाने से बचना होगा। आप किसी यात्रा पर जाने के प्लानिंग कर सकते हैं। आपको शॉपिंग पर जाना पड़ सकता है।

**मिथुन-** आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा और धन संबंधित निर्णय को आप बहुत जल्दबाजी में बिल्कुल ना लें। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगे। घूमने फिरने की आप प्लानिंग कर सकते हैं। गृहस्थ जीवन में कुछ खटपट बनी रहेगी। आपके भाई बहन आपके कामों में पूरा साथ देंगे। यदि आपने किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने का सोचा है, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। आपके घर से दूर जाकर किसी काम को करना बेहतर रहेगा।

**कर्क-** आज का दिन आपके लिए व्यावसायिक मामलों में अच्छा रहने वाला है। आपको वाणी व व्यवहार पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। आप अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखें। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। ससुराल पक्ष से आपको किसी बात को लेकर कोई बहसबाजी नहीं करनी है। जीवनसाथी की सेहत में कुछ गिरावट आ सकती है। माताजी को परिवार में सदस्यों को लेकर कहीं धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी।

**सिंह-** आज के दिन आपके लिए कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को किसी डेट पर ले जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। विवाहित जातकों के जीवन में उनके साथी की दस्तक हो सकती है। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आप अपने कामों को लेकर कहीं यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। किसी विपरीत परिस्थिति में भी आपको धैर्य बनाए रखना होगा। आपको अपने कामों में सोच समझकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

**कन्या-** आज का दिन आपके लिए पद- प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान होगा। आपको एक से स्रोतों से आपको आय प्राप्त होगी। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि चोरी हो गई थी, तो वह आपको वापस मिल सकती है। आपको किसी कानूनी मामले में पड़ने से बचना होगा। नौकरी में अपने बॉस की बातों को नजरअंदाज ना करें, नहीं तो बाद में आपको इसके लिए पछताना पड़ सकता है।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलते रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपके दिए गए सुझावों का स्वागत होगा। सेहत को लेकर चिंतित रहेंगे। आपको अपने कामों में कोई ढील देने से बचना होगा। यदि आप किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था आदि से धन उधार लेंगे, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आप अपने जीवनसाथी को लेकर कहीं शॉपिंग पर जा सकते हैं। आपके विरोधी आपके कामो में रोड़ा अटकाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक-** आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आएगा। आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको ससुराल पक्ष से धन लाभ मिलता दिख रहा है, जिससे आपका मनोबल ऊंचा रहेगा। आपको किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचना होगा। आप अपनी सेहत में यदि कोई लापरवाही बरतेंगे, तो इससे बाद में आपको पछताना पड़ सकता है। प्रॉपर्टी से संबंधित कोई विवाद खड़ा होने की संभावना है, इसलिए यदि आपका किसी पैतृक संपत्ति को लेकर कोई लड़ाई झगड़ा हो, तो आप उसमें बड़े सदस्यों की राय अवश्य लें। आपको किसी मांगलिक कार्यक्रम में जाना पड़ सकता है।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको कुछ समस्याओं के कारण कुछ बेवजह का तनाव रहेगा, जिसका असर आपके कामों पर भी पड़ेगा। वैवाहिक जीवन में साथी से चल रही अनबन को दूर करने की आवश्यकता है। बिजनेस को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य को लेकर घर से दूर जाना पड़ सकता है। आपको परिवार के सदस्यों की याद सता सकती है। विद्यार्थी अपने मित्रों के साथ मौज मस्ती करने में काफी समय बर्बाद करेंगे।

**मकर-** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको कोई परिजन आपसे मिलने आ सकता है। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलेगा। पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल ना करें। आपको जमीन जायदाद से जुड़े मामलों में जीत मिलती दिख रही है। आपका डूबा हुआ धन इस सप्ताह आपको मिल सकता है। आपका कुछ नए कार्यों में रुचि बढ़ेगी, जो आपकी सेहत को थोड़ा कमजोर करेगी, इसलिए आप अपने खाने में अत्यधिक तले भुने मसाले से परहेज रखें। आपको संतान की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**कुंभ-** आज का दिन आपके लिए अकस्मात धन लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको बिजनेस में अच्छे लाभ मिलने के योग बनते दिख रहे हैं। आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आप अपने कामों को लेकर व्यस्त रहेंगे। दीघर्कालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आप किसी काम को लेकर यदि परेशान चल रहे थे, तो वह वरिष्ठ सदस्यों की मदद से पूरा हो सकता है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहना वाला है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे और आपको आर्थिक स्थिति भी बेहतर रहेगी, जिससे आपको अपने खर्चों को लेकर कोई चिंता नहीं रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में रोमांस बढ़ेगा और दोनों एक दूसरे के साथ कहीं बाहर जा सकते हैं। आपको यदि आंखों से संबंधित कोई समस्या परेशान कर रही थी, तो वह आज बढ़ सकती है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोग अपने जूनियर से कोई काम निकलवाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे।

## कार में हेलमेट

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

भारत में सड़क पर चलना जैसे जंग का मैदान हो गया है। जहां एक तरफ सड़क पर फिसलती गाड़ियाँ और प्रदूषण का कुहासा आम बात है, वहीं दूसरी ओर नित नए नियम और कानून लागू किए जा रहे हैं। हाल ही में एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने मेरे जैसे सामाजिक व्यंग्यकार को चकित कर दिया। कार में हेलमेट न पहनने के चलते चालान काटा गया! जी हाँ, आप सही पढ़ रहे हैं। यह व्यंग्य उसी हास्यास्पद घटना पर आधारित है। इस नई व्यवस्था का आधार यह है कि हेलमेट का उपयोग केवल दोपहिया वाहनों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। जब कार चलाते समय आपकी कार के चारों ओर एयरबैग्स, एबीएस और अन्य सुरक्षा उपकरणों से लैस हैं, तब भी एक हेलमेट की जरूरत महसूस की गई। क्या अब हमें यह मान लेना चाहिए कि हेलमेट का प्रयोग केवल बाइक वालों के लिए नहीं, बल्कि अब कार ड्राइविंग के लिए भी अनिवार्य है? हेलमेट नहीं पहनने पर चालान कटेगा, यह घोषणा सुनते ही मैंने सोचा, ₹क्या अब हमें कार की छत पर हेलमेट लगाना होगा? या फिर हमारी कार की विंडशील्ड को भी हेलमेट में बदलना होगा? स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि अगले कदम के रूप में हमें कार के भीतर पूरी सुरक्षा कवच पहनने की सलाह मिल सकती है। एक मित्र ने तो यह भी कह दिया, ₹अब मुझे अपनी गाड़ी की सीट बेल्ट के साथ-साथ हेलमेट भी पहनना पड़ेगा। आखिरकार, अगर मैं दुर्घटनाग्रस्त हो गया, तो कम से कम मेरा सिर सुरक्षित रहेगा !₹ यह वाकई में एक परिप्रेक्ष्य को बदलने वाला विचार है। हम अपनी कार को पूरी तरह से बुलेटप्रूफ बनाकर चलाने लगेंगे और शायद एक दिन पंख लगाकर सड़क पर उड़ेंगे। हमारे यहाँ की सुरक्षा व्यवस्था का यह भी हाल है कि अब किसी भी स्थान पर जाकर आपके हाथ में हेलमेट, आपके सिर पर हेलमेट, और कार की छत पर भी हेलमेट लगा होना अनिवार्य हो जाएगा। क्या यह सुरक्षा का एक नया रूप है या फिर इसे हास्य का एक नया प्रारूप माना जाए? चालान काटने वाले अधिकारी भी अब यह समझने लगे हैं कि हेलमेट के बिना कार चलाना 'खतरनाक' हो सकता है। उन्होंने एक और नियम लागू किया है कि ₹कार के अंदर हवा की गति को नियंत्रित करने के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। इससे तो ऐसा लगता है कि हम सभी अब हेलमेट के बिना कार चला नहीं सकते, चाहे फिर हमारे पास कितनी भी सुरक्षा सुविधाएँ क्यों न हों। एक जगह पर मैंने सुना, ₹अब सड़क पर चलने के लिए हमें गन सेंस और लुकिंग ग्लास के साथ-साथ हेलमेट भी चाहिए।₹ इस बात को सुनकर हंसी आई कि कभी हमने सोचा था कि सुरक्षा के नाम पर इतने सारे बदलाव होंगे। चलिए, हमें अब अपने कार के इंटीरियर्स को एक नए रूप में सजाने का सोच लेना चाहिए। दूसरे लोगों का भी कहना है कि अब सड़क पर चलना एक तरह की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का खेल बन गया है। आपको केवल नियमों का पालन करना है और फिर आपकी गाड़ी पूरी तरह से सुरक्षित है। ₹क्या अगला कदम यह होगा कि हमें गाड़ी चलाते समय भी एयरबाग्स पहनने पड़ेंगे?₹ इस सवाल ने सभी को हंसने पर मजबूर कर दिया। मुझे लगता है कि हमें एक नया डिजाइनर हेडगियर बनाना पड़ेगा, जो न केवल सड़क पर चलने में सुविधा प्रदान करे, बल्कि ट्रैफिक नियमों के पालन में भी सहायक हो। शायद यह एक नई इन्शुरेंस पॉलिसी का हिस्सा बन जाए! किसी ने यह भी कहा, अगर सड़क पर हर कोई हेलमेट पहनेगा, तो क्या सड़क पर गाड़ी चलाना भी एक नई ट्रेंड बन जाएगी? यह बात बहुत हद तक सही लगती है। अब हमें अपनी कार में प्रवेश करते ही पूरी सुरक्षा चादर के साथ हाज़िर होना होगा। हास्य और व्यंग्य का भी अपना स्थान है। और, यदि इस प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था लागू होती है, तो हमें इसे एक नए दृष्टिकोण से देखने की जरूरत है। इस प्रकार, अगर आप अगली बार सड़क पर निकलें और किसी ने आपके कार में हेलमेट न पहनने पर चालान काटा, तो समझ जाइए कि यह न केवल आपकी सुरक्षा के लिए है, बल्कि समाज की हंसी-ठिठोली का भी हिस्सा है।

# डेंटल प्रॉब्लम से परेशान हैं?

दांतों से जुड़ी समस्याएं कई लोगों के लिए एक आम परेशानी है. लेकिन कई बार यह गंभीर बीमारी के शुरुआती संकेत हो सकते हैं. मुंह, होंठ, जीभ और गले को प्रभावित करने वाले ओरल कैंसर को अक्सर कम गंभीर दांतों की समस्या समझ लिया जाता है. शुरुआती पहचान बहुत जरूरी है, इसलिए चेतावनी के संकेतों के बारे में पता होना काफी फायदेमंद हो सकता है. यहाँ ओरल कैंसर के पांच चेतावनी संकेत दिए गए हैं जिन्हें आपको नज?अंदाज नहीं करना चाहिए.

**लगातार मुंह के छाले**-कभी-कभार मुंह में छाले होना सामान्य बात है, खासकर तब जब आप गलती से अपना गाल काट लें या कुछ ऐसा खा लें जिससे आपके मुंह में जलन हो. हालांकि, अगर घाव दो सप्ताह से ज़्यादा समय तक बना रहे और ठीक न हो, तो यह मुंह के कैंसर का संकेत हो सकता है. उन घावों पर ध्यान दें जिनसे आसानी से खून बहता हो या असामान्य रूप से दर्द होता हो.

**गांठ या मोटे पैच**-अगर आपको अपने मुंह, जीभ या गले में गांठ या ऊतक का मोटा पैच दिखाई देता है जो ठीक नहीं होता है, तो इसकी जांच करवाना जरूरी है. ये सौम्य हो सकते हैं, लेकिन ये घातक ट्यूमर की उपस्थिति का संकेत भी दे सकते हैं.

**बिना किसी कारण के ब्लीडिंग**-जबकि मसूड़ों से कभी-कभार होने वाला ब्लीडिंग बहुत जोर से ब्रश करने या मसूड़े की सूजन के कारण हो सकता है, लेकिन मुंह से बिना किसी कारण के ब्लीडिंग को कभी भी नज?अंदाज नहीं करना चाहिए. यह मुंह के कैंसर जैसी किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है, खासकर अगर यह बार-बार और बिना किसी स्पष्ट कारण के होता है.

**निगलने में कठिनाई या गले में लगातार खराश**-अगर आपको निगलने में कठिनाई होती है, गले में लगातार खराश रहती है या ऐसा लगता है कि आपके गले में लंबे समय से कुछ फंसा हुआ है, तो यह सिर्फ सामान्य सर्दी-जुकाम से ज़्यादा हो सकता है. ये लक्षण गले या अन्नप्रणाली में कैंसर का संकेत दे सकते हैं और स्वास्थ्य सेवा पेशेवर द्वारा इसकी जांच की जानी चाहिए.

**आवाज में बदलाव**-दो हफ्ते से ज़्यादा समय तक आवाज में कर्कशता या आवाज में बदलाव का मूल्यांकन डॉक्टर द्वारा किया जाना चाहिए. ये लक्षण मुंह या गले के कैंसर से जुड़े हो सकते हैं, खासकर अगर इसके साथ लगातार खांसी या गले में गांठ जैसा महसूस हो.

**ऐसी दिक्कतों से जूझ रहे हैं तो इन बातों का जरूर रखें ख्याल**-अगर आपको इनमें से कोई भी लक्षण महसूस होता है, तो जल्द से जल्द किसी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता या दंत चिकित्सक से परामर्श करना जरूरी है. मुंह के कैंसर का जल्दी पता लगाने और उसका इलाज करने से सफल परिणामों की संभावना काफी बढ़ जाती है।

गंभीर मुद्दा

संजीव ठाकुर,

# तकनीक जन्य वैश्विक आतंकवाद के विनाशक खतरे

उग्रवाद, आतंकवाद और अतिवाद हमेशा से अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खतरा बने हुए हैं' पर अब इसराइल, हमास ,फिलिस्तीन युद्ध में हमास के लड़ायुओं ने उच्च टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल द्वारा इजरायल की आंखों में धूल झोंक कर 8 अक्टूबर को इसराइल के शहर अस्क लोन में लगभग 5000 रॉकेट से हमला किया और अपने आतंकवादी लोगों को हवाई रास्ते से इजराइल में उतार कर लगभग 1200 लोगों को मौत के घाट उतार दिया । हमला बड़ा ददर्नाक था ,इसे टेक्नोलॉजी के सारे गुप्त रखा गया था इसराइल को इसकी भनक तक न थी । वतर्मान समय में तकनीकी के सहारे मानवता का नरसंहार करने वाली बहुत विकराल घटना है। रूस यूक्रेन युद्ध में भी ज्यादा समय से युद्ध किया जा रहा है जो निसंदेह मानवता के लिए और विश्व शांति के लिए आने वाले समय में बहुत बड़ा खतरा है ।पहले यह आतंकवादी हाथों में बंदूक, ग्रेनेटो, रॉकेट लांचर लेकर विभिन्न देशों में तोड़फोड़ आगजनी और हत्या की घटनाएं किया करते थे' अब समय के परिवर्तन के साथ साथ आतंकवाद में अब इंटरनेट, मीडिया, सोशल मीडिया ने अपने पैर फैलाना शुरू किए हैं' आतंकवाद के नेटवर्क के लिए इंटरनेट तथा हाडर्वेयर और सॉफ्टवेयर का आसानी से उपयोग करने लगे हैं' अमेरिका में जो ट्विन टावर और पेंटागन में हमले हुए थे, उसमें आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का उपयोग कर लक्ष्य भेदी विमानों को को भेजा गया था और एक बड़ी विध्वंसकारी घटना को अंजाम दिया गया था। समय और तकनीकी शिक्षा के बढ़ने के साथ-साथ अब उग्रवादी तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर बड़े इंजीनियर तथा सॉफ्टवेयर इंजीनियर इस मैदान में आतंकवादियों के साथ टूट पड़े हैं। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स बड़े ही खतरनाक ढंग से सोशल मीडिया और इंटरनेट का इस्तेमाल कर जनता को दिग्भ्रमित कर झूठी अफवाहें फैलाकर कई देशों के सूचना तंत्र में सेंध लगाकर वहां की सूचनाएं प्राप्त कर अपने उग्रवादी साथियों को भेज कर खुफिया सूचनाएं भेजते हैं। आतंकवादी गतिविधियों के लिए यह सूचनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। और देशों की शांति के लिए बहुत बड़ा खतरा भी होती हैं। भारत के परिपेक्ष में भारत में बाहर के टेक्निकल शिक्षा प्राप्त किए आतंकवादी जिन्हे व्हाइट कॉलर आतंकवादी भी कहा जाता है। खुफिया तंत्र के हिसाब से यह तकनीकी स्लीपर सेल्स शांति के लिए अन्य आतंकवादियों से ज्यादा खतरनाक होते हैं। क्योंकि इनकी पहचान नहीं हो पाती है। ये छुपे हुए होते हैं। इनका पता लगाना अन्य आतंकवादियों से ज्यादा कठिन होता है और केवल तकनीकी जानकारी के आधार पर ही संभव हो पाता है। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स इसलिए भी ज्यादा विनाशकारी होते हैं, क्योंकि यह दूर ठिकानों में बैठकर मीडिया, सोशल मीडिया, इंटरनेट के जरिए युवाओं को उकसा कर, भड़का कर सांप्रदायिक दंगे कराने में सफल हो जाते हैं। या सोशल मीडिया में झूठी तथा गलत खबरों के जरिए युवाओं को प्रभावित कर सकते हैं। निसंदेह ये अज्ञात होते हैं। लेकिन समूची युवा पीढ़ी को मानसिक रूप से प्रभावित कर उनके विकास की दिशा बदल सकते हैं। ऐसे में सारी खुफिया एजेंसियां हाथ पर हाथ धरे बैठ रह जाती हैं। भारत के परिपेक्ष्य में जम्मू कश्मीर, मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स के लिए एक सॉफ्ट टारगेट होते हैं। यह अपनी तकनीकी ज्ञान के चलते सोशल मीडिया में नाम बदलकर, रूप बदलकर, युवाओं को आम जनता को गलत जानकारी देकर दिग्भ्रमित करते रहते हैं, एवं दंगे भड़काने का काम भी करते हैं। मूलतः ये टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स सफेदपोश होते हैं। एवं आम लोगों के बीच घुल मिल जाते हैं। ऐसे में इनका पता लगाना इन्हें खोजना अत्यंत कठिन हो जाता है। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स देश के सामरिक महत्व की जानकारी अपने उग्रवादी संगठनों को प्रदान करते हैं। इन जानकारियों का आतंकवादी संगठन उग्रवाद के लिए बेहद खतरनाक ढंग से किसी भी देश के खिलाफ कर सकते हैं। भारतीय संदर्भ में यदि जम्मू कश्मीर को लिया जाए तो अब वहां आतंकवादियों ने अपना युद्ध का तरीका बदल दिया है। युद्ध का मैदान नया है, जहां पारंपरिक अथवा हथियारों, सकरी गलियों और जंगली युद्ध के मैदानों के स्थान पर कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर, हाडर्वेयर और स्मार्टफोन ने ले लिया है। जिसके फलस्वरूप यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल अपने अपने घरों में बैठकर सड़कों, मैदानों तथा जंगल में युद्ध छेड़ सकते हैं। अपने सूचना तंत्र तथा तकनीकी ज्ञान तथा उपकरणों के दम पर युवाओं तथा आम जनता के मध्य झूठी खबर फैलाकर आतंकवादियों एवं अलगाववादियों संगठनों की मंशा के अनुरूप तोड़ मरोड़ कर परिस्थितियां तैयार कर युवाओं को देश के खिलाफ भड़का कर असामाजिक स्थिति पैदा कर देते हैं।



यह सफेदपोश आतंकवादी अधिकारी, नेताओं, व्यवसायियों की गुप्त सूचना प्राप्त कर उन उनको ब्लैकमेल कर धन राशि तथा सूचना एकत्र कर आतंकवादियों की मदद करते हैं। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स तब और ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं, जब देश की संवेदनशील सामरिक सूचनाएं आतंकवादियों तथा दुश्मन देश को अपने तकनीकी ज्ञान के दम पर हैक करके भेजना शुरू कर देते हैं। जिससे देश की सुरक्षा संबंधी सब गुप्त सूचनाएं एवं नवीनतम रणनीति, दुश्मनों के समक्ष उजागर हो जाती है। जिससे देश की सुरक्षा तथा जानमाल को बहुत ज्यादा खतरा बन जाता है। अब ज्यादातर आतंकवादी संगठन टेक्निकल सहायता लेकर मैदानों, फील्ड में ना जाकर टारगेटेड मिसाइल तथा एयरक्राफ्ट से विनाश करने में लगे हुए हैं। अब नई टेक्नोलॉजी में ड्रोन भी सुरक्षा के लिए खतरनाक साबित होने लगे हैं। हालाँकि की सुरक्षा एजेंसियां आतंकवाद को खत्म करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर उनसे निपटने की तैयारी करते हैं। अमेरिका का काबुल पर आतंकवादियों के खिलाफ ड्रोन का इस्तेमाल सबसे बड़ा और नवीनतम उदाहरण है। पर दूसरी तरफ आतंकवाद से जुड़े उग्रवादी लोग भी ड्रोन का इस्तेमाल कर विध्वंस की साजिश करने से नहीं चूक रहे हैं। कुल मिलाकर नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स वैश्विक तथा भारत की शांति के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं जिन्हें बहुत जल्दी खोज कर इनकी पहचान किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

एक नजर

## अबूझमाड़ के बच्चे इंटरनेशनल सुब्रतो कप में करेंगे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व



**नारायणपुर, 30 अगस्त।** नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के रामकृष्ण मिशन आश्रम में अध्यनरत अबूझमाड़ के बच्चे 3 सितंबर से दिल्ली में होने वाले अंडर 17 इंटरनेशनल सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे और टीम कल नारायणपुर से दिल्ली के लिए रवाना होगी । जिसको लेकर टीम के खिलाड़ियों में भारी उत्साह और जोश है खिलाड़ियों का कहना है कि अपने प्रदेश का प्रतिनिधित्व करना बड़े गौरव की बात है और हम सुब्रतो कप जीतकर छत्तीसगढ़ और अपने अबूझमाड़ का नाम रौशन करेंगे । वही रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव व्याप्तानंद महाराज ने कहा कि इंटरनेशनल अंडर 17 सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में हमारे अबूझमाड़ के बच्चे छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधत्व कर रहे है जिसको लेकर खिलाड़ियों का उत्साह और जोश दर्शाता है कि इस बार ये अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ के लिए सुब्रतो कप जीतकर आयेंगे । ज्ञात हो कि नारायणपुर जिले में संचालित रामकृष्ण मिशन आश्रम में अध्यरत अबूझमाड़ के बच्चे इंटरनेशनल सेंथेरिक फुटबॉल मैदान में इंटरनेशनल सुब्रतो कप को लेकर बहुत तैयारी की है । 3 सितंबर से दिल्ली में सुब्रतो कप की शुरुवात होनी है जिसको लेकर खिलाड़ियों में भारी उत्साह है अपने छत्तीसगढ़ प्रदेश की जर्सी पहनकर देश विदेश के खिलाड़ियों के साथ लोहा लेने को खिलाड़ी तैयार है टीम कल दिल्ली के लिए रवाना होगी । टीम में बुधराम कोर्राम , सेयान डे, बुधराम बोटेर , सुखचंद दुग्गा , चैतन्य वड्डे, चंद्रकांत , प्रभाकर राय , केवट कोला , प्रणव कर्मा, रोनित नायक , राजलाल वरदा, शेखर पोटाई, मनु पोटाई, वीरेंद्र राज वद्दे, सतीश वद्दे और उमेश नेताम शामिल है ।

## फसलों पर कीट व्याधि की निगरानी के लिए दल गठित

**जगदलपुर 30 अगस्त ।** खरीफ फसलों पर कीट व्याधियों एवं रोग के निगरानी एवं नियंत्रण हेतु कृषि विभाग द्वारा ई-पेस्ट सर्विलेन्स के क्रियान्वयन हेतु जिले में 02 दल का गठन किया गया है। प्रथम दल का प्रभारी अनुविभागीय कृषि अधिकारी जगदलपुर एवं द्वितीय दल का प्रभारी अनुविभागीय कृषि अधिकारी तोकापाल को बनाया गया है। इस दल में विभागीय अमलों के साथ शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुम्हरावण्ड जगदलपुर एवं कृषि विज्ञान केंद्र कुम्हरावण्ड के पौध रोग एवं कीट वैज्ञानिकों को भी प्रमुख रूप से सम्मिलित किया गया है। सर्वे दल का रूट चार्ट तैयार किया गया है। जिसमें विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा के 10 गांव, तोकापाल के 12 गांव, दरभा के 14 गांव एवं बास्तानार के 11 गांव कुल 103 गांवों का भ्रमण किया जाएगा।उप संचालक कृषि ने जानकारी में बताया कि ई-पेस्ट सर्विलेंस, सर्वे दल प्रत्येक सप्ताह के सोमवार एवं मंगलवार को जिले के अधिनस्थ विकासखण्डों में भ्रमण कर कृषकों के कृषि प्रक्षेत्र में कृषकों द्वारा लगाये गए फसल का अवलोकन कर फसलों में लगने वाली कीट व्याधियों पर सतत निगरानी रखते हुए जिले के कृषकों को समसामयिक सलाह कृषि वैज्ञानिकों द्वारा प्रदान किया जाएगा। जिससे समय रहते कीट व्याधि एवं पौध रोग पर नियंत्रण किया जाकर फसल क्षति की रोकथाम की जा सके।

## सर्वेक्षण कराने के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**कांकेर, 30 अगस्त ।** उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार त्रि-स्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों में आगामी आम निर्वाचन के दौरान अन्य पिछड़ा आरक्षण के सर्वेक्षण का कार्य किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आगामी चुनाव के पूर्व नगरीय निकायों में मतदाता सूची का डोर-टू-डोर सर्वेक्षण कराने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दिए हैं।कलेक्टर ने उक्त सर्वेक्षण का कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। ग्रामीण क्षेत्र हेतु जिला स्तर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं पंचायत के उप संचालक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार जनपद स्तर पर जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, तहसीलदार, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी और परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगरीय क्षेत्र हेतु संबंधित क्षेत्र के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा तहसीलदार, नायब तहसीलदार, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग और निकाय का एक राजस्व अधिकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा नामित व्यक्ति को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा संबंधित विकासखण्ड के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को समन्वयक नियुक्त किया गया है।

# राधा-कृष्ण मंदिर में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण लला की छठी का उत्सव

- मां मालती देवी सेवाश्रम समिति की ओर से भंडारा प्रसाद का किया गया वितरण
- महिलाओं के बीच मटका फोड़ का हुआ आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा 30 अगस्त।** नगर के राधा कृष्ण धाम मालती सेवाश्रम में भगवान श्रीकृष्ण का छठी उत्सव धुमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए मटका फोड़ का आयोजन किया गया था। कृष्ण जी के छठी कार्यक्रम में शामिल होने बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण राधा कृष्ण धाम सेवाश्रम पहुंचे थे। इस अवसर पर विशाल भंडारा (भोज) की व्यवस्था भी की गई थी जहां प्रसाद पाने भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु की भीड़ उमड़ी थी।

गौरतलब है कि माईं दंतेश्वरी की नगरी में एकमात्र राधा कृष्ण धाम मंदिर जिला अस्पताल परिसर में स्थित है। उक्त मंदिर का निर्माण सुनीता फैंसी स्टोर्स के संचालक ननकु साहू द्वारा अपनी धर्मपत्नि स्व0 मालती देवी की स्मृति में बनाया गया है। मालती देवी का असामयिक निधन कोरोना काल में हो गया था। मंदिर परिसर में ही सेवाश्रम भी संचालित है जहां मरीजों के परिजनों के लिए न्यूनतम दर पर भोजन, व रूकने की समुचित व्यवस्था सेवाश्रम समिति द्वारा की गई है। मंदिर में हर वर्ष मां मालती सेवाश्रम द्वारा जन्माष्टमी का पर्व धुमधाम के साथ मनाया जाता है। 26 अगस्त को राधा कृष्ण मंदिर में हर्षोल्लास के साथ कृष्ण लला का जन्मोत्सव मनाया गया था। जन्माष्टमी के चौथे दिन गुरूवार को भगवान श्रीकृष्ण का छठी उत्सव भी उल्लास के साथ मनाया गया। भगवान की छठी के अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर की आर्कषक ढंग से सजावट की गई थी। मंदिर में सुबह कृष्ण लला की विशेष पूजा एवं आरती की गई । दोपहर काल में महिलाओं द्वारा सामुहिक रूप से कृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत भजन संगीत गीत गाकर श्रीकृष्ण के लीलाओं का मंचन समेत विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। सायं 3 बजे महिला मंडली द्वारा मंदिर परिसर में ही मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था जहां महिलाओं ने मटकी फोड़कर हाथी घोडा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारे लगाए। कृष्ण लला के छठी के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस बार भी मां मालती सेवाश्रम समिति द्वारा विशाल भंडारा (भोज)की व्यवस्था की गई थी जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं को हलवा, पूरी, सब्जी व खिचडी प्रसाद बांटा गया।

## पशुपालक अपने जानवर खुले में ना छोड़ें



**कुरूद, 30 अगस्त।**भारती किसान संघ धमतरी जिले द्वारा विगत दिनों जिला स्तरीय बैठक में धमतरी जिले किसानों से अपील किया गया है कि अपना घरेलू जानवर खुले में ना छोड़े इससे फसल की नुकसानी के साथ रोड में जानवर घूमने से रोड एक्सीडेंट ज्यादा हो रहा हैइसे जान माल का नुकसान लगातार हो रहा है। अपनी सनातन संस्कृति और सभ्यता को ध्यान में रखकर पालतू जानवर को घरों में व्यवस्थित करें। प्रत्येक ग्रामीण एवं शहरी स्तर पर जानवरों को यथास्थान सुरक्षा प्रदान करें। वर्तमान कुरूद नगर पालिका में चारों तरफ जानवरों की खौफ के कारण रात और दिन में चलना मुश्किल हो रहा है जिसका विगत एक सप्ताह दिन एवं रातमे मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा आवारा पशुओं के खिलाफ दिन-रात पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है आम नागरिक उसमें सहयोग प्रदान करें जिसे जान माल की सुरक्षा भी हो। एवं अपना जानवर घरों में रखें।

पशुधन को व्यवस्थित करने के लिए तत्कालीन सरकार द्वारा केवल चुनावी मुद्दा के रूप में 5 साल जीवित रखा करोड़ों रुपए गौठन के नाम पर खर्च कर दिए लेकिन व्यवस्था प्रदान नहीं किया वर्तमान राज्य सरकार से हम अपील करते हैं कि प्रत्येक जिलों में एक खाली भूमि पर जानवरों का अभ्यारण स्थापित किया जाए एवं पूरे जिले की जानवर उसे अभ्यारण में रखा जाए जहां पानी वह खाने-पीने की व्यवस्था एवं कर्मचारी नियुक्ति किया जाए साथ में जैविक खेती को बचाए रखने के लिए उक्त जानवरों के गोबर से जैविक खाद एवं मूत्र से दवाई का निर्माण किया जाए यह आमदनी के साथ-साथ रोजगार का साधन भी होगा और पूरे सम्मान के साथ जैविक रिसर्च को प्राथमिकता दिया जाए। ना कि काम चलाओ सेंटर खोला जाए जैसे तत्कालीन मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल के द्वारा किया गया था।

## बैठक में सीएमएचओ ने शिकायतों पर जताई नाराजगी



**कुरूद, 30 अगस्त।** कुरूद नगर के सिविल अस्पताल में मरीजों एवं परिजनों से कुरूद अस्पताल के स्टाफ नर्स, मेडिकल कर्मचारी द्वारा किए जाने गलत वाले व्यवहार और इलाज में लापरवाही को लेकर आज सीएमएचओ डॉक्टर कौशिक ने कुरूद सिविल अस्पताल पहुंचकर । यहां मेडिकल ऑफिसर और नर्सिंग स्टाफ के प्रमुखों से मीटिंग ली ।इसके बाद उन्होंने प्रेस के साथ लंबी चर्चा करते हुए सभी प्रकार की शिकायतों को दूर करने की बात कही। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यू एल कौशिक गुरुवार की शाम लगभग छः बजे सिविल अस्पताल कुरूद पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। जिसके पश्चात उन्होंने मेडिकल ऑफिसर डॉ जे पी दीवान, बीपीएम सहित मेडिकल नर्सिंग स्टॉफ के साथ मीटिंग ली। इस दौरान उन्होंने स्टॉफ द्वारा किए जाने वाले व्यवहार को लेकर मरीजों की लगातार आ रही शिकायतों पर नाराजगी जताते हुए उन्हें सख्त हिदायत दी। साथ ही उन्होंने नोटिस भी जारी कियाइस चर्चा के दौरान पत्रकारों ने सीएमएचओ श्री कौशिक को सफाई व्यवस्था, आपातकालीन चिकित्सा कक्ष में अनाधिकृत उपयोग, के साथ ही साथ पोस्टमार्टम में मृतक के परिजनों को लगातार होने परेशानी के सवालों पर सीएमएचओ श्री कौशिक ने कहा कि सफाई व्यवस्था के लिए आगामी बैठक में एजेंडे में लेकर आवश्यक रूप से दूर करने का प्रयास किया जाएगा। आपातकालीन चिकित्सा पक्ष के लिए

### कलेक्टर ने स्वामी करपात्री जी स्कूल पहुंचकर बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई

**कवर्धा,30 अगस्त।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कवर्धा के स्वामी करपात्री जी स्कूल पहुंचकर स्कूली बच्चों को कृमिनाशक दवाई खिलाने अभियान की शुरूआत की। कलेक्टर ने स्कूली छात्र-छात्राओं को कृमि नाशक एल्बेंडाजोल दवाई खिलाई।

# रूप, गुण और धन का भूल कर भी अहंकार न करें: पंडित त्रिभुवन





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 30 अगस्त।** शिव से विरोध का मतलब अपने आप को समाप्त करना है। कुबेर को मिला स्वर्ण का महल शिव की ही कृपा है जिन्हें बाद में रावण कुबेर से छीन लेता है। रूप, गुण और धन का भूल कर भी अहंकार नहीं करना चाहिए। भगवान भक्त के प्रेम के वश में हो जाते हैं वह भक्त के खातिर अपने सारे नियम को बदल देते हैं, प्रेम ही ईश्वर है। उक्त बातें भगवान जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में चल रहे शिव महापुराण में भागवताचार्य पं त्रिभुवन महाराज ने व्यक्त किया। उन्होंने शिव कथा बताते हुए कहा कि शिव को जब भी क्रोध आता है तो उनका त्रिनेत्र खुल जाता है जिससे संपूर्ण पृथ्वी अस्त-व्यस्त हो जाती है ऐसा ही एक प्रसंग है जो भगवान शिव और कामदेव से जुड़ा हुआ है। जब कामदेव को महादेव ने भस्म कर दिया था। देवी सती की मृत्यु के बाद भगवान शिव समस्त संसार को त्याग देते हैं। उनके बैरागी होने से संसार सही से नहीं चल पाता है इधर पार्वती के रूप में सती का पुनर्जन्म होता है इस पर पार्वती शिव से विवाह करने की इच्छा जताती है लेकिन शिव के मन में प्रेम और कम भाव नहीं था वह पूर्ण रूप से बैरागी हो चुके थे इसी वजह से भगवान विष्णु और अन्य देवता गण संसार के कल्याण के लिए कामदेव से सहायता मांगते हैं। कामदेव शिव की तपस्या को भंग करने के लिए तैयार हो जाते हैं। कामदेव सुंदरता की मूरत है। वह शिव के भीतर छुपा हुआ कम भाव जगाने के लिए जुट जाते हैं। अनेक प्रयत्नों के द्वारा महादेव के तप को भंग करने का प्रयास करते हैं पर वह सफल हो पाते हैं। अंत में कामदेव भोलेनाथ को जगाने के लिए खुद को आम के पेड़ के पीछे छुपा कर पुष्पबान चला देते हैं यह सीधे महादेव के हृदय में जाकर लगता है जिससे उनकी समाधि टूट जाती है और शिवजी बहुत क्रोधित होते हैं तथा अपने त्रिनेत्र से कामदेव को भस्म कर देते हैं अपने पति के राख को रति अपने शरीर पर मलकर विलाप करने लगती है और शिवजी से न्याय की मांग करती है। शिवजी को यह ज्ञात होता है कि जगत कल्याण के लिए देवताओं के द्वारा बनाई गई यह योजना थी तो उन्होंने रति को वचन दिया कि उनके पति यदुकुल में भगवान कृष्ण के पुत्र के रूप में जन्म लेगा और रति के साथ में उनका मिलन होगा।

### शिवलिंग की अर्ध परिक्रमा का नियम

नारद पुराण के अनुसार शिव जी के आधे परिक्रमा का वर्णन मिलता है पूजन अनुष्ठान में सावधानियां जरूरी है। शिवजी निश्चल देव है वह शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। उनसे मांगने पर वह देने के लिए सोचते नहीं है सीधे प्रदान करते हैं उन्हें प्राप्त करने के लिए मन में श्रद्धा होना बहुत जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि बरसात का मौसम चल रहा है इस समय ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाए ताकि हमारा पर्यावरण सुरक्षित हो। लगातार कट रहे पेड़ पौधे के कारण लोग अनचाहे बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं हमें एक स्वस्थ और अच्छी जीवन के लिए पेड़ तैयार करना ही पड़ेगा। इससे हमें अनेक प्रकार के फायदे होते हैं। सतयुग, त्रेता, द्वापर युग में जंगल की भरमार थी जिसके कारण लोग बलिष्ठ और गुनी होते थे। आज भी हम ऐसा ही हो सकते हैं बेसरते शुद्ध और ताजी हवा के लिए पेड़ पौधों की अधिकता होनी जरूरी है। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे वही डमरू बजाते हुए कथा स्थल पर भोलेनाथ का स्वरूप धारण कर पहुंचे भोलेनाथ को सभी लोगों ने प्रणाम किया। मधुर भजन से लोग ताली बजाकर झूमते रहे।

# पुलिस की सक्रियता से घर में घुसकर छेड़छाड़ का आरोपी डॉक्टर गिरफ्तार

**कवर्धा, 30 अगस्त।** प्रार्थीया थाना आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 03.08.2024 को प्रार्थीया रात्रि 08.30 बजे आरोपी के क्लीनिक से ड्यूटी उपरांत घर आई कुछ समय पश्चात प्रार्थीया के निवास का पता लगाते क्लीनिक के संचालक डॉक्टर सादाराम घोसले प्रार्थीया के घर आ गये, प्रार्थीया अपने घर में अकेली थी प्रार्थीया के पिता रात को भोजन करने के बाद घर से बाहर टहलने चले गये थे और भाई-बहन पड़ोस घर मे गये हुये थे डॉ0 सादाराम घोसले प्रार्थीया के अकेलेपन का फायदा उठाकर कमरे का दरवाजा बंद करके जबरदस्ती हाथ-पकडकर छेड़छाड़ करने लगा। घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही तत्काल लिखित आवेदन पर अपराध क्रमांक 504/2024 घारा 74 भा.न्या.सं. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की संवेदनशीलता को




ध्यान में रखते हुए श पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार(भा.पु.से.) अति.पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, उप पुलिस अधीक्षक (अजाक/क्राईम) प्रतीक चतुर्वेदी के द्वारा तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देश पर आरोपी सादाराम उर्फ सादा अंबेडकर घोसले पिता साहेबदास घोसले उम्र 33 साल साकिन वार्ड नं. 17 साधना नगर कवर्धा थाना कवर्धा घटना के उपरांत से फरार था जिसका लगातार तकनीकी माध्यम से पतासाजी की जा रही थी आज उक्त आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना कारित करना स्वीकार किया। आरोपी के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही कर ज्यूडिश्यिल रिमाण्ड में माननीय न्यायालय पेश किया गया है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी अपराधिक मामले दर्ज हैं जिसका रिकॉर्ड भी माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में आरोपी सादाराम उर्फ सादा अंबेडकर घोसले के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष ज्यूडिशिय रिमाण्ड पर प्रस्तुत किया गया। भविष्य में पूरे जिले में किसी भी प्रकार की संगीन वारदात घटित होने पर कवर्धा पुलिस द्वारा गंभीरता से लेकर आरोपियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

## विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण का शुभारंभ



**सुकमा,30 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय में आज विशेषीकृत दत्तकग्रहण अभिकरण का शुभारंभ कलेक्टर श्री हरिस एस. ने किया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित इस विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण का मुख्य उद्देश्य 06 वर्ष से कम आयु के बालकों यथा अनाथ, बेसहारा, परित्यक्त, अभ्यर्पित, बाल भिक्षुक वाल तस्करी से पीड़ित, शोषण का शिकार, सड़क पर रहने वाले आदि बालकों का संरक्षण प्रदान करना, देखभाल करना तथा बालक कल्याण समिति के माध्यम से उन्हें गोद लेने वाले परिजनों को सौंप दिया जाता है। कलेक्टर ने जिला मुख्यालय सुकमा में मिनी स्टेडियम के समीप हाई स्कुल में शुभारंभ किया। साथ ही विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण के कक्षों एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा उसके संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि वे जिले में विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण का बेहतर संचालन सुनिश्चित करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती संजुला शर्मा ने बताया कि किशोर न्याय अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 के प्रावधानों के अनुसार विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण का शुभारंभ किया गया है। इस संस्था में 0 से 6 वर्ष के अनाथ, परित्यक्त एवं अभ्यर्पित बालकों का पुर्नवास किया जावेगा। सर्व प्रथम बालक कल्याण समिति के माध्यम से प्राप्त होने वाले ऐसे बालको को विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण में रखा जावेगा तथा दत्तक ग्रहण विनियम के तहत पंजीकृत ऐसे अभिभावकों को कारा (केन्द्रीय दत्तक ग्रहण एजेंसी) के माध्यम से क्रमशः गोद दिया जा सकेगा। इस संस्था में बालकों के रहने, खाने, चिकित्सा सहित अन्य सभी व्यवस्था राज्य शासन द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण स्थापित करने का निर्देश दिया गया था जिसके अनुक्रम में जिले मे भी संस्था की स्थापना की गई है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी बिस्मिता पाटले, जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## धमनी स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**फिंगेश्वर, 30 अगस्त।** शासकीय प्राथमिक शाला धमनी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य एवं पोषण के उद्देश्य से शासन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला धमनी में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक हीरा साहू एवं हिमांशु साहू द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, विभिन्न रोग - बीमारी एवं पोषण संबंधी जानकारी प्रदान किया गया तथा शाला के 59 बच्चों को कृमि नाशक एलबेन्डाजोल की दवाई खिलाई गई। इस अवसर पर शिक्षक महेन्द्र पंत ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत 1 से 19 वर्ष के बच्चों और किशोर-किशोरियों को कृमिनाशक दवा, एल्बेंडाजोल (400 मि.ग्रा) की गोली का सेवन कराया जा रहा है। इस दिन सभी बच्चों को दवा का सेवन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यदि किसी बच्चे द्वारा कार्यक्रम के दौरान गोली का सेवन नहीं किया जाता है, तो उसके लिए 04 सितम्बर 2024 को मॉप-अप दिवस निर्धारित किया गया है। इस दिन छूटे हुए बच्चों को भी दवा का सेवन कराया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, किशोरों के स्वास्थ्य और पोषण के स्तर में सुधार, एनीमिया की रोकथाम, बौद्धिक विकास में योगदान, और स्कूल में उपस्थिति को बढ़ावा देना है। इस दौरान संस्था के प्रधान पाठक गोप कुमार साहू, शिक्षक महेन्द्र पंत, पदमनी साहू, अनिता राजपूत, प्रीति नायक, उत्तम भारती, संतोषी सेन, वंदना साहू तथा पालकगण उपस्थित थे।

## बिना जमानत और कम ब्याज पर उपलब्ध लोन से समूह की बहने होंगी आत्मनिर्भर: रोहित साहू



**राजिम।** शहर के बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में स्वयं सहायता समूहों के लिए ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 22 समूह की महिलाएं उपस्थित होकर 40 लाख रुपए के ऋण प्राप्त किये। इस मौके पर उपस्थित राजिम विधायक रोहित साहू ने अपने हाथों से चेक प्रदान किया। चेक पाते ही समूह की बहनें खिलखिला उठी। श्री साहू ने प्रोत्साहित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार महिलाओं के उत्थान एवं विकास के लिए कृत संकल्पित है लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए सरकार द्वारा किया गया प्रयास का अभी तो शुरुआत है। आगे आगे देखिए प्रदेश का विकास सर चढ़कर बोलेगी। यह ऋण योजना बिना किसी जमानत के और बहुत कम ब्याज पर उपलब्ध है। निहायत ही इससे आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अब साहूकार के पास उधार लेने की जरूरत नहीं है समूह की महिलाओं को बैंक ऋण देगी। जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिंहा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। शाखा प्रबंधक गौतम रॉय ने विधायक और अन्य गणमान्य नागरिकों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर बैंक के अधिकारी, कर्मचारी, बैंक सखी समेत एफएलसीआरपी का प्रमुख रूप से योगदान रहा।

कर्मा माता समूह ने 10 लाख तो खुशी समूह ने 3 लाख का लिया लोनक्षेत्र के विभिन्न समूह की महिलाएं लोन लिए है इनमें से कुछ अपने समूह की दुकान को आगे बढ़ाने के लिए तो कोई नई व्यवसाय के लिए लोन के लिए आवेदन दिए थे इनमें से कर्मा माता समूह ने 10 लाख रुपए, राधा स्वयं सहायता समूह ने 3 लाख, खुशी स्वयं सहायता समूह 3 लाख, जय भोले बाबा समूह 3 लाख, इसी तरह से विभिन्न समूह राशि लेकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के काम में लग गए है। समूह की बहन गणेशी, दिनेश्वरी, लेखा चाई, गीता बाई, विशाखा साहू, देवकी साह, नीतू, गोदावरी, झामीन साह, संतोषी साहू, बिंदा साहू, माहेश्वरी, हीरा साहू, रुक्मणी, उवर्शी, चंद्रिका, प्रेमीन, कुमकुम ने कहा कि इस तरह के ऋण योजना से निश्चित ही हम मजबूत और आत्मनिर्भर होंगे। पहले सेठ और साहूकार के पास जाकर लोन लेते थे। वह मनमाना ब्याज वसूलते थे। लेकिन अब बैंकों के माध्यम से समूह को सरलता से लोन उपलब्ध हो रहे है इससे हमें अपार खुशी है। अब किसी के पास हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है।

## एक नजर

### कार्यशाला में ईआरएम एवं ईडब्ल्यूआर के संबंध में बताया



**रायगढ़, 30 अगस्त।** जिला कोषालय रायगढ़ द्वारा इरर रेक्टिफिकेशन मॉड्यूल (ईआरएम) एवं एक्जिट विड्रॉल रिक्वेस्ट (ईडब्ल्यूआर)विषय पर वर्कशॉप का आयोजन आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। जिसमें जिले के समस्त डीडीओ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।जिला कोषालय अधिकारी श्रीमती ज्योति सिंह द्वारा एनपीएस से ओपीएस विकल्प का चयन किए जाने पर सेवानिवृत्ति, मृत, अशक्तता या फैमिली पेंशन के प्रकरणों में किस तरह एनपीएस राशि का आहरण किया जाना है व पीपीओ जारी करने की पूरी प्रक्रिया तथा आवश्यक दस्तावेज के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही जीपीएफ प्राधिकार पत्र, जीपीएफ ऋणात्मक शेष के संबंध में चर्चा कर निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान कार्मिक संपदा एवं ई-बिल में आ रही समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। उन्होंने कर्मचारियों के सेवा पुस्तिका में नॉमिनी के नाम, ओपीएस विकल्प चुनने की प्रविष्टि, कर्मचारी के मृत्यु की प्रविष्टि अनिवार्य रूप से किए जाने के निर्देश दिए। वर्कशॉप में सहायक कोषालय अधिकारी श्री पुष्पेन्द्र चंद्रा, सहायक कोषालय अधिकारी श्रीमती ओफरसिया खलखो, कोषालयीन कर्मचारी श्री राजीव बरेठ, श्री अनिल सिंह एवं जिले के समस्त डीडीओ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### टीम ने मेडिकल स्टोर्स की जांच कर बिना डॉक्टर पर्ची के दवाई नहीं बेचने की दी समझाइश

रायगढ़, 30 अगस्त। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल और पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल के निर्देशन में आज औषधि विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा रायगढ़ए खरसियाए धरमजयगढ़ क्षेत्र में स्थित मेडिकल स्टोर्स की सघन जांच की गई। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बिना डॉक्टर की जांच पर्ची के प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए और इसका उल्लंघन करने वाले मेडिकल स्टोर्स के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाए। निर्देशों के पालन में एसडीओपी खरसिया श्री प्रभात पटेल के साथ खरसिया पुलिस टीम, ड्रग इंस्पेक्टर के साथ खरसिया क्षेत्र के मेडिकल स्टोर्स की जांच किया गया। इसी क्रम में जिला मुख्यालय में औषधि विभाग और पुलिस टीम शहर के कई मेडिकल स्टोर्स में स्टाक, एक्सपायरी व प्रतिबंधित दवाइयां की जांच की गई। इस दौरान मेडिकल स्टोर संचालकों को लोक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नशीली दवाओं की बिक्री नहीं करने और बिना चिकित्सक पर्ची के प्रतिबंधित दवाओं को बिक्री नहीं करने समझाइश दी गई। उन्हें शासन व ड्रग विभाग के सभी नियमों का पालन करते हुए दवाइयों की बिक्री करने कहा गया तथा किसी भी संचालक द्वारा नियमों का पालन नहीं करने व बिना चिकित्सक के पर्ची बिनाए प्रतिबंधित दवाओं को बिक्री करते पाए जाने पर पर वैधानिक कार्रवाई किये जाने की चेतावनी दी गई है । जांच टीम द्वारा नियमित रूप से अपने स्टॉक का भंडारण जांच कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। पुलिस एवं ड्रग विभाग की संयुक्त टीम आगे भी मेडिकल दुकानों की औचक निरीक्षण करेगी ।

### 1 से 8 सितम्बर तक चलेगा साक्षरता सप्ताह

**रायगढ़, 30 अगस्त।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम जिले में कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन में संचालित है। योजना के अंतर्गत जिले के 15 वर्ष एवं अधिक आयु वर्ग के 35000 असाक्षरों को 3500 स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से इस वर्ष साक्षर करने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में अब तक 29154 असाक्षरों एवं 2777 स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन, सर्वे के माध्यम से कर लिया गया है। स्वयंसेवी शिक्षकों को जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के द्वारा प्रशिक्षित भी किया जायेगा। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज के सभी वर्गों में शिक्षा का प्रचार.प्रसार करने के उद्देश्य से 01 से 08 सितम्बर तक जिले में साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान शिक्षा और साक्षरता पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साक्षरता सप्ताह के समापन पर 08 सितम्बर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में मानाया जाएगा। साक्षरता सप्ताह के दौरान जिला, ब्लॉक, नगरीय क्षेत्रों और ग्राम पंचायतों के साथ-साथ जिले के शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से बुनियादी साक्षरता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल और सतत् शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। शैक्षणिक संस्थाओं में साक्षरता सप्ताह अंतर्गत गीत, नृत्य, पेंटिंग, भाषण, निबंध प्रतियोगिता रैली आदि का आयोजन होगा।

### एमएसपी प्लांट के स्टील मेल्टिंग शॉप के मेगा शेड में स्थापित लैडल ट्रांसफर ट्राली का प्रयोग प्रतिबंधित

**रायगढ़, 30 अगस्त।** एमएसपी प्लांट में 27 अगस्त को हुई दुर्घटना में वहां कार्यरत क्रेन ऑपरेटर के गर्म मटेरियल के चपेट में आने से मृत्यु हो जाने के संबंध में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने औद्योगिक सुरक्षा विभाग को मौके का निरीक्षण कर मामले की विस्तृत जांच कर कारखाना अधिनियमों के तहत कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। वहीं श्रम विभाग को मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा और सहायता राशि दिलवाने के निर्देश दिए हैं।

# कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज और एफआईआर के विरोध में कांग्रेस ने मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का किया पुतला दहन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 30 अगस्त।** प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने भिलाई-दुर्ग में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा सरकार के इशारे पर हुए लाठी चार्ज और जबरन स्नह्लक्र के विरोध में जिला मुख्यालय बीजापुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन कर भाजपा सरकार के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया गया है। किया है। के तत्वाधान में भिलाई दुर्ग में कॉंग्रेस कार्यकर्ताओ के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा लाठी चार्ज किये जाने व एफआईआर किये जाने विरोध में आज

जिला मुख्यालय बीजापुर के कॉंग्रेस भवन के सामने पुतला दहन के पश्चात बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि प्रदेश के मुखन्त्री व प्रदेश के ग्रह मंत्री का विरोध स्वरूप पुतला दहन किया गया।पुतला दहन के पश्चात क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मण्डावी ने मीडिया को बताया कि कुछ दिनों पूर्व में दुर्ग पुलिस द्वारा कॉंग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के ऊपर जोकि शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे,उन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के ऊपर बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज किया गया,और पूर्व मुखन्त्री कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल के काफिले को रोककर वँहा पर दुर्व्यवहार किया गया,पूर्व मुख्यमंत्री के साथ सुरक्षाकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया,कांग्रेसियों के खिलाफ जिस तरीके से एफआईआर दर्ज हुआ और उन्हें जेल भेजा गया,के विरोध में आज प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रदेश के ग्रह मंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन विरोध स्वरूप किया गया,विधायक विक्रम ने आगे कहा कि हम इस पुतला दहन कार्यक्रम के माध्यम से सरकार से मांग करते है कि बदले की भावना से कांग्रेसियों को जेल भेजना, उनके ऊपर एफआईआर दर्ज करना तत्काल बंद करे,अन्यथा आने वाले दिनों में कांग्रेसजन मिलकर सड़क की लड़ाई लड़ेंगे और उग्र रूप में अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे।आज के पुतला दहन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम,जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम,जिला पंचायत सदस्य बसन्त राव ताटी,जनपद अध्यक्ष भैरमगढ़ दशरथ कुंजाम,जिला पंचायत सदस्य श्रीमति पार्वती कश्यप, जिला पंचायत सदस्या श्रीमती सन्त कुमारी मण्डावी,नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया,नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर,पार्षद प्रवीण डोंगरे,वल्वा मैदनैया,नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता,सह प्रवक्ता सालिक नागवंशी,युवा कॉंग्रेस मनोज अवलम,जिला कॉंग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष सुनील उद्दे,पुरुषोत्तम खत्री, सह प्रवक्ता प्रवीण उद्दे,पार्षद कविता यादव, पार्षद लक्ष्मण कड़ती,पार्षद अरुण वासम,युवा कॉंग्रेस एजाज खान,महिला कॉंग्रेस गीता कमल,संजना चौहान,सपना दुम्पा,सकीना बानो,सहित भारी संख्या में कॉंग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुतला दहन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता और पुलिस में जमकर छीना-झपटी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद,30 अगस्त।** मैनपुर कांग्रेस के आन्दोलन के दौरान लाठीजार्च के विरोध में आज ब्लाक कांग्रेस मैनपुर द्वारा शाम 5 बजे मैनपुर चौक मे भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली गई और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बस स्टैण्ड मैनपुर में छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच पुतला दहन को लेकर जमकर झुमाझटकी हुई कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, सचिव गैदु यादव,आदिवासी कांग्रेस के गरियाबंद जिला अध्यक्ष खेदु नेगी ने कहा भाजपा सरकार डरी हुई है और कांग्रेस कार्यकर्ता जो शांतीपूर्ण आन्दोलन कर रहे थे उन पर भाजपा के इशारे पर लाठी चार्ज किया गया है पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है लगातार अपराधिक घटनाए बढ़ गई भाजपा सरकार कानून व्यवस्था को नही सम्भाल पा रही है और बेवजह कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को परेशान किया जा रहा है दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही किया जा रहा है जिसका हम विरोध करते है।

# कृष्ण जन्मोत्सव पर 41 लोगों ने किया शिविर में रक्तदान



**बीजापुर,30 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्रीकृष्ण भगवान के जन्मोत्सव पर किसी की जान बचाने के लिए 41 रक्तवीरों ने अपने रक्त का दान किया। यह कार्यक्रम भैरमगढ़ तहसील के मंगलनार गाँव के श्रीकृष्णा मंदिर गौराबेड़ा में संपन्न हुआ। यादव समाज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया और भेरम बाबा मंदिर में पूजा अर्चना कर हनुमान मंदिर दुर्गा मंदिर बस स्टैंड होते हुए काली मंदिर तक कलस यात्रा निकाला गया,इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथी बस्तर सांसद महेश कश्यप यादव समाज की प्रदेश अध्यक्षा व जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद श्रीमती धनमती यादव, बीजापुर कलेक्टर डॉ अनुराग पांडे, महेश गागडा बीजापुर सीएमएचओ डॉक्टर बी आर पुजारी, सर्व समाज के प्रदेश अध्यक्ष माननीय रमेश यादव, यादव समाज के अध्यक्ष रामलाल यादव ,संरक्षक दयालुराम , पुर्व जिलाध्यक्ष जगदेव यादव , जिला सचिव राजेश यादव संतुराम , सहदेव यादव, बीरसिंह, फरशराम , मंगलराम जी धनुर्जय, रतिराम यादव , हल्बा समाज के जिला अध्यक्ष जगबंधु मांझी, माहेश्वरी समाज के सभागीय अध्यक्ष राजु गांधी केवट समाज जिला अध्यक्ष देवराम निषाद,बंजारा समाज के जिला अध्यक्ष चमराराम, मंगलनार सरपंच मुनु राम तेलम तथा सभी समाजो के समाजजनो को आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में पूजा पाठ सहित रक्तदान शिविर का आयोजन सबसे अनूठा रहा। इस कार्यक्रम में यादव समाज के महिला संगठन युवा संगठन बालिका मंडल सहित संपूर्ण यादव समाज के साथ-साथ हर समाज के लोग उपस्थित थे।

## माओवादी पर्चा के साथ 2 मिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

**बीजापुर,30 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के थाना मोदकपाल की टीम द्वारा मुख्य मार्ग पर स्नह्लक्र लगाकर आने जाने वाली वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी । चेकिंग के दौरान दिनांक 28/08/2024 को भोपालपटनम् से आ रही प्लेटिना दुपहिया वाहन की चेकिंग के दौरान वाहन चालक से पूछताछ पर गुमराह करने की कोशिश की गई । संदेह होने पर उपलब्ध बल के द्वारा दोनो व्यक्तियों के पास रखे पिट्ठू बैग की चेकिंग करने पर कब्जे से माओवादी साहित्य, कॉडेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, माओवादी पाम्पलेट एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया । पकड़े गये संदग्धिों से बारिकी से पूछताछ करने पर अपना नाम ~ 1. संजेश कुंजाम पिता गुट्टा कुंजाम उम्र 24 वर्ष जाति मुरिया निवासी पेद्दागेलूर हाल टेकुलगुड़ा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर 2. गणेश अवलम पिता बिच्चेम अवलम उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी टेकुलगुड़ा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर का होना बताये । पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना मोदकपाल में छ0ग0 जनसुरक्षा अधिनियम 2005 की सुसंगत धाराओं में वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है ।



# खट्टी में खेल दिवस पर कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबन्द, 30 अगस्त।** शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद के जन्मदिन पर खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को मेजर ध्यान चंद की जीवनी को बताया तथा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। खेल दिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानपाठक गिरीश शर्मा विद्यार्थियों को खेल दिवस के बारे में बताते हुये कहा आज खेल दिवस इसलिये मनाते है कि हाकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद का जन्म हुआ था उन्होंने अपने खेल से पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था। खेल के क्षेत्र में उन्हें 1956 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उनका जन्म 29 अगस्त 1905 इलाहाबाद, में हुआ था। उनके जन्मदिन को भारत का राष्ट्रीय खेल दिवस घोषित किया गया है।उनमें गोल करने की असाधारण प्रतिभा थी, जिसकी बदौलत भारत ने ओलंपिक खेलों में हॉकी के स्वर्ण पदक जीते। उनके दौर को भारतीय हॉकी का ÷स्वर्णिम काल÷ कहा जाता है।उन्होंने आगे कहा कि खेल का हमारे जीवन मे बहुत महत्त्व है इससे हमारे अंदर प्रतियोगिता की भावना पैदा होती जो हमे सफलता की ओर ले जाती है।सहायक शिक्षक नारायण चंद्राकर ने भी इस अवसर पर खेल दिवस एवं खेल की महत्त्वता पर चर्चा की। ततपश्चात विद्यालय में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

## बरसात के बाद होगा रामलीला मैदान का कायाकल्प

**रायगढ़, 30 अगस्त।** बरसात के बाद रामलीला मैदान का कायाकल्प होगा। वर्तमान में रामलीला मैदान में शेड निर्माण का कार्य किया गया है। इसी तरह बाथरूम, ग्राउंड लेवलिंग का कार्य प्रगति पर है। रामलीला मैदान को संवारने के लिए शासन ने 25 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। नगर निगम आयुक्त श्री सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि स्वीकृत के बाद विधिवत टेंडर प्रक्रिया कर कार्यादेश जारी किया गया है। स्वीकृत स्टीमेट के अनुसार रामलीला मैदान में बाउंड्रीवॉल, पाथवे गेट, बाथरूम सह शेड निर्माण होना है। मैदान में शेड निर्माण किया जा चुका है। इसी तरह मैदान में बाथरूम निर्माण किया जाना है। मैदान के समतलीकरण का काम भी होना है। जिसके लिए काम शुरू किया गया था। लेकिन लगातार बारिश के चलते काम रोका गया है। बारिश के पश्चात काम पुनः शुरू किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण वर्तमान में ग्राउंड लेवलिंग के पहले लेयर के लिए डाले गए मिट्टी के कारण कीचड़ की स्थिति निर्मित हुई है। रामलीला मैदान के पीछे की ओर शासकीय स्कूल का निर्माण हो रहा है। निर्माण कार्य में लगने वाले बिल्डिंग मटेरियल की सप्लाई के लिए हैवी वाहनों का आना-जाना मैदान के रास्ते से ही हो रहा है। इसी तरह मोटर ड्राइविंग स्कूल के वाहन भी यहां चलते है। इसी कारण भी मैदान में ग्राउंड लेवलिंग के लिए डाले गए मिट्टी का बिखराव हुआ है।

## सर्पदंश से पीड़ित बच्ची का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुआ इलाज

**रायगढ़, 30 अगस्त।** 13 वर्षीय ओमसी यादव को सांप के काटने के बाद गंभीर स्थिति में संत बाबा गुरू घासीदास स्मृति चिकित्सालय, रायगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों की तत्परता और सुझबूझ से बच्ची को शीघ्र ईलाज मिलने से उसकी जान बच गई। बच्ची के स्वास्थ्य में पूर्ण सुधार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक संत बाबा गुरू घासीदास स्मृति शा.चिकित्सालय, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम-खजरी, जिला-सारंगढ़ निवासी 13 वर्षीय ओमसी यादव को 20 अगस्त को लगभग सुबह 6 बजे के आसपास घर में सोते समय बांये हाथ में करैत सांप ने काट लिया था। बच्ची के परिजन द्वारा सांप काटने का पता चलने पर झाड-फूंक में समय बर्बाद करने के पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सारंगढ़ ले जाया गया। जहां युवती का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात वहां के चिकित्सकों द्वारा मेडिकल कालेज अस्पताल रायगढ़ रेफर कर दिया गया। युवती जब अस्पताल के आपातकालीन विभाग में पहुंची तो वह अत्यंत गंभीर स्थिति में आयी थी। बच्ची के शरीर में सांप का जहर फैल चुका था। आंखों की दोनों पलकों में लकवा मार दिया था। सांस लेने में अत्यधिक तकलीफ हो रही थी। बच्ची बेहोशी की हालत में थी एवं उसके हाथ-पैर ठण्डे पड़ चुके थे। नाड़ी कमजोर चल रही थी। आपातकालीन विभाग में ही बाल्य एवं शिशुरोग विभाग के डॉ.एल.के.सोनी (विभागाध्यक्ष)द्वारा गौरव क्लाडियस (एस.आर.)डॉ.दुष्यंत कु.सिदार एवं टीम द्वारा तत्काल इलाज शुरू कर दी गई। बच्ची को जीवन रक्षक दवाई एवं अन्य आवश्यक दवाईयां शुरू करने के बाद बच्ची को

# दुर्दान्त माओवादी लीडर विकास उर्फ सैनू मुंशी जेट्टी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 30 अगस्त।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तारतम्य में महाराष्ट्र गढ़चिरोली अहेरी दलम के माओवादी लीडर डीवीसीएम विकास ऊर्फ सैनू मुंशी जेटटी पिता मुंशी जेटटी उम्र 35 वर्ष निवासी पिड़ीमाला थाना कोटी जिला गढ़चिरौली राज्य महाराष्ट्र को पकड़ने में बीजापुर पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है । पकड़े गये माओवादी लीडर विकाश छ0ग0, महाराष्ट्र एवं तेलंगाना के लगभग 35 से अधिक नक्सली वारदातों में सक्रिय रहा है । वह एक राज्य में घटना कर सुनियोजित तरीके से योजना तैयार अपने टीम के साथ दूसरे राज्य में नक्सली वारदातो को बखूबी से अंजाम देता था । राज्य के सरहदी सीमा का फायदा उठाकर सुरक्षा बलों को चकमा देकर बड़ी नक्सल घटनाओं में भी वह सुरक्षित रहने में सफल रहा है। यद्यपि माओवादी लीडर विकाश महाराष्ट्र का रहने वाला एवं महाराष्ट्र के गढ़चिरौली अहेरी दलम में डीव्हीसीएम के पद पर रहकर वहां नक्सली वारदातों को लगातार अंजाम देता रहा है । तथापि छुपने, योजना तैयार करने एवं पुन~ नक्सली वारदात को अंजाम देने के लिये सरहदी राज्य छ0ग0 के नेशनल पार्क क्षेत्र का उपयोग करता था । जिस वजह से नेशनल पार्क एरिया कमेटी के डीव्हीसीएम दिलीप बेंड़जा एवं उनके साथियों के साथ बहुत घनिष्ठता एवं मित्रता है । जब माओवादी विकाश का स्वास्थ्य बहुत अधिक खराब हुआ तो दिलीप बेंड़जा ने उसके इलाज हेतु उसे अपने पास बुलाकर उसे पैसा एवं सहयोगी व्यक्ति देकर जगदलपुर अस्पताल भेजा । माओवादी विकाश को नेशनल पार्क एरिया के बहुत अंदरूनी ग्राम से कुल 06-07 व्यक्तियों द्वारा लादकर जंगल के रास्ते ग्राम भटपल्ली लाया जा रहा था । जहां से उसे चारपहिया वाहन से जगदलपुर स्थित किसी नीजि अस्पताल लेजाने की तैयारी थी । परंतु पुलिस को प्राप्त आसूचना के आधार पर वरिष्ठ अधिकारी के हमराह में थाना फरसेगढ एवं छसबल 13/ई वाहिनी की एक संयुक्त टीम रवाना की गई थी । जो ग्राम भटपल्ली जंगल में नाला के पास एक पगडण्डी रास्ते में कुछ व्यक्ति आते दिखने पर तस्दीक वास्ते उन्हे रूकने हेतु आवाज दी गई परन्तु आवाज सुनते ही एक बीमार व्यक्ति को छोड़कर वहां से सभी भाग गये । बीमार व्यक्ति गंभीर हालत में होने से उसका यथोचित इलाज कराया जाकर पूछताछ करने पर वह माओवादी लीडर डीव्हीसीएम विकाश ऊर्फ सैनू मुंशी जेट्टी के रूप में होना ज्ञात हुआ । जिसे थाना फरसेगढ़ के अपराध क्रमांक 6/2022 धारा 307, 353, 143, 147, 148, 149,120बी भादवि 3, 4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 5,28,7,27 विधि विरूद्ध क्रिया कलाप निवारण अधिनियम में वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय विशेष न्यायाधीश, एनआईए कोर्ट दंतेवाड़ा के समक्ष पेश किया गया है ।

## जिले में 1 सितंबर से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह

**बीजापुर,30 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार जिले में 01 सितंबर 30 सितंबर 2024 तक पोषण माह के आयोजन हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया है। कुपोषण एवं एनीमिया के स्तर में उल्लेखनीय कमी लाने के उददेश्य से वर्ष 2018 से पोषण माह अभियान संचालन किया जा रहा है। जन समुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जन आंदोलन के रूप में प्रतिवर्ष ''राष्ट्रीय पोषण माह'' का आयोजन किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री लुपेन्द्र महिनाग द्वारा बताया गया कि इस वर्ष भी 01 सितबर 2024 से 30 सितंबर 2024 तक पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। पोषण माह आयोजन अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। जिसके अंतर्गत जिले के विभिन्न सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधियों, स्व सहायता समूहों एवं स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, आदिम जाति विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग, महाविद्यालय, एवं यूनिसेफ व वर्ड विजन से समन्वय कर विभिन्न प्रकार की गतिवधियों का आयोजन जैसे की वजन त्यौहार में छूटे हुए बच्चों का वजन, ग्राम पंचायतों पर व्यापक प्रचार प्रसार, नारा, स्लोगन, गंभीर कुपोषित, मध्यम कुपोषित बच्चों का चिंहाकन, गृहभेंट ऑगनबाड़ी एवं स्कूलों में विभिन्न प्रकार के फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन, शालाओं में चित्रकला का आयोजन, शालाओं में पोषण प्रतिज्ञा, ग्राम स्तर पर पंजीयन जागरूकता रैली, स्थानीय स्तर पर उत्पादित होने वाले पौष्टिक सब्जी/अनाज से बनाये गये व्यंजनों का प्रदर्शन, पंचायत प्रतिनिधि, स्व सहायता समूहों का उन्मुखीकरण, राष्ट्रीय कृमि दिवस अंतर्गत कृमि नाशक गोलियों का वितरण, ऑगनबाडी केन्द्र एवं शालाओं में पोषण वाटिका का विकास, एनीमिया कैंप का आयोजन, आईएफए वितरण, पोषण आहार विविधिता के विषय में जागरूकता, पोषण प्रश्नोत्तरी, मासिक धर्म एवं स्वच्छता प्रबंधन पर चर्चा, कॉलेजों एवं स्कूलों में पोषण पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाना है। मितानिन एएनएम द्वारा कुपोषित बच्चों का ग्रीन एवं रेड किया जाना है। इस प्रकार पोषण माह के दौरान विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। पोषण माह को सफल बनाने के लिए समुदायिक सहभागिता की आवश्यकता होगी।

## एएसआई के पार्थिव शरीर को कंधा देकर गृहग्राम के लिए किया रवाना



**बीजापुर,30 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर डीआरजी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक तेलम चमरू का सर्चिंग के दौरान बेचापाल के पास सड़क दुघर्टना में आकस्मिक निधन हो गया।जवान के निधन पर क्षेत्रीय विधायक श्री विक्रम शाह मंडावी, कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर पार्थिव शरीर को कंधा देकर गृहग्राम के लिए रवाना किया।

# बिजली स्कूल में बच्चों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई गई

**फिंगेश्वर, 30 अगस्त।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस देश के प्रत्येक बच्चे को कृमि मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय,भारत सरकार की एक पहल है।राज्य शासन के निर्देशानुसार 29 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया।इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर नवमी से बारहवीं तक के छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन



लाल साहू ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की शुरुआत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 2015 में की गई थी. इस दिवस का मुख्य उद्देश्य आंतों के कीड़ो के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मृदा संचारित कृमि का पूर्ण उन्मूलन प्राप्त करना है.एल्बेंडाजोल एक सुरक्षित दवा है।इस दवा से पेट मे कीड़ो या कृमियों को समाप्त करने के लिए दी जाती है।एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने से बच्चे खून की कमी (एनीमिया) के शिकार से बच सकते है।यह टेबलेट बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए 01 से 19 वर्ष तक बच्चों को खिलाना जरूरी है।हमें पीने के पानी को हमेशा ढँक कर रखना चाहिए।शौचालय का उपयोग करने से पहले और बाद में नियमित रूप से साबुन और गर्म पानी से हाथ धोने से आंतों के कीड़े से बचा जा सकता है। आज जो छात्र छात्राएं गोली नहीं खा पाए है उन्हें मॉक अप दिवस के दिन 04 सितंबर को गोली खिलाई जावेगी। इस अवसर पर प्राचार्य पूरन लाल साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू,नरेन्द्र कुमार वर्मा,रेखा सोनी,गीतांजली नेताम,संतोषी गिलहरे,व्यायाम शिक्षक नकुल राम

## एक नजर

### स्मार्ट बिजली मीटर लगाने का कार्य शहर में जारी

**भाटापारा 30 अगस्त।** स्मार्ट बिजली मीटर लगाने का कार्य शहर है तेजीसे जारी है अभीतक शहर में करीब दो हजार मीटर लगाये जा चुके है स्मार्ट मीटर शहर मे रोज शहर में करीब 80 से ऊपर लगाये जा रहे है वही मीटर संचालन लगाने के लिये विद्युत मंडल के डी.ई. एनके सोनी, ए. ई. वामुदेव साहू के निर्देश में किया जा रहा है ।इस संबंध मे बिजली विभाग ने बताया आगामी तीन माह मे पूरे शहर मे स्मार्ट मीटर लगा दिये जायेगें पूरे नगरीय क्षेत्र में करीब 17 हजार स्मार्ट मीटर लगाने है वही यह मीटर पूर्व की तरह ही कार्य करेगे, और जो मीटर का बकाया है वह इसमे शामिल होगा। वहीं बिलिंग की व्यवस्था आनलाइन, फोन पे एवं बिजली आफिस मे पूर्व की तरह लिये जायेंगे।

### अदालत ने वाहन चालक को जुर्माने से किया दंडित

**बलौदाबाजार 30 अगस्त।** जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर



सख्त कार्यवाही करने हेतु ऑपरेशन विश्वास के तहत जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शराब पीकर वाहन चालान करने में स्वयं एवं मार्ग में चलने वाले अन्य वाहन, राहगीरों के साथ सडक दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किया जाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों को सबक मिल सके। इसी क्रम में पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान के इसी क्रम में सहायता केन्द्र निपनिया पुलिस द्वारा चेकिंग कर वाहन चालक कुलेश्वर को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा उक्त वाहन चालक के विरुद्ध धारा 185 के तहत कार्यवाही करते हुए, इसका वाहन विधिवत जप्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें आज दिनांक 29.08.2024 को न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले प्रकरण में वाहन चालक गोविंद राम को ?10,000 का अर्थदंड का आदेश दिया गया है।

### पीएम जनमन के तहत रंगोली प्रतियोगिता का किया आयोजन

**बलौदाबाजार, 30 अगस्त।** कलेक्टर दीपक



सोनी के निर्देश में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन )अंतर्गत कसडोल के वनांचल क्षेत्र के गांव बल्दाकछार में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा कु.भुनेश्वरी कमार को ट्रॉफी प्रदान किया गया एवं शामिल होने वाले अन्य सभी लोगो को प्रोत्साहन स्वरूप मेडल भी प्रदान किया गया। इसके साथ ही अन्य विभागों के सहयोग से कमार जनजाति परिवारों विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। उक्त आयोजन आदिवासी विकास विभाग द्वारा किया गया। इस मौके पर स्कूल एवं आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित।

### संयंत्र के बाउंड्री वाल से नाली का कुलापा बंद खेतों की सिंचाई के लिए किसान परेशान

**सिमगा 30 अगस्त।** तहसील सिमगा



अंतर्गत ग्राम पौंसरी में निर्माणाधीन संयंत्र लाला स्टील एण्ड पाईप के द्वारा बाउंड्री वॉल का निर्माण किए जाने से खेतों की सिंचाई के लिए एरीगेशन विभाग द्वारा बनाए गए नाली से कुलापा को निकाल कर मिट्टी डालकर उसे बंद कर दिए जाने के कारण लगभग 20 एकड़ के कृषि भूमि में सिंचाई प्रभावित हो रहा है। जिसकी शिकायत पौंसरी के ग्रामीणों ने एरीगेशन विभाग से की है। जिस पर टाइम किपर वीके तिवारी ने मौके पर जा कर निरीक्षण किया तो पाया कि एरीगेशन विभाग द्वारा किसानों की कृषि भूमि की सिंचाई के लिए यहां पर कुलापा लगाया गया है इसी कुलापे के पानी से पूर्व में खेतों की सिंचाई होती है थी लेकिन वहां पर फैक्ट्री निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसके चलते कुलापा बंद हो गया है। उन्होंने बताया कि खेतों की सिंचाई के लिए किसानों एवं एरीगेशन विभाग द्वारा पांच सालों के लिए एग्रीमेंट हुआ है कंपनी के निर्माण के चलते यह स्थिति निर्मित हुई है। टाइम किपर तिवारी ने प्रबंधन से नाली कुलापा बंद करने के लिए विभागीय अनुमति लेने की बात कही बिना अनुमति के कुलापा बंद करने पर कार्यवाही की जाएगी। तिवारी ने बताया कि उन्होंने उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी दे दी है। बता दें कि संयंत्र के गेट के पास ही बाउंड्री वॉल के अदंर सिचाई के लिए बनाई गई नहर नाली में पानी के बहाव से निर्मित कुलापा के बंद होने के कारण खेतों में पानी जाना बंद है जिसकी वजह से लगभग 20 एकड़ कृषि भूमि में सिचाई की समस्या निर्मित हो रही है किसानों ने सिंचाई विभाग में अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

# छत्तीसगढ़ पेरेंट्स एसोसिएशन ने लिया संज्ञान, कलेक्टर व डीईओ को लिखा पत्र

■ शिक्षा विभाग के आए दिन हो रही है किरकिरी

**मोहला 30 अगस्त।** हाल ही में स्वामी आत्मानंद हिंदी व अंग्रेजी माध्यम मानपुर में शिक्षा और व्यवस्था गर्त में जाने के कागार पर है, सुबह साढ़े सात बजे से क्लास लगने की शुरुआत होती है, ऐसा पहली बार नही हुआ है,कई दिनों से ही चपरासी के ही द्वारा प्रार्थना कराया जाता है । खबर प्रकाशन के बाद छत्तीसगढ़ पेरेंट्स एशोसिएशन ने इस मामले को गंभीरता से लिया है,छत्तीसगढ़ पेरेंट्स एशोसिएशन ने मोहला मानपुर चौकी जिले के कलेक्टर और प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है । स्वामी आत्मनांद स्कूल में प्रार्थना के समय स्कूल स्टॉफ की लेटलतीफी और चपरासी द्वारा मॉर्निंग असेम्बली लिया जाता है जो अनुशासनहीनता को दर्शाता है जिसके कारण शिक्षा की गुडवत्ता पर भी सवाल खड़े करता है । छत्तीसगढ़ पेरेंट्स एशोसिएशन ने कहा कि स्वामी आत्मनांद स्कूल का पदेन अध्यक्ष कलेक्टर और सचिव होता है और प्रार्थना में शामिल नही होने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं

खबर का असर



मानपुर में शिक्षा और व्यवस्था गर्त में जाने के कगार पर

प्रिंसिपल सहित पंद्रह स्टाफ, चपरासी के भरोसे होती है प्रार्थना, कनिष्ठ को बड़ी जिम्मेदारी, वरिष्ठों को कर रहे दरकिनार

के लेटलतीफी के कारण सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी आत्मनांद स्कूल और शिक्षा विभाग की छवि धूमिल हो रही है, वही एसोशिएशन ने स्वामी आत्मनांद स्कूल के जिम्मेदार लोगों पर जांच कर सख्त कार्यवाही करने पत्र लिखा है ।

**पालको को नही बुलाया और हो गया अपने स्तर पर माफीनामा :** स्वामी आत्मनांद स्कूल में शिक्षा व्यवस्था पर शाला समिति और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मामले को सुलझाया गया लेकिन सुबह की क्लास में लगने वाले स्कूल में लगभग पाँच सौ छात्र छात्राएं अध्यनरत है ,





परंतु पालको की गैरमौजूदगी में बिना राय लिए मामले को आपस मे सुलझा लिया गया । विवादों और सवालों में रहा यह स्कूल बिना पालको के जानकारी और राय लेकर मामले पर संज्ञान लिया जाना था परंतु दस बारह लोगो की सहमति से इस बड़े मामलों पर पर्दा डाल दिया गया ।

# पुलिस ने टेउराम कॉलोनी में चोरी करने वाले एक अपचारी बालक सहित फरार 3 आरोपियों को पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 30 अगस्त।** घटना के संबंध मे जानकारी व चोरी के आरोपियों को पकडने का खुलासा करते हुए एएसपी एच.एस.सिदार,टी.आई.परिवेश तिवारी ने बताया 28.जुलाई को विजय सबलानी टेउराम कॉलोनी हेमू कल्याणी वार्ड द्वारा थाना भाटापारा शहर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 27 जुलाई को पारिवारिक काम से रायपुर गया था। दरम्यानी रात्रि बड़े भाई द्वारा फोन कर बताया गया कि मेरे घर का ताला तोड़कर, घर अंदर प्रवेश कर किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। सुबह 07:30 बजे लगभग अपने घर आया, तो देखा, कि मेरे घर का ताला टूटा था, अंदर सभी सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। किसी अज्ञात चोर द्वारा घर का ताला तोड़कर घर में रखे अलमारी को



खोलते हुए उसमें अंदर रखा सोना चांदी के आभूषण एवं नगदी आदि चोरी कर लिया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में 380/2024 धारा 331(4),305(c) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा 01.08.2024 को ही एक आरोपी सेंडी उर्फ संतोष उम्र का 21 वर्ष निवासी ग्राम देवरीडीह तोरवा बिलासपुर को गिरफ्तार कर लिया गया था, किंतु प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी फरार थे, जिनकी लगातार पताशाजी किया जा रहा था। आरोपी सेंडी उर्फ संतोष की गिरफ्तारी कि सूचना पाकर प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी बिलासपुर से भाग गये थे। घटना में शामिल बाकी आरोपियों का पता तलाश करने हेतु थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया गया। साथ ही जिला महासमुंद, जांजगीर, रायपुर जिले की पुलिस टीमों से भी सतत संपर्क में रहकर आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा था। *कि इसी क्रम में प्रकरण में शामिल एक अपचारी बालक सहित 03 आरोपियों को पकड़ा गया। प्रकरण में शामिल अपचारी बालक के उपर जिला बिलासपुर में चोरी के 05 से अधिक प्रकरण दर्ज हैं। साथ ही उसके द्वारा जिला महासमुंद, जांजगीर एवं रायपुर जिले में भी चोरी की घटनाएं कारित की गई है। आरोपियों से पूछताछ पर सभी ने एक साथ मिलकर भाटापारा शहर के टेउराम कॉलोनी में चोरी करना स्वीकार किया। 29.08.2024 को सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने एवं अपचारी बालक को संप्रेषण गृह भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों रुस्तम अंसारी उम्र 24 साल निवासी इमलीपारा बिलासपुर , रेहाना शेख उम्र 42 साल निवासी तोरवा बिलासपुर, अपचारी बालक 01 पूर्व में गिरफ्तार आरोपी संतोष उर्फ सैंडी निवासी तोरवा बिलासपुर।

## समाचार संक्षेप

### पुलिस ने महुआ शराब बेचते दो लोगों को किया गिरफ्तार





**बलौदाबाजार 30 अगस्त।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 28.08.2024 को थाना सिटी कोतवाली से सहायक उप निरीक्षक मालिक राम बंजारे, प्रधान आरक्षक संतराम बंजारे, आरक्षक अश्वनी पैकरा, मोहन जांगड़े की पुलिस टीम द्वारा ग्राम खटियापाटी एवं रसेडा में घेराबंदी कर, दो अलग-अलग मामलों में अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करने वाले 02 आरोपी शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से ?3600 कीमत मूल्य का कुल 13 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए, जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### भारत स्काउट्स गाईड्स जिला संघ ने कलेक्टर से की सौजन्य मुलाकात



**बलौदाबाजार, 30 अगस्त।** भारत स्काउट्स गाईड्स जिला संघ बलौदाबाजार की वार्षिक कार्य योजना को लेकर बैठक गुरूवार को संपन्न हुई। बैठक पश्चात जिला संध के संरक्षक एवं बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी से सौजन्य भेंट कर अभिनंदन किया गया। वहीं वृक्षारोपण कार्यक्रम की प्रतिक चिन्ह भेंट कर वृक्षारोपण की जानकारी भी दी गयी। इस अवसर पर स्काउटिंग गतिविधियों पर उनसे चर्चा की गयी। कलेक्टर श्री सोनी ने स्काउटिंग गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए जिले के सभी विद्यालयों को स्काउटिंग से जोडने की बात कही। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी व जिला आयुक्त हिमांशु भारती, जिला मुख्य आयुक्त डा. अजय राव, जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, जिला सचिव नरेन्द्र वर्मा, जिला संगठन आयुक्त सुरज कसार (स्काउट), जिला संगठन आयुक्त (गाईड) नेहा उपाध्याय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट मनीष बघेल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाईड रजनी कला पाटकर, लिडर ट्रेनर जगदीश साहू, विकासखण्ड सचिव चुरामणी वर्मा बलौदाबाजार, संजीव पटेल पलारी, श्रवण सिंगरौल भाटापारा, धनेश्वर वर्मा सिमगा, विकासखण्ड कसडोल के स्काउटर बसंत कुमार कोसले, बुधराम घृतलहरे आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने आंगनबाड़ी पहुंचकर बच्चों को अपने हाथों से खिलाई कृमिनाशक दवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 30 अगस्त।** आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस है। इस अवसर पर जिले के सभी आंगनवाड़ी,शासकीय अशासकीय तथा अनुदान प्राप्त विद्यालयों, महाविद्यालयों,मदरसे,निजी स्कूल, केंद्रीय और नवोदय विद्यालयों में 1 से 19 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों और किशोर -किशोरियों को कृमि नाशक दवाई एल्बेंडाजोल 400 मिग्रा का सेवन कराया गया है। इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक सोनी ने बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम छुईया रैयतवाड़ी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचकर अपने हाथों से बच्चो को कृमिनाशक दवाई खिलाई. इस मौके पर सीएमएचओ डॉ.राजेश अवस्थी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी टी के जाटवार,डीपीएम सृष्टि मिश्रा, उपस्थित रहे। आमतौर पर बच्चों को दवाओं से डर लगता है लेकिन आज बच्चों ने बड़े मजे से कृमि नाशक दवाई खाई। आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों के लिए आज त्यौहार जैसा माहौल रहा। नन्हें-नन्हें बच्चों ने कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री सोनी को कविताए



और गीत भी सुनाए। बच्चों में दवा खाने के लिए काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी पालकों से अपील करते हुए कृमि नाशक दवाई अपने बच्चों को सेवन अवश्य कराने का आग्रह किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया की छूटे हुए बच्चों के लिए मॉप अप दिवस 4 सितंबर निर्धारित किया गया है। इसमें 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली चूरा कर पानी में मिलाकर चम्मच में देना है। 2 से 3 वर्ष को पूरी एक गोली चूरा बना कर पानी में,जबकि 3 से 5 तथा 5 से 19 वर्ष तक को एक पूरी गोली चबा कर पानी के साथ सेवन करना है। पेट में दर्द,कमज़ोरी,वजन कम होना, चिड़चिड़ापन,खून की कमी ये कुछ लक्षण हैं जो कृमि संक्रमण को प्रकट करते हैं। संक्रमित भोजन, साफ-सफाई न रखना,पालतू जानवरों से यह संक्रमण हो सकता है। कृमि कई प्रकार के होते हैं जिसमें से टेपवर्म, राउंडवॉर्म, पिनवर्म या थ्रेडवर्म और हुकवर्म प्रमुख हैं। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा के अनुसार जिले में कुल 5 लाख 28 हज़ार 8 सौ 3 हितग्राहियों को दवाई का सेवन कराए जाने का लक्ष्य है। इसमें विकास बलौदा बाज़ार में 1 लाख 22 हजार 399,भाटापारा 99 हजार 640,कसडोल 1 लाख 6695,पलारी 99 हजार 93 तथा सिमगा में 1 लाख 976 हितग्राही लक्षित हैं। इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता सहित सहायिका उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजनांतर्गत गरीब छात्र- छात्राओं को एक प्रतिशत ब्याज दर पर मिलेगा शिक्षा ऋण

**बलौदाबाजार, 30 अगस्त।** राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना के तहत राज्य गरीब छात्र-छात्राओं के उच्च शिक्षा के अध्ययन के लिए डिप्लोमा,स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर के कुल 35 तकनीकी एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को योजना में शामिल किया गया है। तकनीकी एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेशित ऐसे छात्रों को जो 2 लाख रूपये वार्षिक आय से कम आय वाले परिवारों से आते है। उनको मोरेटोरियम अवधि के पश्चात ऋण किश्तों के नियमित भुगतान की स्थिति में केवल 1 प्रतिशत की दर से ब्याज देय होगा। शेष ब्याज की राशि का भुगतान राज्य शासन द्वारा सीधे संबंधित बैंक को किया जायेगा।

इच्छुक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा के अध्ययन के लिए छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए, छत्तीसगढ़ राज्य में स्थापित तथा सक्षम प्राधिकारी जैसे- ए.आई.सी.टी. ई.यू.जी.सी.मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम में प्रवेशित हो, अधिकतम पारिवारिक आय 2 लाख रूपये से अधिक नहीं होना चाहिए, शिक्षा ऋण अधिकतम सीमा 4 लाख रूपये देय होगा, ब्याज अनुदान का लाभ लेने के नियमित रूप से ऋण किश्तों का भुगतान अनिवार्य है, डॉप आउट एवं निष्कासित छात्र इस योजना के लाभार्थी नहीं बने रहेगें किन्तु चिकित्सीय कारणों से, एक वर्ष की अधिकतम सीमा तक अध्ययन में रूकावट होने की दशा में पात्रता रहेगी। योजना के अंतर्गत बीई/बीटेक, एमई, एम टेक, डी आर्क, एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, एमसीए, एम.बी.ए, डीई,बी.पी.एड,एमपीएड, पी.जी.डी.सी.ए.बी.एच.एम.एस., बी.ए.एम.एस, बी.एन.वाई.एस, बी.एन.एस., बी.यू.एम.एस, वी.एफ.एस.सी, बी.टेक डेयरी, बी.एग्री, बी.डी.एस, एमडीएस, एमबीबीएस, बीव्हीएससी, बीएससी नर्सिंग बेसिक तथा पोस्ट बेसिक, बी.फार्मा,एम फार्मा,डी फार्मा, डिप्लोमा इन मॉर्डन आफिस मेनेजमेंट, डिप्लोमा इन इंटीरियर डेकोरेशन एण्ड डिजाइन, डिप्लोमा इस कास्टयूम डिजाईन एण्ड ड्रेस मेकिंग, बीएड,डीएड, एमएड, के पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए योजना का लाभ लिया जा सकता है।

# कलेक्टर ने की न्यायालयीन राजस्व प्रकरणों की समीक्षा समय सीमा के भीतर काम न करने पर जताई नाराजगी

■ कार्य में बरती लापरवाही,4 रीडर को कारण बताओ नोटिस जारी

**बलौदाबाजार,30 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के लिए आज राजस्व विभाग की कामकाज समीक्षा की है। उन्होनें बैठक मे कामकाज पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य पद्धति में आवश्यक सुधार लाने के निर्देश सभी संबधित अधिकारी कर्मचारी को दिए है। बैठक में जिले के सभी राजस्व न्यायालय के पीठासीन,नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम एवं शाखा प्रभारी डिप्टी तथा संयुक्त कलेक्टरों सहित उनके रीडर उपस्थित रहे। इस दौरान कामकाज में लापरवाही बरतने के चलते 4 पीठासीन के वाचक (रीडर) को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए 3 दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। 4 रीडर में एसडीएम सिमगा के सहायक ग्रेड 2 संतोष ध्रुव, तहसील सिमगा सहायक ग्रेड 3 दिगेंद्रर गंधर्व, तहसील लवन से



सहायक ग्रेड 3 आशुतोष प्रधान एवं उपतहसील निपनिया के सहायक ग्रेड 3 दिनेश ध्रुव शामिल है। इसके साथ ही जिन वाचको के खिलाफ लंबे समय से एक ही स्थान में जमे होने एवं अन्य शिकायत हुई है उन्हे बदलने के निर्देश अपर कलेक्टर को दिए है। उन्होंने दो टूक कहा की राजस्व का मामला आम आदमी से सीधा जुड़ा हुआ होता है। इन प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार का विलंब नही होना चाहिए। सभी प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के भीतर ही होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने नामांतरण,अविवादित बंटवारा,अभिलेख दुरुस्ती,भू-अर्जन, भू-भाटक, सीमांकन जैसे प्रकरणों का भी विस्तृत समीक्षा किए। उन्होंने कहा की सभी रिकार्ड को अनिवार्य रूप से दुरस्त एवं सभी प्रकरणों को शत प्रतिशत ई कोर्ट में दर्ज करने के निर्देश दिए है। साथ ही सप्ताह में एक दिन पटवारियों का नियमित बैठक कर कार्य की समीक्षा करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही सभी कार्यालयों में कामकाज सुबह 10.30 बजे ही शुरू एवं कार्यालय एवं परिसर का नियमित रूप से साफ सफाई करनें के निर्देश दिए है। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर दिप्ती गौते, सँयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे,सीमा ठाकुर,समेत सभी डिप्टी कलेक्टर,राजस्व अधिकारी गण एवं सभी अनुविभागीय मुख्यालयो से एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं उनके वाचक उपस्थित रहे।

### कोदवा में जनसमस्या निवारण शिविर आज

बलौदाबाजार,30 अगस्त। कलेक्टर श्री दीपक सोनी क़े मार्गदर्शन में विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत कोदवा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन शुक्रवार 30 अगस्त 2024 को किया जाएगा। शिविर प्रातः 10 बजे से शुरू होगा जिसमें सभी विभागों क़े अधिकारी अपने अमलो क़े साथ मौजूद रहेंगे। शिविर क़े माध्यम से लोगों की समस्या, शिकायत व मांग से सम्बंधित आवेदनों का निराकरण यथासंभव स्थल पर ही किया जाएगा। इसके साथ ही अधिकारियों क़े द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। शिविर में शामिल होकर लोग अपनी समस्या व शिकायत का समाधान करा सकते हैं।

### हथबंद में गंदगी की शिकायत के बाद सीईओ ने किया निरीक्षण

**सिमगा 30 अगस्त।** हथबंद में भारी अव्यवस्था को सी. ई. ओ. जनपद सिमगा ने किया आकस्मिक निरीक्षण सचिव को दिया निर्देश। ग्राम पंचायत हथबंद में गंदगी का साम्राज्य शिकायत के पश्चात मुख्य कार्य पालन अधिकारी जनपद पंचायत सिमगा ने किया आकस्मिक निरीक्षण तथा नगर में फैली गंदगी को देखकर हुए अचंभित कहां 15 दिनों के अंतर्गत होगा हथबंद में सफाई लगातर प्राप्त शिकायत के पश्चात सीईओ जनपद सिमगा अमित दुबे ने ग्राम पंचायत हथबंद में आकस्मिक निरीक्षण किया बाजार में जगह-जगह फैली गंदगी सार्वजनिक शौचालय उपसरपंच के घर के सामने से 500 मीटर बनी नाली तथा सरपंच के घर के सामने मछली पसरा एवं नाली तथा सड़कों में फैली गंदगी एवं वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12 ,13, 14, 15, 16 में जल प्रदाय हेतु बनी जल मिशन योजना के कारण घर-घर नल योजना में राहत किए गए कार्यों में सड़कों को तोड़ने से गंदगी का भी साम्राज्य स्थापित हो गया है पर काफी अचंभीत हुवे उन्होंने ग्राम पंचायत हथबंद सचिव को तत्काल निर्देशित करते हुए कहा कि नाबार्ड योजना के तहत कचरा संलग्न हेतु कूड़ादन बनाने सहित कूड़ादन की उचित निपटान एवं नगर फैले कचरे को यथाशीघ्र निपटान हेतु आदे शित किया बाजार चौक में फैली गंदगी सार्वजनिक शौचालय पंचायत के सामने की गंदगी स्वर्ण जयंती स्मारक के पास फैली गंदगी को तथा जल मिशन योजना अंतर्गत किए गए गलियों में किए गए सीमेंटीकारण की तोड़फोड़ एवं पूर्ण व्यवस्थित करने हेतु आदेशित किया।


**न्यायालय तहसीलदार चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.202408140100008/ अ-21(2)/सन् 2023-24 ग्राम चारामा

**// उद्घोषणा //**

एतद द्वारा सर्व संबंधित एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अंजली पति लक्ष्मीकांत जाति कलार निवासी ग्राम करिहा कृषक ग्राम चारामा तहसील चारामा की ओर से अधिवक्ता चंचल साहू के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत भूमि स्वामी हक की आवासीय परिवर्तित भूमि ग्राम चारामा पटवारी हल्का नंबर 06 तहसील चारामा में स्थित खसरा नंबर 1126/10 रकबा 0.02 हेक्टेयर या 0.05 डिस. परिवर्तित लगान 196.00 रूपये जिस पर पक्का मकान बना हुआ है को रूपयो की आवश्यकता होने पर 23,65,000.00 तेइस लाख पैंसठ हजार रूपये में अनावेदक क्रेता ज्योति सिन्हा पति मिश्रीलाल सिन्हा जाति कलार निवासी ग्राम नाउडबरी तहसील नरहरपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पास विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर में आवेदन प्रस्तुत करने पर जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा के माध्यम से प्राप्त हुआ।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विधिवत् अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 13.09.2024 को स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
चारामा

## एक नजर

### सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में गायकों का जमघट



**रायपुर 30 अगस्त।** आचार्य भगवंत श्री जिनमणि प्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व धूमधाम से मनाया जाएगा । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि प्रतिदिन रात्रि 8 . 15 बजे से दादागुरुदेव इक्तिसा जाप व प्रभु भक्ति महोत्सव में छत्तीसगढ़ के ख्यातिनाम जैन भजन गायक प्रस्तुति देंगे । श्री पर्युषण पर्व के प्रथम दिवस सुप्रसिद्ध जैन भजन गायक श्री हिमांशु बुरड़ भैरव सोसायटी स्थित जिनमंदिर में भक्ति गीत प्रस्तुत करेंगे । प्रातः 5 बजे मंदिर जी के पट खोले जाएंगे , परमात्मा के जन्मकल्याणक की स्नात्र पूजा , अष्टप्रकारी पूजा , परमात्मा की नवांगी पूजा , चैत्यवन्दन होगा । विश्व में एकमात्र जैन धर्म में ही कोई भी श्रावक श्राविका प्रभु परमात्मा के मूल गंभारे में जाकर मूर्ति को स्पर्श कर पूजन कर सकता है । दोपहर में श्री सीमंधर महिला मण्डल , विमल महिला मण्डल व भैरव सोसायटी श्रीसंघ के भक्तों द्वारा परमात्मा व दादागुरुदेव की मूर्तियों की आंगी सजावट की जावेगी ।

# सदस्यता अभियान में सबकी सहभागिता जरूरी: किरण देव

## भाजपा प्रकोष्ठों की संयुक्त कार्यशाला आयोजित

**रायपुर 30 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा है कि 4 सितंबर से प्रदेश में एक साथ शुरू होने जा रहे भाजपा सदस्यता अभियान में सबको अपनी सहभागिता सुनिश्चित करना है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा के हाथों पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर इस अभियान की शुरुआत करेंगे। 3 सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सदस्यता ग्रहण कर प्रदेश में अभियान शुरू करेंगे। 4 और 5 सितंबर से जिला और मंडलों में यह अभियान प्रारंभ होगा। श्री देव भाजपा सदस्यता अभियान के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश व सभी जिलों के भाजपा प्रकोष्ठ पदाधिकारियों की एक वृहत बैठक को गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में संबोधित कर रहे थे।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि भाजपा विश्व में एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जिसके 1 जनवरी से लेकर 31 दिसंबर संगठन की कार्य योजना के अनुसार कार्यक्रम होते हैं और उसका परिणाम आज यह है कि हम पूरी दुनिया में सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप खड़े हैं। प्रकोष्ठों के सभी संयोजकों ने अपना लक्ष्य निर्धारित किया है। हमको सदस्य बनना है और बनाना भी है। श्री देव ने कहा कि चार महीने के बाद हम दो और चुनाव में जाने वाले हैं, एक नगरीय निकाय चुनाव और दूसरा पंचायत चुनाव। इनमें इस सदस्यता अभियान की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। हम अपने पिछले लक्ष्य को पार करें और पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा की सरकार बने, यह हमारे एक अवसर है। श्री देव ने कहा कि हमारे लिए सदस्यता अभियान संगठन महापर्व है। राजनीतिक दल के रूप में हम काम करते हैं और इसलिए इस अभियान में हम यह संदेश देने में सफल रहेंगे कि भाजपा पार्टी विथ डिफ्रेंस है जिसमें आंतरिक लोकतंत्र है, उसका अपना संविधान है, उस व्यवस्था के तहत कार्यक्रम और विचार लेकर हम जनता के बीच जाते हैं। इसलिए भाजपा कार्यकर्ता और कार्यक्रम आधारित दल है। श्री देव ने आग्रह किया कि सभी प्रकोष्ठों की ओर से अपने-अपने क्षेत्रों में होर्डिंग्स लगाया जाना चाहिए ताकि एक वातावरण बने। श्री देव ने सभी प्रकोष्ठों से आग्रह किया कि अभियान के परिप्रेक्ष्य में की गई संरचना पर अमल करें, क्योंकि 4 तारीख से जिलों के सदस्यता अभियान में सभी मोर्चा के उस जिले में रहने वाले सभी पदाधिकारी, कार्यसमिति के सदस्य, एक साथ पूरे 35 जिलों से सदस्यता अभियान की शुरुआत एक साथ करेंगे। श्री देव ने कहा कि दो चरणों में सदस्यता अभियान में किसी भी प्रकार से हम अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी मेहनत करें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि यह लक्ष्य यूं ही पूरा नहीं होगा। आज भाजपा सबसे बड़े दल के तौर पर जिस ऊँचाई पर है, उसे बनाए रखने के लिए सदस्यता अभियान में पूरे मनोयोग से जुट जाएँ ताकि जनता के बीच में भी संदेश अच्छा जाए। इस बार पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को भी लक्ष्य दिया गया है। प्रत्येक बूथ में 200 सदस्य अगर हम बनाएंगे। प्रदेश में 23,681 बूथ हैं, तो प्रत्येक बूथ पर सदस्यता का लक्ष्य हासिल करके हम प्रदेश में लगभग 48 लाख सदस्य बनाएँगे। प्रधानमंत्री के हमारे पास जो कार्यक्रम आते हैं उसको सेवा सप्ताह के रूप में हम मना रहे हैं तो उसको भी ध्यान में रखें। उसमें भी इसकी चर्चा जरूर करें और संभव हो तो जिस क्षेत्र में जिस पंचायत में जिस वार्ड में जिस जगह पर हम कार्यक्रम में जा रहे हैं वहां भी हम इसकी चर्चा करें। श्री देव ने कहा कि आज प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है और मोदी की गारंटी पूरी होने के कारण प्रदेश में अनुकूल वातावरण है, भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है। इसलिए सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को योजनापूर्वक इस अभियान में जुटकर अपना-अपना लक्ष्य अर्जित करना है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग करके कार्यकर्ता सदस्यता अभियान का लोगो अपने-अपने डीपी में सेट कर लें।

# आईटीएम यूनिवर्सिटी ने नई ड्रोन अकादमी के साथ उड़ान भरी

**रायपुर 30 अगस्त।** आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर को अपनी ड्रोन अकादमी के लॉन्च की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। अकादमी का उद्घाटन बैच 16 अगस्त, 2024 को शुरू होगा, जो तेजी से बढ़ते ड्रोन उद्योग में कुशल पेशेवरों की बढ़ती मांग को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।आईटीएम ग्रुप के सीईओ और आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर के प्रो-चांसलर श्री नितिन पुचा ने इस पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहा, ÷मूल्य और तकनीकी शिक्षा समय की मांग है। आईटीएम में, हम व्यावहारिक, रोजगार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।÷ - उन्मुख कार्यक्रम और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा। कृषि, सर्वेक्षण और मानचित्रण, पर्यावरण निगरानी, ??सुरक्षा और निगरानी में ड्रोन प्रौद्योगिकी के बढ़ते अनुप्रयोगों को पहचानते हुए, हमें इस आईटीएम विश्वविद्यालय ड्रोन अकादमी को लॉन्च करने पर गर्व है डीजीसीए द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम के अनुसार विभिन्न ग्राहकों के लिए पाठ्यक्रम बनाए गए और ड्रोन पायलट और



प्रशिक्षक बनने में रुचि रखने वालों की मदद के लिए सामान्य कार्यक्रम भी पेश किए गए।आईटीएम यूनिवर्सिटी ड्रोन अकादमी एक डीजीसीए-अनुमोदित रिमोट पायलट सर्टिफिकेशन (आरपीसी) कार्यक्रम की पेशकश करेगी, जो यह सुनिश्चित करेगी कि छात्रों को डीजीसीए नियमों और विनियमों, सुरक्षा प्रोटोकॉल, एकल ड्रोन उड़ान, रखरखाव और समस्या निवारण का व्यापक ज्ञान प्राप्त हो। इसके अलावा, ड्रोन डेटा विश्लेषण में विशेष प्रमाणन कार्यक्रम उन्नत कौशल चाहने वालों को पूरा करेंगे। आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर के नीलेश कोकाटे (केंद्र प्रमुख और डीजीसीए प्रमाणित आरपीएएस प्रशिक्षक) ने जोर देकर कहा, हमारी ड्रोन अकादमी अच्छी तरह से विकसित ड्रोन पेशेवरों को तैयार करने के लिए समर्पित है।

### प्रदेश के विकास में योगदान देगा मसीही समाज

**रायपुर 30 अगस्त।** छत्तीसगढ़ डायसिस सीएनआई के आव्हान पर राजधानी के मसीहीजन एक मंच पर आए। सालेम इंग्लिस स्कूल में कैपिटल पास्टर्स फैलोशिप, सीजी सिनड वेलफेयर सोसायटी, छत्तीसगढ़ पास्टर्स एंड लीडर एसोसिएशन तथा उत्कल इवेंजलिकल फैलोशिप ने डायसिस के साथ मिलकर समाज की आत्मिक, आध्यात्मिक और भौतिक उन्नति के साथ सेवा करने का संकल्प लिया। साथ ही प्रदेश के विकास में भी योगदान देने पर विचार विमर्श किया गया। छत्तीसगढ़ डायसिस की बिशप द राइट रेवरेंड सुषमा कुमार के नेतृत्व व सचिव नितिन लॉरेंस की प्रेरणा से रायपुर पास्टर्स मीट हुई। इस मौके पर सभी पादरियों और अगुवों को डायसिस की ओर से विशेष बाइबिल उपहार स्वरूप दी गई, जो उनकी सेवकाई में मददगार होगी। इस मौके पर सुझाव व परिचर्चा में सीपीएल के अध्यक्ष मार्क रॉड्रिक्स के प्रतिनिधि के रूप में उपाध्यक्ष पास्टर पी. अनिल कुमार, सीजीएसडब्लूसी के अध्यक्ष पास्टर डी. जेबास्टिन, सीजीपीएलए के अध्यक्ष हरिश साहू के प्रतिनिधि उपाध्यक्ष पास्टर कमलेश समीह, यूईएफ के अध्यक्ष पास्टर किशोर सेनापति, ग्रेस चर्च के पादरी हेमंत तिमोथी, सेंट पॉल्स कैथेड्रल के पास्ट्रेट कोर्ट के अध्यक्ष तथा डायसिस के प्रवक्ता जॉन राजेश पॉल, सालेम स्कूल की प्रिंसिपल रूपिका लारेंस ने भी सम्मेलन को संबोधित किया।

### अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया

**रायपुर 30 अगस्त।** भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम को उसकी लांजिगढ़, ओडिशा स्थित एल्यूमिना रिफाइनरी में लागू किए गए ऊर्जा दक्षता अभ्यासों के लिए सीआईआई नेशनल ऐनर्जी ऐफिशियेंसी सर्कल कॉम्पिटिशन 2024 में कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इस इकाई को 'बैस्ट ऐनर्जी ऐफिशियेंट डेज़िगनेटिड कंज़्यूमर' श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा 'बैस्ट ऐनर्जी ऐफिशियेंट ऑर्गनाइज़ेशन (लार्ज सेक्टर)' और 'बैस्ट मैनेज्ड इलेक्ट्रिकल सिस्टम फॉर ऐनर्जी ऐफिशियेंसी' श्रेणियों में भी इस इकाई को विशेष प्रशंसा प्राप्त हुई है। ये पुरस्कार इस बात के परिचायक हैं कि वेदांता एल्यूमिनियम जिम्मेदार व्यापारिक प्रचालन सुनिश्चित करने पर ध्यान केन्द्रित करती है। वेदांता एल्यूमिनियम की विश्व स्तरीय रिफाइनरी उच्च क्वालिटी एल्यूमिना का उत्पादन करती है जिसे बाद में झारसुगुडा, ओडिशा और कोरबा, छत्तीसगढ़ के स्मेल्टरों में प्रोसैस कर के एल्यूमिनियम तैयार किया जाता है। लांजिगढ़ प्लांट में इस वक्त 29 ऊर्जा दक्षता परियोजनाएं प्रगति पर हैं जो 2050 तक वेदांता के नैट् ज़ीरो उत्सर्जन हासिल करने के लक्ष्य में योगदान कर रही हैं।

# किस्सागोई साहित्य की अंतरंग विधा: संजीव ठाकुर

**रायपुर 30 अगस्त।** उपरोक्त बातें प्रतियोगिता के निर्णायक की हैसियत से वरिष्ठ कवि, साहित्यकार संजीव ठाकुर ने वेंकटेश साहित्य मंच द्वारा युवा कवियों सहित अन्य साहित्यिक प्रतिभागियों के मध्य स्वरचित किस्सा गोई कार्यक्रम के आयोजन में कही। लगभग 35 प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसके प्रमुख निर्णायक कवि,चिंतक,लेखक संजीव ठाकुर,भाषाविद डॉ,चितरंजन कर डॉ मानिक विश्वकर्मा एवं अभय सिंह रहे।



संजीव ठाकुर तो भी दो अपने महत्वपूर्ण अनुभव की बातें लघु कथात्मक तरीके से रखी। कार्यक्रम का वेंकटेश साहित्य मंच के कवि मुकेश गुप्ता द्वारा किया गया। राज्य में इस तरह का आयोजन संभवत प्रथम बार किया गया इस अनूठी पहल में 15 वर्ष से 80 वर्ष तक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस रोचक कार्यक्रम में युवा प्रतिभागियों ने बड़े ही रोचक तथा अपने-अपने अंदाज और तरीके से अपनी-अपनी बातें रखी, प्रथम,द्वितीय पुरस्कार प्राप्त बलजीत कौर और रुनाली चक्रवर्ती ने स्त्री संदर्भित बातों को सामने रखा,विनर अठत्तर वर्षीय बुजुर्ग बी आर ढोमने ने आपबीती सुनाते हुए अपनी बेटिकट रेलयात्रा के दौरान टीसी द्वारा पकड़े जाने व अनायास एक अपरिचित व्यक्ति की मदद को ईश्वरीय कृपा से जोड़ते हुए रोचक कहानी पढ़ी। संयोजक मुकेश गुप्ता ने बताया कि यह राज्य स्तरीय पहला ऐसा अनूठा आयोजन था जिसमें पैंतीस प्रतिभागी शामिल हुए। जिनकी आयु 15 वर्ष से लेकर 80 वर्ष तक की थी । लेखकों ने अपने-अपने अंदाज में अपनी-अपनी कहानियां अनुभव सुनाये।किसी की कहानी संदेश परक थी तो किसी में स्त्री जाति की व्यथा। किसी में चुटीला व्यंग्य था तो किसी में आपबीती। नवोदित रचनाकार नाज़ ने कृपण सेठ और नेक दिल अमन की कहानी के माध्यम से बताया कि पैसों का घमंड नहीं करना चाहिए क्योंकि आड़े वक्त में नेक दिल गरीब अमन ही उसके काम आया । कवि सुनील पांडे व साहित्यकार राजेन्द्र ओझा की कहानी में चुटीला व्यंग्य था। वहीं संजय देवांगन ने छत्तीसगढ़ी में अपनी कहानी पढ़ी।डॉ, मृणालिका ओझा ने जातक कथाएं सुनाई, अपूर्व तिवारी, विवेक भट्ट, सविता अडक, सुषमा पटेल, एच एल चंद्राकर, शिवशंकर गुप्ता, सिद्धार्थ श्रीवास्तव आदि ने भी अपनी कहानियों के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाया कार्यक्रम के अंत में शब्द सामर्थ्य स्पर्धा रखी गई और पचास प्रश्नों का पर्चा हल करने के लिए दिया गया । इसके विनर कविता वर्मा, सविता अडक व बलजीत कौर थे। धन्यवाद ज्ञापन कवि मुकेश गुप्ता द्वारा किया गया।

### मानव संसाधन नीति लागू करने कमेटी का गठन

**रायपुर, 30 अगस्त।** साय सरकार छत्तीसगढ़ में मोदी की एक और गारंटी पूरी करने जा रही. 18 वर्षों से प्रदेश के मनरेगा कर्मी अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं. मनरेगा कर्मचारियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी होने तक समाजिक एवं सेवा सुरक्षा की दृष्टि से मानव संसाधन नीति लागू करने गुरुवार 29 अगस्त को कमेटी का गठन किया गया. राजेश सिंह राणा सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अध्यक्षता में 8 सदस्यीय गठित समिति को 15 दिवस के भीतर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपनी होगी. आदेश जारी होते ही राज्य के 12 हजार से अधिक मनरेगा कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।

### सरेआम शराब पीते 9 गिरफ्तार

**रायपुर, 30 अगस्त ।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र में सरेआम शराब पीते 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने आकाश नगर में सरेआम शराब पीते आरोपी मदाभूसी श्रीनिवास 36 वर्ष व सुनी राव 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी खोमान सिंह भारद्वाज 34 वर्ष, मंदिरहसौद पुलिस ने आारोपी हृदय जोशी 25 वर्ष एवं विधानसभा पुलिस ने आरोपी सुरेन्द्र धीवर 30 वर्ष, श्रवण साहू 40 वर्ष, तशमुल 22 वर्ष, लल्लु मिश्रा 50 वर्ष व अमरजीत सिंह 47 वर्ष को गिरफ्तार किया है।


# जमीन खा गई या आसमान निगल गया

## विवाहिता को प्रताड़ना के आरोपी ससुरालियों का पता नहीं लगा पाई पुलिस

**रायपुर, 30 अगस्त।** 24 वर्ष की उम्र ही क्या होती है। पढ़ने-लिखने व बेफिक्री की इस उम्र में ससुराल वालों की प्रताड़ना ने समीक्षा को समय से पूर्व ही सयानी बना दिया है। उसका दुर्भाग्य देखीए रिपोर्ट दर्ज कराने के महीनों बाद भी दहेज दानवों का पुलिस पता नहीं लगा पाई और आरोपियों की फरारी में ही चालान पेश कर दिया गया है। समीक्षा का परिणय 16 अप्रैल सन् 2022 को ग्राम जेवरा थाना थानखम्हरिया (बेमेतरा) निवासी चंद्रकांत साहू से हुआ था। शादी के दो माह बाद ही पति, सास-ससुर व जेठ-जेठानी कम दहेज लाने की बात कहकर ताना मारना शुरू कर दिए थे। दुकान खोलने के लिए पांच लाख रू. मायके से लाने तंग करने लगे थे। और तो और घर उपयोग के लिए दिनचर्या के सामान दाल, चावल,आटा, तेल, साबुन, सब्जी के साथ ही सोने-चांदी के गहने लाने प्रताड़ित करने लगे थे। इतना ही नहीं, अश्लील गालियां, मारपीट और जान से मारने की धमकी तो रोज की बात हो गई थी। धीरे-धीरे उनका व्यवहार और क्रूर होने लगा था। भोजन-पानी तो बंद किया ही घिनौनी हरकत पर भी उतर आए थे। पांच अगस्त सन् 2023 को पुत्री के जन्म के बाद ससुराल वालों का रवैया और भी खराब हो गया था। पति ने तो गर्भपात कराने की भी कोशिश की थी। यातना का सिलसिला यहीं नहीं रूका था। पति चंद्राकांत समीक्षा को चोट पहुंचाने लगा था। अप्राकृतिक संबंध बनाने से रोकने पर जान से मार देने की धमकी देता था। मायके से दहेज लाने की बात कहकर मौसा ससुर ने समीक्षा को उसके माता-पिता के घर एक अप्रैल 2024 को छोड़ दिया था। समीक्षा ने इस पूरे मामले की रिपोर्ट महिला थाना में दर्ज कराई है। रिपोर्ट दर्ज कराने के महीनों बाद भी आरोपी पति चंद्रकांत, ससुर जीवराखन साहू, सास लक्ष्मी, जेठ कमलकांत व जेठानी गीतांजलि पुलिस गिरफ्त से बाहर है। खबर है कि पुलिस पर उच्चस्तरीय राजनीतिक दबाव है। मानवता तो यह कहती है कि इस बेटी को न्याय मिलना चाहिए। अभी पूरी जिंदगी उसके सामने है। आरोपियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए आखिर इस मासूम बेटी का दोष क्या है।

### शॉप से 22 नग मोबाइल पार

**रायपुर, 30 अगस्त।** बीनू पेट्रोल पंप के पास स्थित श्री गणेश मोबाइल शॉप का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 22 नग मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अंकुश देशमुख 36 वर्ष विमल इंक्लेव भनपुरी का रहने वाला है। प्रार्थी का बीनू पेट्रोल पंप के पास श्री गणेश मोबाइल शॉप चलाता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का ताला तोड़कर दुकान से 22 नग विभिन्न कंपनी का मोबाइल पार कर दिया।




# इंडियाज़ बेस्ट डांसर : छग के निखिल ने प्रदर्शन से जजों को चौंकाया

**रायपुर 30 अगस्त।** इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का होमग्रोन डांस रियलिटी शो, इंडियाज़ बेस्ट डांसर - सीज़न 4, 'अपने स्पेशल' में प्रतियोगियों के प्रियजनों को सेलिब्रेट करेगा। हर प्रतियोगी के सबसे नज़दीकी फैमिली मेंबर या दोस्त उनके परफ़ॉर्मेंस के दौरान उनका समर्थन करेंगे और कुछ मीठी यादें साझा करेंगे, जिस कारण से इस भावनाओं से सराबोर ?एपिसोड को ज़रूर देखा जाना चाहिए।



कोयला खदान में फंसे दो श्रमिकों की मुश्किलों और वहां से निकलने के उनके संघर्ष को दर्शाते हुए, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के निखिल पटनायक, अपने कोरियोग्राफ़र आशुतोष पवार के साथ, भावपूर्ण ट्रैक 'जो भेजी थी दुआ' पर अपने परफ़ॉर्मेंस से सभी का दिल जीत लेंगे। उनका एक्ट इतना प्रभावशाली था कि जज गीता कपूर ने पूरे क्रू को धन्यवाद दिया जिन्होंने इस शानदार परफ़ॉर्मेंस को संभव बनाने में इतनी मेहनत की थी।

करिश्मा कपूर ने स्पष्ट रूप से प्रभावित होकर कहा, ÷मैं सभी प्रतियोगियों को यह बताना चाहूंगी कि भले ही निखिल शो में सबसे कम उम्र का प्रतियोगी हो, लेकिन वह आप सभी के लिए खतरा बन रहा है। सप्ताह दर सप्ताह, निखिल बड़ी सटीकता से अपनी कला को समझते जा रहे हैं और मुझे लगता है कि यह लाजवाब है। आपका हर परफ़ॉर्मेंस सुंदर, विचारशील, भावनात्मक और अनूठा है। करिश्मा ने उन्हें अपना सिग्नेचर 'लोलो लव्स!' भी दिया। जज टेरेंस लुईस ने यह भी कहा, ÷इस एक्ट को परफ़ॉर्म करना बहुत बड़ा जोखिम था। किसी सीमित जगह पर परफ़ॉर्म करने की चुनौती को स्वीकारते हुए, कोयला खदान में फंसने के संघर्ष और अस्तित्व की लड़ाई को प्रदर्शित करना उल्लेखनीय था। इस एक्ट में असाधारण कहानी को दिखाया गया। जबकि हम इंडियाज़ बेस्ट डांसर के चौथे सीज़न में हैं, जिसमें वैचारिक कहानी के साथ डांस को समाहित किया गया है, मुझे आपको स्टैंडिंग ओवेशन देकर आपके परफ़ॉर्मेंस की सराहना करनी होगी। इस शो को सलाम जिसने हमें वह दिया, जो हमें चाहिए था। लेकिन इतना ही नहीं! जजों के साथ बातचीत के दौरान, निखिल ने अपने माता-पिता के बारे में बात की, और कहा कि वह चाहते हैं कि उनके माता-पिता इस सफर में उनका साथ दे। उन्होंने बताया कि वह हर परफ़ॉर्मेंस से पहले हमेशा अपनी मां को फ़ोन करते हैं, जिससे उन्हें आराम और प्रोत्साहन मिलता है। उन्हें नहीं पता था कि उनकी इच्छा पूरी हो जाएगी क्योंकि निखिल के माता-पिता ने शो में आकर उन्हें सरप्राइज़ दिया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26